आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 271 | उज्जैन, मंगलवार 13 अक्टूबर, 2026 | आश्विन शुक्ल 3 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

मंदी में नौकरियां क्यों घटती हैं समझाने पर इकोनॉमिक्स का नोबेल

स्टॉकहोम। 2026 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार अमेरिकी अर्थशास्त्रियों रॉबर्ट ई. हॉल और माइकल वुडफोर्ड को मिला है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को इसकी घोषणा की। दोनों को कुल 1.2 करोड़ स्वीडिश क्रोनर यानी 11.5 करोड़ रुपए की राशि बराबर बांटी जाएगी। दोनों को यह सम्मान ऐसे आर्थिक मॉडल विकसित करने के लिए दिया गया है, जिनसे मंदी और महंगाई जैसी समस्याओं से निपटने के लिए बेहतर नीतियां बनाने में मदद मिलती है। उनकी रिसर्च बताती है कि लोगों के खर्च और कंपनियों के फैसले अर्थव्यवस्था को कैसे प्रभावित करते हैं।

रिटेल महंगाई लगातार 11वें महीने बढ़ी

नई दिल्ली। सितंबर में रिटेल महंगाई बढ़कर 5.54% पर पहुंच गई है। अगस्त में यह 4.82% थी। आलू, प्याज, टमाटर जैसी सब्जियों और खाने-पीने की चीजों के दाम चढ़े हैं। मिडिल ईस्ट में तनाव की वजह से कच्चा तेल भी महंगा हुआ है। इन कारणों से महंगाई लगातार 11वें महीने बढ़ी है। महंगाई पर लगाम लगाने के लिए आरबीआई ने इसी महीने 2023 के बाद पहली बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। आरबीआई ने साफ कर दिया है कि मौजूदा हालात को देखते हुए आने वाले समय में ब्याज दरों में कटौती की कोई संभावना नहीं है।

नोएडा के 12 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप

नोएडा। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के करीब 12 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सोमवार, 12 अक्टूबर की सुबह सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल भेजे जाने की जानकारी सामने आते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड सक्रिय हो गए। स्कूल परिसरों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। शुरूआती जांच में किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की सूचना नहीं है, हालांकि सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच में जुटी हैं। जानकारी के अनुसार, धमकी की जद में नोएडा और ग्रेटर नोएडा के लगभग 12 स्कूल आए हैं।

आमिर खान की भांजी के साथ पुलिस ने की बर्बरता



वीडियो जारी कर दिखाए चोट के कई निशान
प्रोटेस्ट से इमरान खान के साथ डिटेन हुई थीं

मुंबई। आमिर खान की भांजी जैन मैरी 8 अक्टूबर को मुंबई में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रोटेस्ट का हिस्सा बनी थीं। उनके साथ कजिन एक्टर इमरान खान भी पहुंचे थे। प्रोटेस्ट का हिस्सा बनने पर उन्हें डिटेन किया गया था। अब जैन ने एक वीडियो जारी कर डिटेनशन के समय हुई बर्बरता से शरीर पर लगे चोट के निशान दिखाए हैं। जैन मैरी ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से वीडियो शेयर किया जिसमें उनकी बांह, उंगलियों और पैरों पर चोट के कई निशान दिख रहे हैं। चोट दिखाते हुए जैन ने कहा, हमें इतना मत डराइए कि पहले से कोई डर ही बाकी न रहे। जैन ने इंस्टाग्राम स्टोरी से भी एक वीडियो जारी कर दिखाया है कि उनकी जांघ में नील पड़ चुके हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा, कुछ मेरी कला और कुछ मुंबई पुलिस और राइट कंट्रोल ऑफिसर्स की। ये नकं की तरह दर्दनाक है।

नैनो न्यूज

- **दिल्ली-एनसीआर :** कई इलाकों में तेज बारिश, पाकिस्तान से आए मौसमी सिस्टम का असर, लखनऊ में बाढ़, राजस्थान में ओले गिरे।
- **पाकिस्तान :** फिजिक्स गोल्ड मेडलिस्ट युवती ने खुदकुशी की, हार्वर्ड में एडमिशन दिलाने के नाम पर 93 लाख की ठगी, जमीन बेचकर रुपए जुटाए थे।
- **महाराष्ट्र :** पीएससी पेपर लीक की जांच के लिए कमेटी बनी, तुकाराम मुंढे सेक्रेटरी नियुक्त, चेयरमैन छुट्टी पर गए, 10 दिन बाद अभ्यर्थियों का प्रदर्शन खत्म।
- **नई दिल्ली :** चीन सबसे ज्यादा सोना रखने वाला 5वां देश, उसके पास अब 2410 टन गोल्ड, भारत से 3 गुना ज्यादा, अमेरिका नंबर-1 पर।
- **पूर्वी अफ्रीका :** जिबूती से यमन जा रही नाव समुद्र में समाई, 15 बच्चों समेत 109 लोगों की मौत।
- **सऊदी अरब :** 10 साल में सबसे बड़ा हमला, हूती विद्रोहियों ने रियाद एयरपोर्ट पर मिसाइल दागी, भारतीय समेत 13 लोगों की मौत।

बारेला आदिवासियों के आशियाने एवं खेतों में खड़ी फसल उजाड़ने पर भड़के पूर्व मुख्यमंत्री चौहान

बुधनी-विदिशा क्षेत्र में मोहन सरकार को मिली 'मामा' की चुनौती

आधी रात धरने पर बैठे केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह, सरकार के काम को लेकर नाराजगी जताई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

कोसमी गांव में बच्चों एवं महिलाओं की सिसकी सुनकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मोहन सरकार के कारिंदों पर भडक गए। उन्होंने आदिवासियों के आशियाने एवं खेतों में खड़ी फसल उजाड़ने के मामले में आधी रात को ही मुख्य सचिव को फोन लगाया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष से बात की। यहां तक कि मामा अपनी लाड़ली बहनों, भांजे-भांजियों के साथ धरने पर बैठ गए।

रविवार-सोमवार दरमियानी रात प्रदेश के राजनैतिक गलियारों में हड़कंप मच गया। देश के केंद्रीय कृषि मंत्री और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान अपनी ही भाजपा सरकार व जिला प्रशासन के खिलाफ आधी रात को धरने पर जा बैठे। उनके बुधनी विधानसभा क्षेत्र के कोसमी गांव में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जेसीबी से यहां वर्षों से रह रहे गरीब आदिवासी परिवारों के आशियाने उजाड़ दिए, खेतों में खड़ी फसल नष्ट कर दी। इसके बाद यह गुस्सा फूटा है।

मेरे क्षेत्र में अन्याय की पराकाष्ठा- घटना की सूचना मिलते ही शिवराजसिंह चौहान तुरंत पीड़ित परिवारों के बीच कोसमी गांव पहुंचे। चहेते मामा जी के सामने असहाय आदिवासियों की सिसकी फूट पड़ी। वहां रोते-बिलखते बच्चों और महिलाओं की सिसकियां सुनकर पूर्व मुख्यमंत्री का गुस्सा फूट पड़ा। आदिवासियों ने अधिकारियों की मनमानी वन विकास निगम और स्थानीय प्रशासन की ज्यादती को बताया तो उनका गुस्सा सांतवे आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने अधिकारियों की इस कार्रवाई को अमानवीय बताते हुए कहा 'यह मेरे क्षेत्र में अन्याय की पराकाष्ठा है। मैंने पहले ही जिला प्रशासन और वन विभाग को घर न गिराने की सख्त हिदायत दी थी, इसके बावजूद यह दमनकारी कदम उठाया गया।





हद कर दी कुएं को भी पाट दिया

प्रभावित आदिवासियों ने केंद्रीय मंत्री को आपबीती सुनाते हुए आरोप लगाया कि अमले ने न केवल उनके मकानों पर बुलडोजर चलाया, बल्कि उनकी मक्का और तुवर (अरहर) की खड़ी फसलों को भी पूरी तरह नष्ट कर दिया। हद तो तब हो गई, जब पीने और सिंचाई के पानी के एकमात्र साधन (कुएं) को भी मिट्टी से पाट दिया गया।

मुख्य सचिव को फोन मुख्यमंत्री से करेंगे बात

हालात को देखते हुए शिवराज ने तत्काल घटनास्थल से ही मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को फोन लगाकर नाराजगी जाहिर करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मौके पर किसी वरिष्ठ अधिकारी के मौजूद न होने पर भी तीखा विरोध जताया। उन्होंने साफ कहा कि इस पूरे अमानवीय कृत्य को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सीधे चर्चा करेंगे। उन्होंने अफसरों की इस कार्रवाई को सीएम डॉ. मोहन यादव की बदनामी से भी जोड़ा।

आदिवासियों को नहीं मामा को उजाड़ने का काम

आदिवासियों के 'मसीहा' की छवि पर संकट शिवराज सिंह की राजनीति हमेशा 'लाड़ली बहनों, भानजे-भानजियों और खासकर गरीब-आदिवासियों के इर्द-गिर्द केंद्रित रही है। बुधनी और विदिशा क्षेत्र उनका यो अभेद्य किला है, जहां की जनता उन्हें सिर्फ एक नेता नहीं, बल्कि परिवार का सदस्य मानती है। अगर शिवराज अपने ही गृहक्षेत्र में आदिवासियों के आशियाने उजड़ने पर चुप रह जाते, तो उनकी 'जननायक' और 'मामा' वाली छवि को अपूरणीय क्षति पहुंचती।

नेता प्रतिपक्ष ने 'मोहन-मामा की आपसी खींचतान' बताया

पूरे मामले को लेकर कांग्रेस के प्रतिपक्ष नेता उमंग सिंघार ने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा कि मोहन-मामा की आपसी खींचतान में उजड़ रहे आदिवासी परिवार! केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह क्षेत्र सीहोर के ग्राम कोसमी में बरेला आदिवासी समुदाय के परिवारों की फसलें नष्ट की जा रही हैं और उनके मकान तोड़े जा रहे हैं। भाजपा सरकार की आपसी खींचतान के कारण गरीब आदिवासी परिवारों के सामने बेघर होने का संकट खड़ा हो गया है। आखिर आदिवासियों का कसूर क्या है? सत्ता की आपसी खींचतान की सजा गरीब आदिवासी परिवार क्यों भुगते? मुख्यमंत्री जी, आदिवासियों के खेत और घर उजाड़ने वाली इस कार्रवाई पर जवाब दीजिए। प्रभावित परिवारों को न्याय और सुरक्षा कब मिलेगी?

मामा ने आश्वासन का ढांढस बंधाया

देर रात तक जमीन पर बैठकर आदिवासियों को ढांढस बंधाते हुए केंद्रीय मंत्री ने सभी पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया कि उन्हें तत्काल राहत राशि दिलाई जाएगी, नष्ट हुई फसलों का मुआवजा मिलेगा और सभी बेघर हुए परिवारों के लिए नए पक्के मकान बनवाए जाएंगे। मामा के इस रूप से प्रशासनिक हल्के में खलबली मच गई है।

लाड़ली बहनों को 3 हजार रुपये देने के वादे पर जीतू पटवारी का भाजपा पर हमला

शिवराज ने किया था वादा, मोहन सरकार दे रही हर महीने 1500 रुपये

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में लाड़ली बहना योजना के तहत दी जाने वाली आर्थिक सहायता को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को संबोधित करते हुए कहा कि यदि लाड़ली बहनें नाराज हो गईं तो इसके राजनीतिक परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में महिलाओं को हर महीने 3 हजार रुपये देने के वादे का मुद्दा उठाते हुए वर्तमान सरकार से सवाल किए।

जीतू पटवारी ने अपने बयान में कहा कि शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहनों को हर महीने 3 हजार रुपये देने का वादा किया था, लेकिन वर्तमान में महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह मिल रहे हैं। पटवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने महिलाओं से बड़े वादे किए, लेकिन उन्हें अपेक्षित आर्थिक सहायता नहीं मिली। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव पर तंज कसते हुए कहा कि शिवराज सिंह चौहान वादा करके आगे बढ़ गए, जबकि वर्तमान मुख्यमंत्री के कार्यकाल में भी महिलाओं को 3 हजार रुपये प्रतिमाह देने की मांग पूरी नहीं हुई है। पटवारी ने इसे भाजपा की बयानबाजी और वादों की राजनीति करार दिया।



पहले हक का पैसा लो, फिर सबक सिखाओ

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने लाड़ली बहनों से अपील करते हुए कहा कि उन्हें सरकार के बयानों और वादों को समझना चाहिए तथा अपने अधिकारों को लेकर सवाल पूछने चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक सहायता बढ़ाने की मांग उठानी चाहिए और राजनीतिक दलों को उनके वादों के आधार पर जवाबदेह बनाना चाहिए। पटवारी ने अपने बयान में भाजपा पर आरोप लगाया कि वह महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के मुद्दे पर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री को चेतावनी देते हुए कहा कि लाड़ली बहनों की नाराजगी सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है।

योजना की राशि और वादे पर सियासी बहस

लाड़ली बहना योजना मध्यप्रदेश की प्रमुख महिला-केंद्रित योजनाओं में शामिल है। इसके तहत मिलने वाली मासिक सहायता की राशि और इसे बढ़ाकर 3 हजार रुपये करने के वादे को लेकर राजनीतिक बहस जारी है। कांग्रेस इस मुद्दे पर सरकार को घेर रही है, जबकि योजना की वर्तमान राशि, उसे बढ़ाने संबंधी आधिकारिक घोषणाओं और लागू होने की समयसीमा के आधार पर सरकार का पक्ष भी महत्वपूर्ण है।

सीजेआई की टिप्पणी से मिला आइडिया

सीजेपी के बाद अब मक्खी जनता पार्टी की हुई एंट्री, बना डिजिटल मंच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

देश में इंटरनेट आधारित राजनीतिक व्यंग्य का दौर एक नए मोड़ पर पहुंच गया है। वायरल कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के बाद अब सोशल मीडिया पर मक्खी जनता पार्टी (एमजेपी) नाम से एक नया डिजिटल मंच सामने आया है, जो इंटरनेट पर तेजी से सुर्खियां बटोर रहा है। मक्खी के इमोजी वाले इस नए प्लेटफॉर्म ने लोकतंत्र, उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) और आर्थिक विकास को अपने मुख्य एजेंडे के तौर पर पेश किया है।

मक्खी जनता पार्टी ने इंस्टाग्राम पर अपना आधिकारिक अकाउंट शुरू करते हुए खुद को युवाओं का, युवाओं द्वारा और युवाओं के लिए संचालित एक राजनीतिक मोर्चा बताया है। प्लेटफॉर्म का कहना है कि उसका मुख्य उद्देश्य लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाना, नागरिकों के आत्मसम्मान की रक्षा करना और उनके मौलिक अधिकारों की पैरवी करना है। इंटरनेट पर वायरल हो रहे इस व्यंग्यात्मक अभियान को सोशल मीडिया यूजर्स की ओर से अलग-अलग प्रतिक्रिया मिल रही हैं।

प्रदर्शन की इजाजत नहीं मिली तो फिर आंदोलन करेंगे : सीजेपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी ने दिल्ली पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उसने कहा कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की तारीख नहीं मिली तो फिर आंदोलन करेंगे। सीजेपी के सह-संयोजक आशुतोष रांका और सौरव दास सोमवार को प्रदर्शन की अनुमति मांगने पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन पहुंचे थे।

इसी बीच, सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने हिरासत का वीडियो एडिट करके जारी किया है। उन्होंने कहा- हिम्मत है तो पूरा वीडियो दिखाओ। दीपके के मुताबिक, दादी की मौत की खबर सुनने के बाद उन्होंने अपने चचेरे भाई से बात करने देने की अपील की। दो मिनट के लिए फोन देने के लिए भी कहा लेकिन पुलिस ने इजाजत नहीं दी।

दीपके, रांका और दास को शनिवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर हिरासत में लिया गया था। वे जंतर-मंतर पर मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने जा रहे थे। रविवार को कार्यकारी मजिस्ट्रेट के सामने पेशी के बाद तीनों को रिहा कर दिया गया। कोर्ट ने एक साल तक शांति भंग नहीं करने की शर्त भी रखी।

सरकारी अस्पताल में मरीज की मां लगा रही पोंछा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ दमोह

सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर उपचार, साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे किए जाते हैं, लेकिन दमोह के एक सरकारी अस्पताल का बताया जा रहा दृश्य इन दावों पर सवाल खड़े कर रहा है। सामने आए दृश्य में एक महिला अस्पताल में पोंछा लगाती नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि महिला वहां भर्ती मरीज की मां है। यदि यह जानकारी सही है, तो यह केवल अस्पताल की सफाई व्यवस्था का मामला नहीं, बल्कि उस परिवार की बेबसी का भी सवाल है, जो अपने मरीज के उपचार के साथ अस्पताल की जिम्मेदारियां भी निभाने को मजबूर दिखाई दे रहा है।





पंजाब में एक गुरुद्वारे के बाहर जूते पालिश करता श्रद्धालु बालक।

ज्ञानेश कुमार के मैसेज आते हैं, वह अपराधी नहीं, उनसे गड़बड़ी कराई जा रही : राहुल गांधी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उनसे बात करने की कई बार कोशिश की है। दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल के जवाब में राहुल बोले- हां उनके मैसेज आते हैं। ज्ञानेश कुमार यह प्रेस कॉन्फ्रेंस देख रहे हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं आप अपराधी नहीं है, आपसे बस करवाया गया है। सबसे आसान रास्ता है कि इस्तीफा दो और रास्ते से हट जाओ।

राहुल ने सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकालने से पहले 30 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसी में एक पत्रकार ने उनसे सवाल किया कि लोग चुनाव आयोग की बात करते हैं, आप सीधा ज्ञानेश कुमार पर आरोप लगाते हैं। क्या कभी उन्होंने आप से बात करने की कोशिश की। दिल्ली को जेल बना दिया गया है। ये पुलिस वाले डिस्टर्ब हैं। ये कह रहे हैं कि हमसे युवाओं को क्यों पिटवाया जा रहा है। वे कह रहे हैं कि युवाओं को रोकने को कहा जा रहा है। आरएसएस के गुंडे महिलाओं को मार रहे हैं। एक तरफ हमसे कहा जा रहा है कि पैलेट गन चलाइए।

क्रेशर प्लांट विवाद में 80 लोगों पर हमले का आरोप

बीजेपी के पूर्व विधायक की पीट-पीटकर हत्या

एजेंसी ▸▸ भरतपुर

राजस्थान के भरतपुर जिले में क्रेशर प्लांट को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद रविवार शाम खूनी संघर्ष में बदल गया। बयाना के पूर्व विधायक और बीजेपी नेता अतर सिंह भड़ाना की गंभीर रूप से घायल होने के बाद मौत हो गई। आरोप है कि वैर थाना क्षेत्र के भौंड़ा गांव में स्थित उनके क्रेशर प्लांट पर 70 से 80 लोगों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में भड़ाना के साथ उनके सहयोगी गगन शर्मा भी गंभीर रूप से घायल हो गए। भड़ाना ने जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में रात करीब 11.30 बजे अंतिम सांस ली। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।



कहासुनी के बाद मारपीट

जानकारी के मुताबिक, रविवार शाम करीब 6.30 बजे अतर सिंह भड़ाना भौंड़ा गांव स्थित अपने क्रेशर प्लांट पर मौजूद थे। बताया जा रहा है कि पिछले करीब एक साल से बंद पड़े क्रेशर को दोबारा चालू कराने के प्रयास किए जा रहे थे। इसी दौरान क्रेशर प्लांट को लेकर चल रहा पुराना विवाद फिर भड़क उठा और ग्रामीणों तथा भड़ाना पक्ष के बीच कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

साधना के पर्व में समस्याओं के पेंच

तीज, त्यौहार का आना और मनाना हमारे यहां परंपरा है और उसके तहत जीवन का रस भी है। इन्हें मनाने के लिए आम आदमी परिस्थितियों के अनुसार समन्वय बैठाकर निर्णय लेता है और उसी के अनुसार वह त्यौहार का उत्साह बनाए रखता है। यानिकी समग्र रूप से जितनी चादर उतने ही पैर पसारे जाते हैं। समस्याओं के दौर में आमजन उसे समेटकर मनाता है। उत्साह एवं संपन्नता के दौर में खुलकर सामने आता है। शहर में चौतरफा महाआयोजन की तैयारी के दौर में सामान्य है कि आम जन को आवागमन के लिए परेशान होना पड़ रहा है। सड़कों की स्थिति गली कूचों में भी सहज नहीं है। इसके बाद भी साधना के पर्व में आयोजकों ने आम जन के लिए समस्याओं के पेंच बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। साधना के पर्व में किसी जीव को अगर परेशानी हो या समस्या बाधा पैदा कि जाए तो वह भी अधर्म की परेशानी से परे नहीं कही जा सकती है। आयोजकों ने परेशानी को दरकिनार कर सड़कों को कब्जाया है। आवागमन में सीधे सीधे ही बाधा की स्थिति कई जगह देखी जा रही है। धर्मनगरी के पुराने शहर में मुख्य मार्ग निर्माण के दायरे में हैं तो गलियों में आयोजकों के मंच लग गए हैं। यहां तक कि रास्ते बंद तक की स्थितियां भी कायम कर दी गई है। कहीं छोटी सी गली में एक गलियारा छोड़कर आयोजन किया जा रहा है जो शाम से पूरी तरह ही बंद कर दिया जाएगा। ये उस दौर में हो रहा है जबकि सभी धर्मनगरी वासी इस बात से वाकिफ हैं कि महाआयोजन के लिए किए जा रहे कार्य समय पर पूर्ण होना हैं और निर्माण कार्य पूर्ण गति पर हैं। इसके बाद भी साधना के पर्व पर समस्याओं की बाधा को पैदा किया गया है। सड़कों पर होने वाले आयोजन प्रतिकात्मक भी किए जाकर आमजन एवं निर्माण में लगे प्रशासन को सहयोग किया जा सकता था। खुसूर-फुसूर है कि एक समय था जब सोच का दायरा ये था कि हमारी वजह से दूसरे को परेशानी नहीं होना चाहिए। अब सोच का दायरा उलट हो गया है। अब जब तक समस्या या परेशानी की स्थिति कायम न हो आयोजनों के बड़े होने का दायरा ही तय नहीं होता है। नियमों को ताक में रखकर धर्मनगरी की परिस्थिति को देखते हुए आयोजन की यह संस्कृति ही सवालिया निशान खड़े कर रही है।

नैनो न्यूज

- **शलाका बैडमिंटन** संघ में 5वें वुडन कोर्ट का भूमिपूजन, महापौर निधि से मिले 30 लाख, उज्जैन में खेल सुविधाओं का विस्तार, अब एक ही छत के नीचे 5 कोर्ट
- **कबीर पंथ महासंघ** की छत्तीसगढ़ इकाई गठित महंत मुकेश बैरागी बने कार्यकारी अध्यक्ष, रायपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि साहेब की मौजूदगी में हुआ पदाधिकारियों का चयन
- **खण्डेलवाल समाज** के गरबा उत्सव में 60 कन्याओं का हुआ पग पूजन, 72 गोत्र की कुलदेवियों की हुई आराधना, पारंपरिक गीतों पर झूमे समाजजन
- **दर्शन धाम** में 14 साल बाद निकली भगवान की भव्य शोभायात्रा, दशलक्षण महापर्व के बाद हुआ कलशाभिषेक और शांतिधारा रजत वेदी पर विराजमान हुए भगवान
- **अग्रसेन जयंती** पर निकला चल समारोह, मुख्य समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बांटे गए पुरस्कार युवाओं को दिया नशे से दूर रहने का संदेश
- **पुराने, अनुभवी** ग्राम सामाजिक एनिमेटरों को प्राथमिकता देने एवं नियमित काम उपलब्ध कराने की मांग
- **विश्व कल्याण** एवं सिंहस्थ-2028 की सफलता के लिए नौ दिनों तक होंगे विशेष पूजन, हवन और यज्ञ
- **शरदपूर्णिमा** पर 25 को दमा रोगियों का इंदिरा नगर में मेला, औषधियुक्त खीर एवं कर्णवेधन चिकित्सा द्वारा होगा निःशुल्क उपचार
- **अग्रसेन जयंती** महोत्सव में हुआ मारवाड़ी फैशन शो, विवाहित महिलाओं के बीच हुआ मुकाबला, पूजा मोदी को बेस्ट ड्रेसअप का खिताब
- **लायंस क्लब** की पहली एडवाइजरी मीटिंग में सेवा कार्यों और सदस्यता वृद्धि पर जोर, मजबूत क्लब निर्माण के लिए नए सदस्यों को रुचि के अनुसार सौंपे दायित्व

ट्रेंडिंग



प्रशासन की रोक को बस संचालकों ने दी मौन स्वीकृति, एक भी विरोध सामने नहीं आया

देवास गेट स्टैंड पर बसों की रोक को संचालकों ने माना, एक भी बस नहीं आई

आरटीओ ने कहा, सभी संचालकों का सहयोग मिला, घंटों इंतजार के बावजूद कोई बस नहीं पहुंची

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवासगेट बस स्टैंड को बंद करने के लिए प्रशासन ने 9अक्टूबर को सार्वजनिक घोषणा करते हुए 12 अक्टूबर से इसे बंद किये जाने के निर्णय से अवगत करवाया गया था। सोमवार को पहले दिन प्रशासन ने पूरे दिन इंतजार किया लेकिन देवासगेट बस स्टैंड पर एक भी बस नहीं पहुंची। प्रशासन को बगैर किसी विरोध के ही बस स्टैंड खाली हो गया है। आरटीओ संतोष मालवीय के अनुसार देवासगेट, नानाखेडा, कानीपुरा रोड, मंडी चौराहा क्षेत्र में उन्होंने एहतियात के चलते दल के साथ घंटों गश्त की सभी बस संचालकों ने सहयोग किया है। पहले दिन एक भी बस देवासगेट नहीं पहुंची है।

प्रशासनिक सूचना के अनुसार सिंहस्थ-2028 की तैयारियों और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से देवास गेट बस स्टैंड को बंद किया जाकर देवास गेट बस स्टैंड को नई जगह स्थानांतरित करने की व्यवस्था की गई है। 12 अक्टूबर से देवासगेट बस स्टैंड पर बसें ले जाने पर पूर्ण रूप रोक लगाते हुए सभी बसों का संचालन नानाखेड़ा बस स्टैंड से किए जाने का आदेश क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार एवम संभागायुक्त उज्जैन संभाग उज्जैन मध्यप्रदेश के द्वारा शासन के अन्य स्थानीय विभागो के प्रतिनिधियों एवम बस संचालकों की बैठक से प्राप्त परामर्श के पश्चात जारी किया गया था।



कड़ी कार्रवाई की चेतावनी थी

12 अक्टूबर को देवास गेट आने वाली बसों एवं संचालन कर्ताओं को सीधे तौर पर कहा गया था कि नियमों का उल्लंघन करने वाले बस संचालकों के खिलाफ न्यायालयीन कार्रवाई, परमिट निरस्तीकरण, आरसी कैंसिल और चालानी कार्रवाई सहित अन्य वैधानिक कदम उठाए जाएंगे।

नानाखेड़ा से होगा संचालन

बस स्टैंड के संचालन के लिए पूर्व से संचालित नानाखेड़ा बस स्टैंड स्थित 1.689 हेक्टेयर भूमि का चयन किया गया है। नानाखेड़ा बस स्टैंड पर बसों की पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराने के साथ यात्रियों के लिए पेयजल, शौचालय और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाएं नगर पालिका निगम उज्जैन के माध्यम से विकसित की जाएंगी। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत बस स्टैंड के संचालन एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी नगर निगम को सौंपने का प्रावधान भी किया गया है। देवासगेट से संचालित लोकसेवा बसों भी नानाखेड़ा से ही संचालित की जाएगी।

सिंहस्थ कार्यों के लिए महत्वपूर्ण कदम

सिंहस्थ-2028 के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और यात्रियों के उज्जैन पहुंचने की संभावना को देखते हुए तथा शहर अंतर्गत हो रहे वृहद सड़क चौड़ीकरण, एलिवेटेड ब्रिज का निर्माण तथा अन्य निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्यों के प्रगतिरत होने के कारण बसों के संचालन को सुव्यवस्थित करना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बस संचालकों का सहयोग मिला-आरटीओ

आरटीओ मालवीय के अनुसार सभी बस संचालकों का सहयोग हमें मिला है। इसके चलते पहले दिन एक भी बस देवासगेट बस स्टैंड पर नहीं आई है। बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधा के लिए हमने उद्घोषणा भी करवाई। आने वाले समय में आगर रोड मकोडिया आम के पास की खाली जमीन से मक्सी, तराना का बस स्टैंड, इंदौर रोड का नानाखेड़ा और बड़नगर रोड के लिए मुल्लापुरा से बस स्टैंड संचालन की योजना है। सभी बसें बायपास से ही निकाली जाएंगी। स्लीपर कोच बसों के लिए इंजीनियरिंग कालेज के सामने खाली ग्राउंड से संचालन किया जाएगा। वर्तमान में नानाखेड़ा में ही पीछे के स्थान से ये संचालित होगा।

सोमवार को निकली उमा माता की सवारी

घुड़सवार, पुलिस बल और महाकाल मंदिर समिति का बैंड हुआ शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सोमवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर से माता उमा की सवारी निकली। शाम 4 बजे मंदिर के सभामंडप में विधि-विधान से पूजन के बाद पालकी रवाना हुई।

सवारी शिप्रा तट से होकर वापस महाकाल पहुंचेगी। रामघाट पर जवारे और संजा का विसर्जन कर पूजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारियों और पुरोहितों ने सबसे पहले मां उमा की चांदी की प्रतिमा का पूजन-अर्चन किया। इसके बाद प्रतिमा को रजत पालकी में विराजमान किया गया। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल ने माता को सलामी दी।



सवारी में डोल रथ पर पीतल की प्रतिमा में गरुड़ पर विराजमान माताजी और भगवान महेश भी शामिल थे। घुड़सवार, पुलिस बल और महाकाल मंदिर समिति का बैंड सवारी की अगुवाई कर रहे थे। सवारी महाकाल चौराहा, महाकाल घाटी और तोपखाना होते हुए आगे बढ़ी। इसके बाद दौलतगंज चौराहा, नई सड़क, कंठाल, सराफा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर और पटनी बाजार से होते हुए शिप्रा तट पहुंची।

6 से 12 अक्टूबर तक मनाया उमा-सांझी महोत्सव

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से श्राद्ध पक्ष में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला उमा-सांझी महोत्सव 6 से 12 अक्टूबर तक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सात दिवसीय महोत्सव में मंदिर के पुजारियों और पुरोहितों ने विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान किए। इस दौरान प्राचीन सांझी की शिला पर प्रतिदिन आकर्षक रंगोली सजाई गई।

भस्म आरती में शामिल हुए क्रिकेटर कुलदीप यादव और तिलक वर्मा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भारत और वेस्टइंडीज के बीच इंदौर में हुए मुकाबले में शानदार जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम के स्टार क्रिकेटर तिलक वर्मा और कुलदीप यादव सोमवार सुबह उज्जैन के प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर पहुंचे। दोनों खिलाड़ियों ने अलौकिक प्रातःकालीन भस्म आरती में शामिल होकर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया और देश की सुख-समृद्धि की कामना की।

सोमवार तड़के करीब 4 बजे मंदिर पहुंचे दोनों खिलाड़ियों ने नंदी हॉल में बैठकर लगभग दो घंटे तक भस्म आरती के दर्शन किए। इस दौरान दोनों पूरी तरह भक्ति में लीन



नजर आए। उन्होंने हाथ जोड़कर भगवान महाकाल का नमन किया और महाकाल का जाप किया। आरती के बाद देहरी से आशीर्वाद लेकर पुजारियों के माध्यम से जल अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना भी की। बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचे इन स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी मंदिर परिसर में मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। दोनों को अपने बीच पाकर प्रशंसकों में भारी उत्साह देखा गया और उनके साथ सेल्फी लेने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई।

बुध के नक्षत्र में मंगल का गोचर

कुछ राशियों की बदलेगी किस्मत और होगा धन लाभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ज्योतिष में मंगल को ग्रहों का सेनापति, साहस, आत्मविश्वास और पराक्रम आदि का कारक ग्रह माना जाता है। मंगल जब-जब अपनी राशि बदलते हैं तो इसका प्रभाव सभी राशियों के जातकों के ऊपर देखने को मिलता है। मंगल इस समय चंद्रमा के स्वामित्व वाली राशि में मंगल में बैठे हैं और शनि के पुष्य नक्षत्र में विराजमान हैं। कुछ दिनों बाद मंगल की चाल में बदलाव होने वाला है। 17 अक्टूबर 2026 को दोपहर 12 बजकर 56 मिनट पर मंगल का गोचर अश्लेषा नक्षत्र में होने जा रहा है। इस नक्षत्र के स्वामी ग्रह बुधदेव होते हैं।

वृषभ राशि पर मंगल के नक्षत्र परिवर्तन का गोचर - वृषभ राशि वालों के लिए मंगल का नक्षत्र परिवर्तन बुध के अश्लेशा नक्षत्र में होने आने वाले दिनों में काफी अहम बदलाव देखने को मिलेंगे। इस दौरान कोई अच्छी खबरें सुनने को मिल सकती है। करियर-कारोबार में लाभ के भरपूर मौके मिलेंगे। लेन-देन के मामलों में आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आर्थिक स्थिति में बदलाव के सुनहरे अवसर आपको प्राप्ति होंगे।

कन्या राशि पर प्रभाव- कन्या राशि वालों के लिए मंगल का गोचर बुध के अश्लेषा नक्षत्र में गोचर बहुत ही शुभ और लाभकारी रहेगा। धन प्राप्ति के अवसरों में वृद्धि होगी। आय में अच्छा खासा इजाफा होगा। नौकरी में प्रमोशन के योग बनेंगे और आपकी आर्थिक स्थिति पहले के मुकाबले बेहतर रहेगी।

तुला राशि पर प्रभाव- तुला राशि के जातकों के लिए मंगल का नक्षत्र परिवर्तन बहुत ही शुभ और सकारात्मक रहेगा। आर्थिक स्थिति में बेहतर सुधार देखने को मिलेगा। आय में अच्छा खासा इजाफा होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बनेंगे। मेल-मिलाप का सिलसिला रहेगा। आय में अच्छी-खासी बढ़ोतरी होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी।

मकर राशि पर प्रभाव- मंगल का नक्षत्र परिवर्तन बुध के अश्लेशा में गोचर मकर राशि वालों के लिए बहुत ही शुभ और लाभकारी रहेगा। आय में अच्छा खास इजाफा होगा। नौकरीपेशा जातकों के नई नौकरी के लिए बेहतर अवसरों की प्राप्ति होगी। अचानक से धन प्राप्ति के अवसरों में वृद्धि होगी और लेन-देन के मामलों में आपका पक्ष मजबूत रहेगा। सेहत अच्छी रहेगी।

कालिदास अकादमी में जिला स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न

170 महिला-पुरुष खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

यावर अली, युवराज पंचोली, नवीन राठौर और दक्ष सिंह कुशवाहा बने चैंपियन ऑफ चैंपियंस 2026

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश पंजा कुश्ती संघ, भोपाल के मार्गदर्शन में उज्जैन जिला पंजा कुश्ती संघ द्वारा 10 अक्टूबर को कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में जिला स्तरीय महिला-पुरुष पंजा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्व. चुत्री पहलवान यादव एवं स्व. कमल पहलवान यादव की स्मृति में आयोजित प्रतियोगिता में जिलेभर के लगभग 170 महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी ताकत, तकनीक और कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में विभिन्न आयु एवं भार वर्गों के खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए जीत के लिए जोर लगाया। प्रतियोगिता में यावर अली, युवराज पंचोली, नवीन राठौर और दक्ष सिंह कुशवाहा ने अपने-अपने वर्गों में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर चैंपियन ऑफ चैंपियंस 2026 का खिताब हासिल किया। विजेता खिलाड़ियों को आकर्षक ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण पत्र तथा कुल 25 हजार रुपये की नकद राशि से सम्मानित किया गया।



समापन समारोह में विजेताओं का सम्मान

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शैलेंद्र व्यास एवं प्रेम सिंह यादव उपस्थित रहे। इनके साथ रियल एस्टेट व्यवसाय से जुड़े आकाश लश्करी, दिनेश, भूरू गौड़, प्रकाश यादव, मंडल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी, जनपद पंचायत उज्जैन के अध्यक्ष दीपक, जनपद पंचायत के सीईओ संदीप यादव तथा पूर्व पार्षद जगदीश पांचाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र सिंह कुशवाह ने किया तथा आभार प्रदर्शन देवेंद्र सिंह कुशवाह ने माना। आयोजकों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

बजरंगबली के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ शुभारंभ- प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों ने बजरंगबली के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उद्घाटन समारोह में कृष्णा यादव, बलराम यादव, शरद नागर, जय सिंह यादव, आलोट विधायक चिंतामणि मालवीय, पूर्व सभापति सोनू गहलोत, पूर्व पार्षद सुनील बोरासी, भानु भदौरिया तथा संस्था के उपाध्यक्ष संदीप सिंह कुशवाहा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर रहेगा फोकस, कॉलेजों और कोचिंग सेंटरों में बनेंगे मनोबल केंद्र

स्पंदन-2026 के तहत विद्यार्थियों की निगरानी से लेकर काउंसलिंग तक की व्यवस्था

कलेक्टर की निगरानी में काम करेगी जिला स्तरीय समिति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शैक्षणिक संस्थाओं में छात्र-छात्राओं की बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं को रोकने और विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए अब पूरे प्रदेश के साथ उज्जैन जिले में भी विशेष प्रयास किए जाएंगे। राज्य सरकार की ओर से लागू की गई स्पंदन-2026 योजना के तहत कॉलेजों और कोचिंग सेंटरों में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए प्रदेश स्तर पर स्टेट टास्क फोर्स (एसटीएफ) गठित की जाएगी, जबकि जिला स्तर पर कलेक्टर की निगरानी में मॉनीटरिंग कमेटी काम करेगी। योजना में कॉलेज प्रबंधन, प्रोफेसर और काउंसलर्स की भूमिका



जिला स्तर पर होगी मॉनीटरिंग

स्पंदन-2026 के तहत राज्य से लेकर कॉलेज स्तर तक जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। प्रदेश स्तर पर एसटीएफ योजना के क्रियान्वयन की निगरानी करेगी, जबकि जिले में कलेक्टर की निगरानी में गठित समिति व्यवस्थाओं की समीक्षा करेगी। उज्जैन जिले के कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों में योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना भी इस व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। योजना की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि मनोबल केंद्र केवल औपचारिक व्यवस्था बनकर न रह जाएं, बल्कि विद्यार्थी वास्तव में वहां पहुंचकर अपनी समस्याएं साझा कर सकें। शिक्षकों, कॉलेज प्रबंधन और काउंसलर्स के समन्वित प्रयासों से विद्यार्थियों को तनावमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को गंभीरता से लेने में मदद मिल सकती है।

महत्वपूर्ण होगी। विद्यार्थियों में तनाव, अवसाद और व्यवहार में होने वाले बदलावों को समय रहते पहचानकर उन्हें उचित परामर्श देने की व्यवस्था की जाएगी।

दरअसल, शैक्षणिक संस्थाओं में विद्यार्थियों की आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई थी। न्यायालय ने 25 जुलाई 2025 को दिए गए फैसले में एक समान मानसिक स्वास्थ्य नीति तैयार करने के निर्देश दिए थे। इसी दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने स्पंदन-2026 लागू की है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के साथ ही उनकी मानसिक परेशानियों को समझना और समय पर सहायता पहुंचाना है।

उद्देश्य यह है कि मानसिक तनाव से गुजर रहे विद्यार्थियों को समय रहते सहायता मिले और वे किसी भी तरह का गलत कदम उठाने से बच सकें। विद्यार्थियों के व्यवहार में बदलाव पर रहेगी नजर योजना में कॉलेज प्रबंधन और शिक्षकों को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रोफेसर विद्यार्थियों के व्यवहार, उपस्थिति और पढ़ाई में रुचि जैसे पहलुओं पर ध्यान देंगे। किसी विद्यार्थी में अचानक बदलाव दिखाई देने, लगातार अकेले रहने, पढ़ाई से दूरी बनाने या अत्यधिक तनाव के संकेत मिलने पर उससे संवाद किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर मनोबल केंद्र के माध्यम से काउंसलिंग की व्यवस्था की जाएगी।

कॉलेजों में स्थापित होंगे मनोबल केंद्र

योजना के तहत प्रत्येक कॉलेज और कोचिंग सेंटर में हेल्थ एंड वेलनेस सेल स्थापित किए जाएंगे। इन्हें मनोबल केंद्र नाम दिया गया है। इन केंद्रों के माध्यम से विद्यार्थियों की समस्याओं की पहचान, काउंसलिंग और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम किया जाएगा। कॉलेज के एक प्रोफेसर को केंद्र का प्रभारी बनाया जाएगा। इसके लिए अलग कमरा अथवा हॉल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि विद्यार्थी अपनी परेशानियों को सहजता और गोपनीयता के साथ साझा कर सकें। मनोबल केंद्रों में नियुक्त नोडल अधिकारी और काउंसलर्स विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझेंगे।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय में गतिविधियां आयोजित

इंदौर। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय किला भवन, इंदौर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मनोविज्ञान विभाग एवं महाविद्यालयीन मानसिक स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न रचनात्मक, मनोरंजक एवं जागरूकतापरक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, तनाव प्रबंधन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना तथा भावनात्मक कल्याण को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बी. डी. श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

एक नदी पर 4 ब्रिजों का काम शीघ्र होगा प्रारंभ

इंदौर। इंदौर से 20 किमी दूर स्थित कालाकुंड अपनी प्राकृतिक वादियों और शांत आदिवासी गांव अपनी अनोखी मिठाई कलाकंद के लिए प्रसिद्ध है। साथ ही यह वीकेंड पिकनिक और जंगल कैंपिंग डेस्टिनेशन के लिए पर्याप्त विशेषता वाले आदर्श पर्यटन ग्राम के रूप में विकसित हो रहा है। घने और वन औषधियों से भरे जंगल को बचाते हुए यहां एमपीआरआरडीए द्वारा लगभग 10 किमी.की सड़क का काम पूरा किया जा चुका है। यहां की सौंदर्य को निखारने वाले नदी पर ब्रिज नहीं बनने से पहाड़ी नदी के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी है, इस कारण यहां पर्यटक आने से बचते है। महाप्रबंधक श्री लोकेंद्र मंडलोई ने बताया कि वन औषधियों से भरपूर इस क्षेत्र के घने जंगल को बचाते हुए सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2024 में पूरा हुआ।

जनगणना - द्वितीय चरण के लिए प्रशिक्षण प्रारंभ

इंदौर। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत फरवरी 2027 में प्रस्तावित जनगणना के फील्ड कार्य की तैयारियों के तहत इंदौर जिले में जनगणना से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर श्री अजीत श्रीवास्तव तथा संयुक्त संचालक, योजना एवं सांख्यिकी श्री प्रेमचंद परस्ते सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा नियुक्त प्रशिक्षक श्रीमती प्रेमा नायर एवं श्री सूरज दीपक बड़गे द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रपत्रों को सही तरीके से भरने, निर्धारित नियमों एवं निदेर्शों का पालन करने तथा जनगणना की संपूर्ण प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है।

स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग पर आयुर्वेद छात्रों का गुस्सा फूटा



उज्जैन। शासकीय धन्वंतरि आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में स्टाइपेंड (मानदेय) बढ़ाने की मांग को लेकर चल रहा विद्यार्थियों का आंदोलन सोमवार को उग्र हो गया। बीते सात दिनों से धरना दे रहे करीब 200 आयुर्वेद छात्र-छात्राओं ने सोमवार सुबह कॉलेज और अस्पताल के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर दी। छात्रों का कहना है कि बार-बार मांग उठाने के बावजूद प्रशासन द्वारा उनकी सुनवाई नहीं की जा रही है। मुख्य द्वार पर ताला जड़े जाने के कारण सुबह अस्पताल पहुंचने वाले डॉक्टरों, अन्य स्टाफ और दूरदराज से इलाज कराने आए मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों की मुख्य मांग है कि बीएएमएस इंटर्न को मिलने वाला स्टाइपेंड बढ़ाकर 21,500 रुपये प्रतिमाह किया जाए। विद्यार्थियों के मुताबिक वर्तमान में मध्यप्रदेश में बीएएमएस इंटर्न को महज 9383 रुपये मानदेय दिया जा रहा है, जो कि अन्य राज्यों और अन्य पैथी के मुकाबले बेहद कम है। विद्यार्थियों का तर्क है कि बीएएमएस और एमबीबीएस इंटर्न अस्पताल में एक जैसी और समान रूप से कठिन ड्यूटी करते हैं लेकिन इसके बावजूद स्टाइपेंड में बड़ा अंतर रखा गया है। उनका कहना है कि समान कार्य के लिए समान मानदेय मिलना उनका अधिकार है और सरकार को बढ़ा हुआ स्टाइपेंड तत्काल प्रभाव से लागू करना चाहिए।

नैनो न्यूज

- **देवास – दूषित पानी छोड़ने वाले उद्योगों पर कार्रवाई की तैयारी-** सिंहस्थ से पहले क्षिप्रा नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए देवास के नागधम्मन नाले का निरीक्षण किया गया। दूषित पानी छोड़ने वाले उद्योगों पर कार्रवाई की तैयारी है।
- **आगर-मालवा – रामलीला की पुरानी परंपरा आज भी कायम-** आगर-मालवा में 1951 से चली आ रही रामलीला की परंपरा आज भी जारी है। गणेशोत्सव के दौरान स्थानीय कलाकार रामायण के पात्र निभाते हैं और बड़ी संख्या में दर्शक आयोजन देखने पहुंचते हैं।
- **शाजापुर – डीजल के दाम में गिरावट दर्ज-** शाजापुर में 12 अक्टूबर को डीजल का भाव 99.89 रुपये प्रति लीटर दर्ज हुआ, जबकि एक दिन पहले यह 100.30 रुपये था। कीमत में 41 पैसे की कमी दर्ज की गई।
- **सुसनेर – मां बगलामुखी मंदिर में दर्शन व्यवस्था बदली-** नवरात्रि के दौरान सुसनेर क्षेत्र के नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर में वीआईपी दर्शन बंद रखने की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को समान रूप से दर्शन कराने पर जोर दिया जा रहा है।
- **रतलाम – कच्ची शराब तस्करी में दो युवक पकड़े-** रतलाम में कच्ची शराब की तस्करी के मामले में राजस्थान के दो युवकों को पकड़ा गया।

गढ़कालिका के नीचे दबा है उज्जयिनी की 2500 साल पुरानी नगरीय सभ्यता का रहस्य

टीले के उत्खनन में मिली विशाल रक्षा दीवार, चौड़ी खाई, मिट्टी के घर

दुर्ग विशाल रक्षा संरचना होने के साथ प्राकृतिक चुनौतियों का भी सामना करता था, नगर को बाढ़ से बचाने के लिए भी बड़े स्तर पर निर्माण किया गया था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शारदीय नवरात्र में उज्जैन के प्रसिद्ध गढ़कालिका मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालु जिस टीले पर प्राचीन देवी के दर्शन करते हैं, उसके नीचे 2500 साल पुरानी नगरीय सभ्यता का रहस्य दबा है। यह कहानी है उस उज्जयिनी की, जहां करीब ढाई हजार साल पहले लोग मिट्टी के घरों में रहते थे, लोहे के औजारों का उपयोग करते थे और अपनी बस्ती की रक्षा के लिए विशाल मिट्टी का दुर्ग बनाते थे। दुर्ग के बाहर खाई थी और उसके आसपास ऐसे आवास थे, जो किलेबंद क्षेत्र से बाहर बसे थे। शिप्रा के किनारे बसे इस नगर को बाढ़ से बचाने के लिए भी बड़े स्तर पर निर्माण किया गया था।

भारतीय पुरातत्व विभाग की 1955-56, 1956-57 और 1957-58 की वार्षिक रिपोर्टों में गढ़कालिका के टीले पर हुए उत्खनन के जो विवरण दर्ज हैं, वे प्राचीन उज्जयिनी की एक तस्वीर बनाने में मदद करते हैं। मिट्टी की दीवारों, घरों, औजारों, बर्तनों और बाढ़ से क्षतिग्रस्त संरचनाओं के अवशेषों से नगर के जीवन की कई झलकियां मिलती हैं। पुराविद डॉ. रमण सोलंकी ने बताया कि गढ़कालिका के आसपास का संपूर्ण परिक्षेत्र प्राचीन उज्जैन है। यहां नगरी सभ्यता, विदेशों से व्यापार, दस्तकारी,साहित्य और संस्कृति के प्रमाण मिलते रहे हैं और आज भी यह सिलसिला रुका नहीं है। माता गढ़कालिका का मंदिर अपने आप में अलभ्य है। यह सम्राट विक्रमादित्य के नवरत्नों में से एक महाकवि कालिदास की आराध्य देवी हैं।

दुर्ग की विशालता : नगर के बीच था मिट्टी का किला

1957-58 की पुरातत्व रिपोर्ट के अनुसार, गढ़कालिका के प्राचीन दुर्ग की रक्षा-दीवार आधार पर करीब 245 फीट चौड़ी थी। इसके बाहर बनी खाई लगभग 152 फीट चौड़ी थी। इस निर्माण का सबसे पुराना कालखंड 700 से 500 ईसा पूर्व माना गया है। 1956-57 की रिपोर्ट में दुर्ग से घिरे क्षेत्र का विस्तार करीब एक मील लंबा और तीन-चौथाई मील चौड़ा बताया गया है। दीवार की बची हुई अधिकतम ऊंचाई लगभग 42 फीट थी। दुर्ग का भीतरी हिस्सा सुरक्षित था, जबकि साधारण आवास बाहर खुले क्षेत्र में थे। उत्खनन में मिट्टी के घरों के साथ लोहे के भाले, तीर के फल, चाकू, मिट्टी के मनके, तकली के चक्र और विभिन्न प्रकार के बर्तन मिले। पकी ईंटों और तराशे हुए पत्थरों की संरचनाएं भी सामने आईं। ये अवशेष तत्कालीन जीवन की झलक देते हैं। तकली के चक्र कताई जैसे काम और लोहे के औजार धातु के उपयोग की ओर संकेत करते हैं। बर्तन और घरेलू संरचनाएं उस समय की दिनचर्या और आजीविका के बारे में जानकारी देते हैं।

प्राकृतिक चुनौती : शिप्रा की बाढ़ से जूझता दुर्ग

1955-56 की पुरातत्व रिपोर्ट के अनुसार, दुर्ग की रक्षा-दीवार सफेद और गहरी चिपचिपी मिट्टी की परतों से बनाई गई थी। इनमें कोयले के अंश भी मिले। नीचे बड़ी पकी ईंटों की एक परत थी। रिपोर्ट में उल्लेख है कि शिप्रा की बार-बार आने वाली बाढ़ से दीवार को काफी नुकसान पहुंचा था। इसी कारण उसके कुछ हिस्से ही उत्खनन में मिल सके। ये अवशेष बताते हैं कि प्राचीन उज्जयिनी का यह दुर्ग विशाल रक्षा संरचना होने के साथ प्राकृतिक चुनौतियों का भी सामना करता था।

टीले में दबा है अभी पूरा न खुला इतिहास- 1955-56 की पुरातत्व रिपोर्ट के अनुसार, गढ़कालिका के टीले का विस्तार इतना बड़ा है कि सीमित उत्खनन से प्राचीन उज्जयिनी की पूरी तस्वीर सामने नहीं आ सकती। भविष्य में यहां पुरातात्विक अध्ययन और उत्खनन से इस विरासत की अनखुली परतों को समझने का अवसर मिल सकता है।

एलिवेटेड ब्रिज व कोरिडोर निर्माण के चलते यात्री हुए बेबस

बगैर तैयारी के देवासगेट से नानाखेड़ा शिफ्ट हुआ बस स्टेण्ड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एलिवेटेड ब्रिज व कोरिडोर निर्माण के चलते प्रशासन ने निर्धारित तारीख 12 अक्टूबर को देवासगेट बस स्टेण्ड बंद कर दिया और बडनगर, बदनावर,जावरा, मक्सी, शाजापुर, सारंगपुर, ब्यावर, गुना, राजगढ की ओर जानेवाली बसों का संचालन भी नानाखेडा बस स्टेण्ड से शुरू कर दिया। जल्दबाजी मे हुई शिफ्टिंग से आज सुबह नानाखेडा बस स्टेण्ड पर कई असुविधाएं देखने को मिली। बगैर पूर्व तैयारी के हुई शिफ्टिंग का खामियाजा बेबस यात्रियों को उठाना पड रहा है।

नानाखेड़ा से इंदौर व देवास की बसों का संचालन पूर्व से ही हो रहा है इसके बावजूद प्रतीक्षालय की स्थिति बहुत खराब है। यहां के फर्श पर गंदगी और पान की पीक के निशान हर तरफ देखने को मिलते हैं। फर्श की सफाई हेतु यहां आधुनिक फ्लोर क्लिनिंग मशीन भी रखी है किन्तु बिना प्रतीक्षालय की सफाई किए ही आज यहां देवासगेट बस स्टेण्ड स्थानांतरित कर दिया गया। कुछ वर्षों पूर्व किसी समाज सेवी ने अपनी माता की स्मृति मे यहां ठंडे पानी के प्याऊ की व्यवस्था की थी इसका बोर्ड भी प्याऊ के ऊपर लगा है किन्तु प्याऊ के अंदर से वाटरकूलर नदारद है।

टिकट खिडकी काउंटर बंद व अंदर अटाला

नानाखेडा बस स्टेण्ड पर व्यवस्थित टिकट काउंटर निर्मित किए गए थे जहां निर्धारित रूट के टिकट के लिए अलग अलग खिडकियां रखी गई थीं। ये टिकट काउंटर पूरी तरह बंद हैं और अंदर अटाला व कबाड भरा हुआ है। धूल की परत इन खिडकियों पर जमी हुई देखने को मिली ।

आवार श्वानों का आरामगाह

प्रतीक्षालय मे यत्र तत्र आवार श्वान भी आराम करते नजर आ रहे हैं। ऐसे मे यात्री असुरक्षित ही महसूस कर रहे हैं। शहर मे वैसे ही डाग बाइट के केस होते रहते हैं। साथ ही कुछ बेघर लोग भी प्रतीक्षालय के अंदर सुबह तक डेरा जमाए बैठे थे।

पेयजल के लिए नाकाफी नल

पेयजल के लिए यहां मात्र चार नल ही लगे हैं। जिनके नीचे सिंक मे इतनी गंदगी है जो स्वास्थ्य के लिए पूरी तरह प्रतिकूल है। सिंक मे लोगों ने गंदी बाटल डाल दी हैं व पान गुटखे के पिक थूक रखे हैं। देवासगेट बस स्टेण्ड जल्दबाजी मे शिफ्ट करने से यात्रियों के साथ अन्याय ही हुआ है। न तो प्रतीक्षालय मे साफ सफाई हुई और न ही पेयजल की माकूल व्यवस्था हुई है। आवार श्वानों के विचरण से यात्रा के सुरक्षित होने की प्रत्याशा कम ही नजर आ रही है।

आगर-मक्सी की बसें इस रास्ते से जाएंगी

प्रारंभिक रूट प्लान के अनुसार, आगर और मक्सी रूट की बसें मंडी-पांड्याखेड़ी होते हुए कोठी के पीछे से पाइप फैक्ट्री और भरतपुरी होकर नानाखेड़ा पहुंचेंगी। देवास रूट की बसें सेठी पेट्रोल पंप से भरतपुरी होते हुए नानाखेड़ा जाएंगी। इंदौर रूट की बसें इंजीनियरिंग कॉलेज और आस्था गार्डन होते हुए नानाखेड़ा पहुंचेंगी। वहीं, बड़नगर और बायपास रूट की बसें बायपास रिंग रोड से आस्था गार्डन होते हुए नानाखेड़ा जाएंगी।

ट्रैफिक और दबाव: नानाखेड़ा बस स्टैंड पर पहले से ही 300 से अधिक बसों का दबाव था। देवास गेट की बसें आने से यहाँ पार्किंग और भारी जाम की स्थिति बन गई है।

सुप्रीम कोर्ट में अपील नहीं की तो 16 को सीएम निवास को घेरेगें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में ओबीसी आरक्षण के मुद्दे को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। अंबेडकरवादी और संविधानवादी विचारधारा से जुड़े दामोदर यादव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सीधे निशाने पर लेते हुए आरक्षण के मामले में जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि इस अवधि में सरकार हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट नहीं पहुंचती है, तो 16 अक्टूबर को मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।

दामोदर यादव ने अपने बयान में मुख्यमंत्री की जातिगत पहचान, पिछड़ा वर्ग से संबंध और संवैधानिक पद का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें इन आधारों पर अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर सरकार की ओर से अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने अपने संबोधन में आरक्षण की मांग को लेकर हुए आंदोलनों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले भी सरकार से कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन आंदोलनकारियों को अपेक्षित परिणाम नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि आरक्षण की मांग उठाने वालों के आंदोलन को दबाने की कोशिश की गई।

जिला पंचायत सदस्य के नेतृत्व में सैकड़ों किसान और ग्रामीण पहुंचे बिजली दफ्तर

महिदपुर में अघोषित बिजली कटौती से किसानों का आक्रोश

निर्बाध विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से परेशान किसानों और ग्रामीणों का आक्रोश अब सड़कों पर दिखाई देने लगा है। बिजली आपूर्ति की समस्या से नाराज सैकड़ों किसानों और ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह चौहान के नेतृत्व में विद्युत विभाग के एमपीईबी डीई कार्यालय का घेराव कर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बिजली कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए अघोषित कटौती पर तत्काल रोक लगाने और नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

प्रदर्शन में शामिल किसानों और ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में बिना पूर्व सूचना के बिजली बंद होने से खेती-किसानी से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बिजली आपूर्ति में अनियमितता के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली कटौती का असर केवल कृषि कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे आम जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में विद्युत विभाग को समस्या का स्थायी समाधान निकालना चाहिए। जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह चौहान के नेतृत्व में पहुंचे किसानों और ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के डीई कार्यालय का घेराव कर अपनी नाराजगी जाहिर की। चौहान ने बिजली कंपनी से अघोषित कटौती पर तत्काल रोक लगाने और क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

खेती-किसानी प्रभावित होने से बढ़ी नाराजगी

किसानों के लिए बिजली आपूर्ति कृषि कार्यों का महत्वपूर्ण आधार है। ऐसे में जब बिजली बार-बार बंद होती है या निर्धारित समय पर उपलब्ध नहीं होती, तो खेतों में जरूरी काम प्रभावित होने की आशंका रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार बनी हुई इस स्थिति के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि बिजली कंपनी को आपूर्ति व्यवस्था में सुधार करते हुए किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने सवाल उठाया कि यदि बिजली कटौती किसी तकनीकी खराबी, रखरखाव या अन्य कारण से की जा रही है, तो इसकी जानकारी उपभोक्ताओं को समय पर दी जानी चाहिए। बिना पूर्व सूचना के बिजली बंद होने से किसानों और ग्रामीणों को अपने कामकाज की योजना बनाने में भी परेशानी होती है।

स्कीम-71 में 9वीं की छात्रा की मौत से सनसनी घर में मिला शव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर के स्कीम नंबर-71 में रविवार को 14 वर्षीय छात्रा की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली वैष्णवी पुरी घर में फंदे पर मिली। घटना के वक्त उसके माता-पिता काम पर गए हुए थे, जबकि घर में उसका मूकबधिर भाई मौजूद था। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिलने पर परिजनों में घबराहट फैल गई।

मौसी और उनके बेटों ने दरवाजा तोड़कर छात्रा को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही द्वारकापुरी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मृतका राजीव पुरी की बेटी थी। महज 14 साल की उम्र में छात्रा की मौत से परिवार सदमे में है। आखिर किन परिस्थितियों में यह घटना हुई और इसके पीछे क्या वजह रही, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत से जुड़े तथ्यों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

डॉ. सलूजा संरक्षक नियुक्त

उज्जैन। प्रमुख पेंशनर एसो जिला उज्जैन ने डॉक्टर सतविंदर सलूजा को संगठन का संरक्षक मनोनीत किया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक दुबे एवं चंद्रशेखर जोशी ने डॉक्टर सलूजा का स्वागत सम्मान किया । जानकारी जिला मीडिया प्रभारी डॉ स्वामी नाथ पांडेय ने दी ।

उपयोगी सामग्री जरूरतमंदों को मिलेगी; खराब जूतों से तैयार होगा आरडीएप ईंधन, छोड़े गए कपड़ों से बनेंगे फाइल कवर

चला सफाई अभियान, सफाई मित्रों ने संभाला मोर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शनिश्चरी अमावस्या और सर्वपितृ अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं की आवाजाही के बाद नगर निगम ने त्रिवेणी घाट, शनि मंदिर परिसर और शिप्रा नदी के घाटों पर विशेष रात्रिकालीन स्वच्छता अभियान चलाया। निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर 90 से अधिक सफाई मित्रों ने रात से लेकर रविवार सुबह तक लगातार सफाई कार्य किया। अभियान के तहत घाटों पर जमा गंदगी और श्रद्धालुओं द्वारा मन्नत के रूप में छोड़े गए कपड़ों तथा जूते-चप्पलों को एकत्रित कर हटाया गया। नगर निगम ने इस कार्य को केवल सफाई तक सीमित रखने के बजाय एकत्रित सामग्री के पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण से जोड़ने की योजना भी बनाई है।

शनिश्चरी और सर्वपितृ अमावस्या पर त्रिवेणी स्थित शनि मंदिर और शिप्रा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। धार्मिक परंपराओं के तहत कई श्रद्धालु यहां कपड़े, जूते-चप्पल और अन्य वस्तुएं छोड़ जाते हैं। पर्व संपन्न होने के बाद घाटों पर इन वस्तुओं के जमा होने से सफाई व्यवस्था बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। इसी को देखते हुए नगर निगम ने विशेष अभियान चलाकर घाटों की सफाई कराई, ताकि धार्मिक स्थल स्वच्छ रहें और श्रद्धालुओं को भी साफ-सुथरा वातावरण मिल सके। धार्मिक आयोजनों के बाद बड़ी मात्रा में एकत्रित होने वाली सामग्री का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करना शहरी स्वच्छता व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि कपड़ों और जूते-चप्पलों को बिना छंटाई के सामान्य कचरे में डाल दिया जाए, तो उपयोगी सामग्री भी बेकार हो सकती है।

रातभर चला सफाई अभियान

निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर 90 से अधिक सफाई मित्रों ने अभियान में भाग लिया। रात से शुरू हुआ सफाई कार्य रविवार सुबह तक जारी रहा। सफाई कर्मचारियों ने घाटों और मंदिर परिसर में फैली सामग्री को एकत्रित किया। इसके लिए जेसीबी और डंपरों की मदद ली गई। एकत्रित कपड़ों तथा जूते-चप्पलों को ट्रांसफर स्टेशन पहुंचाया गया, जहां से उनकी उपयोगिता के आधार पर आगे की प्रक्रिया की जानी है। पर्व के बाद कम समय में घाटों की सफाई करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इन स्थानों पर नियमित रूप से श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में सफाई में देरी होने पर धार्मिक स्थल की स्वच्छता और व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। रात्रिकालीन अभियान के माध्यम से नगर निगम ने पर्व के बाद सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी।

3- आर मॉडल से होगा सामग्री का उपयोग

नगर निगम ने एकत्रित सामग्री के निस्तारण के लिए 3-आर मॉडल अपनाने की योजना बनाई है। इसका अर्थ है रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल। इस मॉडल के तहत ऐसी सामग्री, जिसका दोबारा उपयोग संभव है, उसे उपयोग में लाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं, अनुपयोगी वस्तुओं को उचित प्रक्रिया के माध्यम से उपयोगी संसाधन में बदलने की योजना है। अभियान के तहत एकत्रित कपड़ों और जूते-चप्पलों को अलग-अलग छांटकर उनकी स्थिति के अनुसार उपयोग करने की बात कही गई है। उपयोग योग्य सामग्री जरूरतमंदों को वितरित की जाएगी। अनुपयोगी कपड़ों से फाइल कवर तैयार किए जाएंगे, जबकि खराब जूतों से आरडीएफ (रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल) ईंधन बनाने की योजना है।

विधायक की अपने बेटे को लॉन्च करने की तैयारी

पार्षद के पद से शुरू हो सकता है सफर, पुत्र मोह में पड़ी भाजपा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर की विधानसभा पांच से विधायक महेंद्र हार्डिया की राजनीति को समझना आसान नहीं है। अपने फैसलों से हर बार सभी को चौंकाने वाले हार्डिया को लेकर एक बार फिर राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज है।

सूत्रों के मुताबिक, बाबा ने अपने बेटे को आगामी निगम चुनाव में पार्षद का चुनाव लड़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। विधायक पुत्र के लिए वार्ड भी तलाश लिया गया है। अब उन्हें राजनीती में लॉन्च करने के लिए बस सही समय का इंतजार किया जा रहा है। गौरतलब है कि विधायक महेंद्र हार्डिया ने भी अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत पार्षद के चुनाव से ही की थी। उनकी पहचान एक अनुभवी और साफ-सुथरी छवि वाले नेता के रूप में रही है।

बेटे को विधानसभा तक पहुंचाने का लक्ष्य

इंदौर की राजनीति में छोटी-सी चर्चा भी एक से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचते-पहुंचते बड़ा रूप ले लेती है। ऐसे में जब इस मामले को लेकर जब एक बीजेपी कार्यकर्ता से जानकारी ली गई, तो उन्होंने दावा किया कि बाबा की नजर बेटे को भविष्य में विधानसभा तक पहुंचाने पर है।

फिलहाल, विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं और नगर निगम चुनाव को लेकर भी तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं है। लेकिन यदि इन चचाओं में दम है, तो पार्षद चुनाव में विधायक पुत्र की संभावित एंट्री को महेंद्र हार्डिया की भविष्य की राजनीतिक रणनीति के तौर पर देखा जा सकता है।

अब देखना होगा कि बाबा इस बार क्या फैसला लेते हैं। आखिर, उनकी राजनीति को समझना इतना आसान भी नहीं है,शायद इसीलिए उन्हें बाबा बोलते है।

न्यूज कालम



भाजपा की जिला कोर कमेटी की बैठक संपन्न, संगठनात्मक विषयों पर हुई चर्चा

मंडलेश्वर। खरगोन में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अध्यक्षता में जिले की कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों और पार्टी की गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं खरगोन-बड़वानी सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा (शिवपुरी), प्रदेश महामंत्री डॉ. सुरेंद्र सिंह सोलंकी, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव और बड़वाह विधायक सचिन बिरला उपस्थित रहे।इसके अलावा भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र राठौर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर सहित अन्य पदाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।बैठक में जिले में संगठन की गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने, आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों तथा संगठनात्मक कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने की बड़वाह मंडल अध्यक्षों की घोषणा

खरगोन। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नारायण पटेल ने बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के लिए अपने मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है। यह घोषणा भाजपा जिला अध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे के निर्देश पर की गई। इन नियुक्तियों का उद्देश्य जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाना हैए विशेषकर किसानों से जुड़े मुद्दों पर। किसान मोर्चा सह- मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम सोनी ने बताया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा, निमाड़ संभाग संगठन प्रभारी सुरेंद्र शर्मा और जिला प्रभारी संगीता सोनी की सहमति से यह संगठनात्मक सूची जारी की गई। किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नारायण पाटीदार ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 182 बड़वाह के तहत कुल पांच मंडल अध्यक्षों का मनोनयन किया गया है। नियुक्त किए गए मंडल अध्यक्षों में अजय केसरीलाल गुल्या बैडिया ग्रामीण, लखन रामेश्वर पटेल सनावद ग्रामीण, कमल पटेल सनावद नगर, राजेश चौधरी बड़वाह ग्रामीण और अमर कुलवंत सिंह संधू बड़वाह नगर शामिल हैं। इन सभी नवनियुक्त अध्यक्षों को तत्काल प्रभाव से अपने.अपने मंडलों में किसान मोर्चा की गतिविधियों को तेज करने, किसानों के बीच सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं।

एक साल पुराने घटिया सीसी रोड का राज खुला, इंदौर से आई टीम ने की कोर कटिंग



नेपानगर। विकास के दावों की एक साल पुरानी परत अब जाकर खुली है। वार्ड क्रमांक 5 में 'मुख्यमंत्री अधोसंरचना' योजना के तहत बना सीसी रोड मार्च-अप्रैल 2025 में तैयार हुआ था, लेकिन हैरानी की बात यह है कि बनते ही महज एक-दो महीने के भीतर यह पूरी तरह उखड़ गया। आप जो वीडीयो देख रहे हैं, वह 10 मई 2025 का है, जब सड़क के घटिया निर्माण के खिलाफ जनता का गुस्सा फूट पड़ा था। उस वक्त शुरूआती जांच तो हुई, लेकिन एक साल तक इस पर कोई सुध नहीं ली गई। अब जाकर, पूरे एक साल बाद, शुक्रवार को इंदौर से उच्चस्तरीय तकनीकी जांच टीम नेपानगर पहुंची और मौके पर रोड की कोर कटिंग की। लेकिन इस पूरी कार्रवाई पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। वार्ड पार्षद पुंडलिक महाजन ने गंभीर आरोप लगाया है कि उनके अपने वार्ड में इतनी बड़ी जांच चल रही थी, लेकिन स्थानीय प्रशासन या टीम ने उन्हें इसकी भनक तक नहीं लगने दी। वार्ड वासियों द्वारा उन्हें सूचना दी गई, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। अब चर्चा जोरों पर है कि क्या एक साल बाद हुई यह जांच सिर्फ कागजी खानापूर्ति बनकर रह जाएगी, या घटिया निर्माण के दोषियों पर गाज गिरेगी?

नवरात्रि में चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर, चीतों की गश्त से पंडालों की सुरक्षा

सनावद। नवरात्रि में श्रद्धालुओं की भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सनावद पुलिस अलर्ट मोड पर है। प्रमुख मार्गों, गरबा पंडालों और आयोजन स्थलों पर निगरानी के लिए चीता पार्टी तैनात की गई है। पुलिस की टीमें शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लगातार गश्त कर रही हैं। नवागत एसडीओपी मुकेश इजारदार ने बताया कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा। पंडालों में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी, वहीं संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखी जाएगी। पुलिस की पेट्रोलिंग टीमों ने प्रमुख मार्गों पर भ्रमण कर नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अधिकारियों के मुताबिक, नवरात्रि के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी असुविधा से निपटने के लिए पुलिस मुस्तैद रहेगी।

डॉ. शिवानी अनुराग जैन का असम राइफल्स में चयन, नागालैंड में देंगी चिकित्सा सेवाएँ

सनावद। बहुमुखी प्रतिभा की धनी डॉ. शिवानी अनुराग जैन का असम राइफल्स की ओर से नागालैंडवासियों को चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने के लिए चयन हुआ है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि समस्त समाज के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है। सन्मति जैन काका ने बताया कि डॉ. शिवानी अंतरराष्ट्रीय दिगंबर जैन पोरवाड़ सामाजिक मंच की चिकित्सा संयोजक एवं मुख्य शिक्षा प्रभारी डॉ. मंजुला इंद्रकुमार जैन (नासिक) की बहू हैं। उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी सेवाओं के साथ अब देशसेवा के पथ पर भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। नागालैंड में लोगों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की यह जिम्मेदारी उनके सेवा-भाव, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को दशार्ती है। वर्तमान में वे म्यांमार बॉर्डर पर रहकर अपनी सेवाएँ प्रदान कर रही हैं। जैसा कि ज्ञात हो, डॉ. शिवानी एक बेहतर ट्रेकर भी हैं और दो वर्ष पूर्व एवरेस्ट के बेस कैंप तक जा चुकी हैं। डॉ. शिवानी का यह चयन समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है कि अपनी प्रतिभा और योग्यता के माध्यम से मानवता की सेवा के साथ राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का भी निर्वहन किया जा सकता है। इस अवसर पर दिगंबर जैन पोरवाड़ समाज के अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों ने भी डॉ. शिवानी को बधाई प्रेषित की।

श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में नवरात्रि में सजा मां वैष्णो देवी का दरबार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंडलेश्वर



पवित्र पावन नवरात्रि के अवसर पर मंडन मिश्र की नगरी मंडलेश्वर में श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर की सामने वाली पहाड़ी पर मां वैष्णो देवी की गुफा बनाई गई है। रविवार को गुफा में मां वैष्णो देवी की प्रतिमा स्थापित की गई। इसके साथ ही मंडलेश्वर से करीब लगभग 1500 किलोमीटर (जम्मू-कश्मीर) के कटरा स्थित मां वैष्णो देवी धाम से लाई गई पावन अखंड ज्योत की भी स्थापना की गई।ओंकार सेवा मिशन ट्रस्ट के अध्यक्ष नितिन पाटीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 अक्टूबर को मां वैष्णो देवी की अखंड ज्योत लाने के लिए चार भक्तों का जत्था कटरा रवाना हुआ था। इसमें समाजसेवी मनोज शर्मा, विपिन पाटीदार, निर्मल पाटीदार और नलखेड़ा के पंडित जितेंद्र जी महाराज शामिल थे। शनिवार सुबह ज्योत मंडलेश्वर उत्सव गार्डन पहुंची। महाराजा होटल पर महेश्वर विधानसभा के विधायक राजकुमार मेव ने अखंड ज्योत का पूजन कर स्वागत किया। इस दौरान वरिष्ठ सतीशचंद्र मोयदे, विक्की पाटीदार, ललित पाटीदार और गोलू पाटीदार सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे। रविवार को नवरात्रि के अवसर पर मां वैष्णो देवी की प्रतिमा और अखंड ज्योत की स्थापना की गई।

नितिन पाटीदार ने बताया कि मंदिर परिसर में नवरात्रि के दौरान 12 से 18 अक्टूबर तक अलग-अलग धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 12 अक्टूबर को सुंदरकांड बालीपुर, 13 अक्टूबर को राम दरबार नाट्य तथा जगन्नाथ जी और गंगा मां से जुड़ी प्रस्तुतियां होंगी। 14 अक्टूबर को मां के तीन स्वरूपों, शुंभ-निशुंभ वध, काली मां और शेरावाली मां से संबंधित कार्यक्रम होंगे।

ज्योति नगर का भव्य गरबा पांडाल एवं देवी की मनोहारी प्रतिमा आस्था का केंद्र बनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन



माता प्रतिमा स्थापना के साथ ही नवरात्र उत्सव की धूम शुरू हो गई है। शहर में ३० से अधिक स्थानों पर गरबा पांडाल सजाए गए है। नवरात्रि में ज्योति नगर का भव्य गरबा पांडाल एवं देवी की मनोहारी प्रतिमा आस्था का केंद्र बने हुए है। यहां समिति अध्यक्ष इंजी. नीतिन मालवीय ने सपत्निक पूजा-अर्चना कर माता की स्थापना कर महाआरती की।

प्रतिमा स्थापना के बाद दूधिया रोशनी से जगमगाते दुर्गा पंडाल में कॉलोनी की नन्ही बालिकाओं ने माता की आराधना स्वरुप गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रतिमा स्थापना और गरबा प्रस्तुति के दौरान गूंज रहे जयकारे और भक्ति गीतों से उत्साह का माहौल नजर आया। समिति के प्रचार-प्रमुख दिलीप सोनी ने बताया ज्योतेश्वर महादेव मंदिर में कॉलोनी की बालिकाएं, युवतियां और महिलाएं पारंपरिक गरबा और डांडिया रास के जरिए मां अंबे की आराधना में लीन हैं। यहां प्रशिक्षित गरबा मंडलियां डांडिया, दो ताली, आरती थाल, फूलों आदि के जरिये अलग-अलग शैली में गरबा प्रस्तुतियां दे रही है, जो आकर्षण का केंद्र है।

मंदिर समिति सदस्यों राजेश पाल, मनीष गडकरी, राघवेंद्र आचार्य, प्रकाश चौरे, सचिन मालवीय, महेंद्र जायसवाल, पुष्पेंद्र राठौर, हरीश पाल, राजेश परमार्थी, पंचानन राठौर, प्रमोद जोशी, अर्पित जायसवाल, रवि सोनी, राघवेंद्र डंडीर, मनीष शर्मा, गिरीश कुमावत, प्रदीप पटेल, प्रवीण कुशवाह, मोहित ने बताया श्रीनू इलेक्ट्रिक कंपनी के कारीगरों ने राजमहल स्वरुप में बेहद खूबसूरत और अनोखे थीम पर आधारित पूजा पंडाल का निर्माण किया है। रात के समय ये पंडाल शानदार लाइटों और दूधिया रोशनी से जगमगा रहा है, जो श्रद्धालुओं का मन मोह लेता हैं।



समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनजातीय कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम, खाद्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत सेजवाड़ा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां समयपूर्व पूर्ण करने तथा अभियान से संबंधित लंबित शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

बाल श्रम की रोकथाम के संबंध में कलेक्टर ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से होटल एवं अन्य प्रतिष्ठानों में मजदूरी कराए जाने की जांच करने के निर्देश दिए। ऐसे बच्चे पाए जाने पर उनके अभिभावकों को समझाइश देकर बच्चों की शिक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अधीनस्थ कुशल-अकुशल श्रमिकों एवं कम्प्यूटर डाटा एंट्री ऑपरेटरों को प्रतिमाह वेतन देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वेतन संबंधी शिकायत मिलने पर संबंधित विभाग प्रमुख के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं तथा 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं को जागरूक कर महाविद्यालयों के माध्यम से पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के निर्देश दिए।



त्यौहारों और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन से पहले महेश्वर-मंडलेश्वर में निकला फ्लैग मार्च

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मण्डलेश्वर

आगामी नवरात्रि, दुर्गाष्टमी, दशहरा पर्व और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पथ संचलन को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। रविवार शाम को महेश्वर और मंडलेश्वर के संवेदनशील क्षेत्रों तथा मुख्य मार्गों पर पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत करना और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना था। मंडलेश्वर अनुभाग की अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्वेता शुक्ला के नेतृत्व में निकाले गए इस फ्लैग मार्च में महेश्वर थाना प्रभारी जगदीश गोयल, बलकवाड़ा थाना प्रभारी सागर चौहान, मंडलेश्वर थाना प्रभारी पंकज तिवारी और कसरावद थाना प्रभारी इंद्रेश त्रिपाठी सहित चारों थानों का भारी पुलिस बल सम्मिलित रहा। यह मार्च मंडलेश्वर थाने से शुरू होकर बस स्टैंड, पुलिस चौकी, मेन बाजार, घंटाघर चौराहा, वाचना लय रोड और नर्मदा एप्रोच रोड से होता हुआ वापस बस स्टैंड होते हुए थाने पर समाप्त हुआ। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने शहर के प्रमुख रास्तों पर पैदल मार्च कर कानून-व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और नागरिकों से अपील की कि वे आगामी सभी त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। सड़कों पर अचानक भारी पुलिस बल की मौजूदगी से जहां एक ओर आमजन में सुरक्षा का भाव और अधिकदृढ़ हुआ, वहीं कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों में पुलिस की सख्ती का साफ असर दिखाई दिया।

सनावद में हिरई माता के नाम पर बसा हिरापुर, 800 साल पुरानी आस्था आज भी कायम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद



सनावद से करीब 15 किलोमीटर दूर सनावद भीकनगांव मार्ग पर स्थित हिरापुर गांव की पहचान प्राचीन हिरई माता मंदिर और सदियों पुरानी आस्था से है। ग्रामीणों के अनुसार, हिरई माता के नाम पर ही गांव का नाम हिरापुर पड़ा। तालाब किनारे स्थित मंदिर में आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, मंदिर का निर्माण पंवार वंशीय शासकों ने कराया था। परिसर में भगवान शिव, गणेश, विष्णु, दुर्गा, राम-सीता और हनुमानजी सहित कई देवी-देवताओं की प्रतिमाएं हैं। यहां चौसठ योगिनियों के वास की मान्यता भी प्रचलित है। ग्रामीणों के अनुसार, वर्ष 1978 से पहले हिरई माता मंदिर परिसर में भव्य मेला लगता था। आसपास के गांवों से श्रद्धालु पहुंचते थे और स्थानीय व्यापारियों को रोजगार मिलता था। आवागमन की कठिनाइयों के चलते मेला बंद हो गया। अब ग्रामीण इसे दोबारा शुरू करने की मांग कर रहे हैं। सरपंच कमलेश भाइडीया के अनुसार, गांव की आबादी 3200 से अधिक और घरों की संख्या करीब 800 है। कपास, मिर्च, गेहूं और चना प्रमुख फसलें हैं। कृषि के साथ पशुपालन और दुग्ध उत्पादन आजीविका के मुख्य साधन हैं। गांव में प्राथमिक से हाईस्कूल तक शिक्षा की सुविधा है। पंचायत द्वारा सीसी रोड, गणगौर घाट और स्कूल की बाउंड्रीवॉल सहित विकास कार्य कराए गए हैं। मंदिर और तालाब के विकास की अपेक्षासमाजसेवी गुरुदयाल सेजगायां सहित ग्रामीणों की मांग है कि प्राचीन मंदिर का संरक्षण, तालाब क्षेत्र का विकास और श्रद्धालुओं के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

जनगणना 2027: द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का आयोजन

बड़वानी। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के सफल क्रियान्वयन हेतु शासकीय आदर्श महाविद्यालय बड़वानी में 12 से 15 अक्टूबर तक जिला एवं चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। 12 एवं 13 अक्टूबर को जिला एवं नगरीय चार्ज से संबंधित अधिकारियों तथा १४ एवं 15 अक्टूबर को ग्रामीण चार्ज अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में जनगणना की परिचालन प्रक्रिया एवं अधिकारियों के दायित्व, सीएम एमएस पोर्टल पर गणना ब्लॉक का गठन, उप-गणना ब्लॉक का सीमांकन, ले-आउट मैप, संक्षिप्त मकान सूची एवं चार्ज रजिस्टर तैयार करना शामिल है।

ग्राम लोहारी में 4564वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



बुरहानपुर। ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत ग्राम लोहारी, जिला खरगोन में 11 अक्टूबर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 60 से अधिक मरीजों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान सभी मरीजों का निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें ब्लड प्रेशर, रक्त जांच एवं वजन की जांच शामिल रही। चिकित्सकों द्वारा मरीजों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। साथ ही किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए भी जागरूक किया गया। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन में आयोजित यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर कबीर चौकसे ने कहा कि ऑल इज वेल हॉस्पिटल का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इसी उद्देश्य के साथ भविष्य में भी विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

ग्राम निवाली में 13 से 17 अक्टूबर तक होने वाले धार्मिक आयोजन का कलेक्टर एवं एसपी ने लिया जायजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी



बड़वानी जिले की निवाली तहसील में 13 से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजन की तैयारियाँ अंतिम चरणों में है । आयोजन को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल ने संयुक्त रूप से बैठक ली। बैठक के पश्चात प्रशासनिक अधिकारियों, आयोजक समिति के पदाधिकारियों के साथ उन्होंने आयोजन स्थल का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा एक विशेष ट्रैफिक डायवर्सन व सुरक्षा योजना लागू की गई है। कथा स्थल और प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

13 से 17 अक्टूबर तक श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की सुविधा के लिए निम्नलिखित डायवर्सन मार्ग निर्धारित किए गए हैं । सेंधवा की ओर से आने वाले वाहन - भारी वाहन - सेंधवा की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहनों का निवाली कस्बे में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। छोटी कार एवं यात्री वाहन - इन वाहनों को सरदार ढाबा-खेड़ी मोरगुन रोड-वझर फाटा मार्ग से वन-वे डायवर्ट किया जाएगा।

पानसेमल की ओर से आने वाले वाहन - सभी भारी वाहनों को दोंदवाड़ा -मालकातर-बोराड़ी-सांगवी-पलासनेर मार्ग से होते हुए महाराष्ट्र एवं बड़वानी की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

बड़वानी की ओर से आने वाले वाहन - भारी वाहनों को पाटी - बोकराटा मार्ग से होते हुए खेतिया की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

सेवा संकल्प अभियान के तहत नशामुक्त भारत का संदेश, युवाओं ने जागरूकता फैलाने का लिया संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय, बड़वानी की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना चौहान एवं निर्मला मौर्य के मार्गदर्शन में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित किये जिसमें शपथ, पेंटिंग, जागरूकता रैली, व्याख्यान एवं नुक्कड़ नाटक शामिल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी. के. वर्मा ने की। सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम के नोडल डॉ मधुसूदन चौबे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आर. एस. मुजाल्दा तथा विशेष अतिथि डॉ. जयकिशन नैनानी रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रणजीत सिंहमेवाड़े ने किया तथा कार्यक्रम के अंत में डॉ. वीरेंद्र सिंह मुजाल्दे ने उपस्थित अतिथियों, प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी. के. वर्मा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन को धीरे-धीरे नष्ट करने वाला गंभीर सामाजिक अभिशाप है।

उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए केवल शासन स्तर पर प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज, परिवार, शैक्षणिक संस्थानों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

जेएनयू मामले में भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका पुतला, राहुल गांधी की चुप्पी पर जताया आक्रोश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन



जेएनयू के पूर्व प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम से जुड़े मामले को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शीला पटेल के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय पर प्रभावी प्रदर्शन किया गया। यहां महिलाओं ने नारेबाजी कर इस मामले में राहुल गांधी की चुप्पी पर नाराजगी दर्ज कराते हुए आक्रोश जताया। महिलाओं ने राहुल गांधी के पुतले की चप्पल से पिटाई करने के बाद आग के हवाले किया।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी कर मामले पर जवाब मांगा। उन्होंने इस मामले में कांग्रेस सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकॉइजाम की गिरफ्तारी की मांग करते हुए बर्खास्त करने के नारे लगाए।मोर्चा की पदाधिकारियों ने कहा कि राहुल गांधी सार्वजनिक मंचों से महिला अधिकारों और सम्मान की बात करते हैं। ऐसे में कांग्रेस सांसद से जुड़े मामले में पार्टी को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। पूर्वा व्यास ने कहा कि महिला सम्मान का मुद्दा केवल राजनीतिक भाषणों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जवाब देही के स्तर पर भी दिखाई देना चाहिए। छात्राओं को न्याय मिलना चाहिए।

न्यूज -कॉलम

गिरफ्त में चाकू दिखाकर हफ्ता मांगने वाला बदमाश

उज्जैन। ग्रेटर रतन एवेन्यू में रहने वाले पवन विश्वकर्मा के घर रात को आये बदमाश अवधेश प्रतापसिंह ने चाकू दिखाकर उत्पात मचाया और हफ्ता देने की बात कहीं। पवन की शिकायत पर चिमनगंज थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया और बदमाश की तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी अवधेश प्रेम एवेन्यू का रहने वाला है। उससे घटना की तस्दीक कराई गई और चाकू बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि पवन विश्वकर्मा पूर्व में सांसद प्रतिनिधि रह चुके है। वहीं आरोपी एमपीईबी कर्मचारी होना सामने आ रहा है। जिसे पुलिस ने न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है।

क्षिप्रा में डूबे युवक के परिजन राजगढ़ से पहुंचे उज्जैन

उज्जैन। रविवार को क्षिप्रा नदी के नृसिंह घाट से एक युवक की लाश मिली थी। महाकाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शिनाख्त के प्रयास शुरू किये थे। युवक राजगढ़ का रहने वाला अजय पिता मोहनलाल शर्मा 30 साल सामने आया था। उसके परिजनों को घटना की सूचना दी गई थी। सोमवार को उज्जैन पहुंचे परिजनों ने बताया कि दोस्त के साथ शनिचरी अमावस्या का नहान करने आया था। दोस्त दर्शन करने महाकाल मंदिर चला गया था, अजय घाट पर रूक था। संभवतः नहाने के दौरान उसकी डूबने से मौत हुई है। पुलिस के अनुसार मृतक अंडरवियर और बनियान में मिला था। उसके कपड़े घाट से गायब थे। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। मृतक के जीजा ने बताया कि अजय अविवाहित था और राजगढ़ में बर्तन की दुकान चलाता था।

पांच अज्ञात आरोपियों ने दी जान से मारने की धमकी

उज्जैन। बिरलाग्राम विधानगर में रहने वाला अनिल पिता कमलेश निषाद 32 साल अपने दोस्त यशवंत पिता मुन्नालाल 31 साल के साथ वार्को सिटी बास्केटबाल ग्राउंड के पास से पैदल विधानगर की ओर आ रहा था। रास्ते में 4 से 5 युवकों ने उन्हे रोका और बेवजह गाली-गलौच करते हुये मारपीट की। युवकों ने दोनों को जान से मारने की धमकी दी और भाग निकले। घटनाक्रम के बाद अनिल और यशंवत बिरलाग्राम थाने पहुंचे और अज्ञात आरोपी युवकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उनका कहना था कि किसी से कोई दुश्मनी नहीं है, युवकों ने क्यों मारपीट कर धमकी दी है, इसका पता नहीं है। पुलिस अज्ञात आरोपियों की पहचान के प्रयास कर रही है।

मकान की पुताई नहीं करने पर युवक से मारपीट

उज्जैन। गवर्मेन्ट कालोनी बिरलाग्राम में रहने वाला गजेन्द्र पिता सुरेश शर्मा रंगाई पुताई का काम करता है। उसे कालोनी में रहने वाले अशोक गिरी ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर नहीं पोतने की बात पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में घायल गजेन्द्र की शिकायत पर पुलिस ने अशोक गिरी और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मारपीट का एक मामला बड़नगर के नागेश्वरधाम कालोनी में किराना दुकान संचालित करने वाले रंजीत पिता रमेशचंद्र परमार के साथ सामने आया। एएसआई सरदारसिंह ने बताया कि घायल का कहना था कि उसकी दुकान पर एक युवक पाऊच लेने आया था। उसने पाऊच खराब देने की बात पर मारपीट की और दुकान में नुकसान किया। मामले में प्रकरण दर्ज कर युवक की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

ट्रेक्टर से गिरा वृद्ध, चालक के खिलाफ केस दर्ज

उज्जैन। गौतमपुरा इंदौर में रहने वाले बाबूलाल पिता मांगीलाल राठौर 55 साल का इंगोरिया स्थित नागावाड़ी में खेत है। बाबूलाल खेत की जुताई के लिये ट्रेक्टर चालक के साथ आये थे। इस दौरान खेत में चालक ने ट्रेक्टर को तेजगति और लापरवाही पूर्वक चलाया। ट्रेक्टर पर बैठे बाबूलाल गिर गये और पहिये की चपेट में आने से घायल हो गये। परिजन उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे थे। 13 दिन बाद परिजनों ने घटना की शिकायत इंगोरिया थाना पुलिस से की। पुलिस ने घायल बाबूलाल के पुत्र अशोक राठौर की शिकायत पर ट्रेक्टर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

चाकू मारक भाग बदमाश

उज्जैन। उन्हेल के ग्राम चांदबड चौक में रहने वाला अनिल उर्फ लाल पिता अशोक जटिया नाला बस स्टेंड देशी शराब दुकान पर रात 11 बजे पहुंचा था। उसी दौरान एक बदमाश ने उसे साथ में शराब पिलाने की बात कहीं। अनिल ने मना किया तो बदमाश ने गाली-गलौच करते हुये पेट में चाकू घोंप दिया और भाग निकला। उन्हेल पुलिस ने चाकू मारने वाले बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

दिन	159-5	690-5
मेन बाजार	159-5	477-8
कल्याण नाइट	899-6	488-0
मिलन डे	117-9	300-3
मिलन नाइट	159-5	250-7
मधुर डे	126-9	228-2
मधुर नाइट	237-2	148-3
शुभांक	3 8	1

प्रतिदिन 30 बंदियों को मिलेगा आराधना का मौका.....

केंद्रीय जेल में माता की भक्ति में कैदियों का गरबा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में नवरात्री का पर्व मानाया जा रहा है। माता की आराधना में कैदी गरबा कर रहे है। 9 दिनों तक अलग-अलग कैदियों को आराधना का मौका दिया जायेगा। जिनके लिये विशेष ड्रेस की व्यवस्था की गई है।

पूरे देश में शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधाना का पर्व शारदीय नवरात्री आस्था और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। पांडालों में माता की आराधना में गरबा नृत्य धूमधाम के साथ चल रहा है। ऐसे में केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में माता की आराधना में संगीन जुर्मो की सजा काट रहे सैकडों बदी माता की भक्ति में डूबे दिखाई दे रहे है। जेल प्रांगण में माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। जहां प्रतिदिन शाम 7 से 8 बजे तक माता की



आराधना हो रही है और कैदियों द्वारा गरबा किया जा रहा है। इस दौरान ढोल भी कैदी बजा रहे और बैंड भी। भजनों की प्रस्तुति भी कैदियों द्वारा दी जा रही है। इस दौरान 500 से अधिक कैदियों द्वारा उपवास रखा जा रहा है। पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है। केन्द्रीय जेल में विशेष पर्वो के साथ राष्ट्रीय पर्व की परंपरा बनी हुई है। लेकिन माता की आराधना में किये जाने वाले गरबों की शुरूआत पिछले वर्ष से की गई है।

जेल प्रशासन ने उपलब्ध कराई खास ड्रेस- जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि माता की आराधना में किये जा रहे गरबों के दौरान कुछ कैदियों के लिये विशेष ड्रेस की व्यवस्था की गई है। गरबों के दौरान पुरूष कैदी लहंगा-चुनरी पहनकर गरबों में शामिल हो रहे है। जेल परिसर में नवरात्री पर्व के चलते साज-सज्जा की गई है। प्रतिदिन होने वाले गरबों में 30 बंदियों को मौका दिया जा रहा है। प्रतिदिन बंदियों को गरबों के लिये बदला भी जायेगा, ताकि सभी को मौक मिल सके।

सुधार के लिये पारिवारिक माहौल के प्रयास

केन्द्रीय जेल में 2 हजार से अधिक बंदी हत्या, दुष्कर्म, हत्या का प्रयास, अवैध मादक पदार्थ मामलों में सजा काट रहे है। जेल प्रशासन द्वारा बंदियों को सुधार का मौका और अपराध से दूर रखने के प्रयास किये जा रहे है। जिसमें जेल की चार दीवारी से बाहर का माहौल भी परिसर में बनाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। कुछ दिन पहले श्राद्ध पक्ष मं बंदियों के लिये अपने पूर्वजों के तर्पण-पिंडदान की व्यवस्था भी की गई थी। उससे पहले रक्षाबंधन का पर्व भी धूमधाम के साथ मनाया गया था। 2 राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी और 15 अगस्त भी कैदियों द्वारा देशभक्ति की प्रस्तुति के साथ मनाया जाता है। यहीं नहीं खुली जेल की शुरूआत भी केन्द्रीय भैरवगढ़ जेल में हो चकी है।

कर्ज में डूबे ग्रामीण ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लाखों के कर्ज में डूबे ग्रामीण ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। परिवार हालत बिगडने पर अस्पताल लेकर पहुंचे थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों के बयान दर्ज आगे की कार्रवाई की जायेगी।

माधवनगर थाना पुलिस को निजी अस्पताल से सूचना मिली थी जहरीला पदार्थ खाने से भर्ती शंकरलाल पिता फतेसिंह चौहान 68 साल निवासी ग्राम मुंडला सौंधिया थाना झारडा की उपचार के दौरान मौत हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया। परिजनों ने बताया कि खेत पर जाने के बाद शंकरलाल ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिवार खेत पर पहुंचा तो हालत बिगडी देखी। पूछने पर जहर खाना बताया। उन्हे उज्जैन लाया गया था। शंकरलाल खेती करते थे। उन पर 5 से 6 लाख का कर्ज हो चुका था। उधार देने वाले दबाव बना रहे थे। पुलिस के अनुसार मामला झारडा थाना क्षेत्र का है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। आगे की विवेचना संबंधित थाना पुलिस द्वारा परिजनों के बयान दर्ज कर शुरू की जायेगी।

इधर परिवार बोला दिमागी संतुलन था खराब- ग्राम बांसखेडी में रहने वाले विक्रम पिता अम्बाराम ने भी रविवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसकी उपचार के दौरान रात में मौत हो गई। सोमवार को भैरवगढ थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया, इस दौरान परिजनों ने बताया कि मजदूरी करता था और कुछ दिनों से दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। पुलिस ने जांच के बाद ही जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने आने की बात कहीं है।

युवक की नहीं बच पाई जान- ग्राम ढाबला हर्दू में रहने वाले मनीष पिता मुकेश गिरी 18 साल को भी परिवार के लोग रविवार को जहर खाने से बिगडी हालत के बाद उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, लेकिन मनीष की जान नहीं बच पाई। मनीष कक्षा 12 वीं का छात्र था। उसने जहर क्यों खाया था, इसका कारण सामने नहीं आया है।

शक्ति स्क्वाड ने युवती का लौटाया मोबाइल



उज्जैन। नवरात्री में महिला सुरक्षा के लिये महिला पुलिसकर्मियों की शक्ति स्क्वाड मैदान में है। स्क्वाड टीम ने गरबा कर लौट रही युवती का मोबाइल गुम होने पर कुछ देर में खोज निकाला। यहीं नहीं युवती को सुरक्षित घर तक पहुंचाया।

नवरात्री में महिला सुरक्षा के लिये एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा 150 से अधिक महिला पुलिस कर्मियों की शक्ति स्क्वाड का गठन किया है, जो शाम 7 बजे से रात 2 बजे तक गरबा पांडालों के साथ मुख्य मार्गो पर तैनात है। पुलिस की ओर से शक्ति स्क्वाड हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किया है। रात में हेल्पलाइन नम्बर पर गरबा पांडाल से लौट रही युवती ने अपनी सहेली के मोबाइल से कॉल किया और बताया कि उसका मोबाइल गुम हो गया है। तत्काल स्क्वाड टीम युवती के पास पहुंची और उसके मोबाइल लोकेशन को ट्रेस किया गया। कुछ देर बाद मोबाइल को खोज निकाला और वापस लौटा गया। इस दौरान देर होने पर युवती को उसके घर तक पहुंचाने में शक्ति स्क्वाड ने मदद की। उज्जैन पुलिस द्वारा अपील की गई है कि नवरात्रि के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी, असुरक्षा अथवा सहायता की आवश्यकता होने पर महिलाएं और युवतियां निःसंकोच पुलिस से संपर्क करें। उज्जैन पुलिस आपकी सुरक्षा एवं सहायता के लिए सदैव तत्पर है।

गिरफ्त से दूर आयुर्वेदिक दवा ठिकाने लगाने वाला कर्मचारी

उज्जैन। मेडिकल पर काम करने वाले कर्मचारी द्वारा लाखों की आयुर्वेदिक दवा ठिकाने लगा दी थी। मेडिकल संचालक की शिकायत पर पुलिस ने अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज किया है। लेकिन आरोपी कर्मचारी सोमवार तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका था। माधवनगर थाना पुलिस द्वारा 3 अक्टूबर को सतीगेट पर रहने वाले रोमेश शर्मा की शिकायत पर उनके मेडिकल धनवंतरी आयुर्वेदिक पर काम करने वाले कर्मचारी राकेश सोलपंखी के खिलाफ लाखों की आयुर्वेदिक दवा ठिकाने लगाकर अमानत में खयानत करने का प्रकरण दर्ज कराया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर राकेश निवासी वृदांवनधाम की तलाश शुरू की थी लेकिन सोमवार तक वह पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका। बताया जा रहा है कि रोमेश शर्मा फ्रीगंज और सतीगेट पर मेडिकल संचालित करते है। राकेश उनके यहां 6 सालों से काम कर रहा था। लेकिन कुछ माह पहले जब हिसाब का मिलान किया गया तो 50 लाख से अधिक की दवाओं की हेराफेरी सामने आई। मेडिकल और गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे देखने पर राकेश दवाईयों का स्टॉक निकालते दिखाई दिया था। उससे पूछताछ की गई तो पहले उसने दवाईयों के पैसे लौटाने की बात कहीं और फिर काम छोडकर भाग गया था। पुलिस द्वारा उसके ठिकानों का पता लगाकर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

गुजरात से 84 साल के वृद्ध को उज्जैन लाई जीआरपी

उज्जैन। कोर्ट पेशी पर नहीं आने के चलते गिरफ्तारी वारंट जारी होने पर जीआरपी की टीम गुजरात से 84 साल के वृद्ध को गिरफ्तार कर उज्जैन लाई। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। जीआरपी थाना प्रभारी सुनील गुप्ता ने बताया कि सालभर पहले मादक पदार्थ का मामला एनडीपीएस की धारा में दर्ज किया गया था। आरोपी रहे जयराम पिता बाबूभाई 84 वर्ष निवासी अमरौली जिला सूरत (गुजरात) को जमानत मिल गई थी। लेकिन विशेष न्यायालय में पेशी के दौरान वह लगातार उपस्थित नहीं हो रहा था और फरार हो गया था। कुछ दिनों पहले न्यायालय से उसका गिरफ्तारी वारंट जारी हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये एक टीम सूरत रवाना की गई थी। रविवार को वारंटी जयराम को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। जिसे कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से जेल भेजा गया है। पूर्व में भी वृद्धावस्था के चलते उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया था। थाना प्रभारी के अनुसार वारंटियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गुजरात से वृद्ध को उज्जैन लाने के दौरान एसआई बीएस कुशवाह और आरक्षक अरुण सारस्वत का सहयोग रहा।

बर्थडे कार्यक्रम में जेल फ्यूल केन में ब्लास्ट, 2 झुलसे

उज्जैन। बर्थडे कार्यक्रम में आयोजित बफेट डिनर के दौरान खाना गर्म करने के लिये लगाई गई जेल फ्यूल केन में सोमवार रात ब्लास्ट हो गया। 2 युवक झुलस गये। दोनों को देर रात चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बताया जा रहा है कि कानीपुरा मार्ग तिरूपतिधाम कालोनी में रहने वाले कालूराम की पुत्री का जन्मदिन था। बर्थडे पार्टी के साथ सुन्दरकांड का पाठ रखा गया था। इस दौरान बफेट डिनर भी था। परिवार के कई सदस्य शामिल हुये थे। रात 10.30 बजे डिनर के दौरान स्टॉल पर खाना गर्म करने के लिये जेल फ्यूल जलाई गई थी। जिसकी केन में अचानक ब्लास्ट हो गया और परिवार के 2 सदस्य मालाराम पिता अशोक राम और गणेश पिता अरमानराम झुलस गये। कार्यक्रम के दौरान अफरा-तफरी मच गई। दोनों को तत्काल चरक अस्पताल लाया गया। परिजनों ने बताया कि दोनों पाइप फैक्ट्री चौराहा पर रहने वाले है और श्री शक्ति जोधपुर स्वीट्स दुकान पर काम करते है, जो परिवार की है। कार्यक्रम उनके भाई के यहां आयोजित किया गया था। दोनों के झुलसने की सूचना अस्पताल स्टॉफ द्वारा चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई है।

चाकू मारकर भाग बदमाश

उज्जैन। उन्हेल के ग्राम चांदबढ़ चौक में रहने वाला अनिल उर्फ लाल पिता अशोक जटिया नाला बस स्टेंड देशी शराब दुकान पर रात 11 बजे पहुंचा था। उसी दौरान एक बदमाश ने उसे साथ में शराब पिलाने की बात कहीं। अनिल ने मना किया तो बदमाश ने गाली-गलौच करते हुये पेट में चाकू घोंप दिया और भाग निकला। उन्हेल पुलिस ने चाकू मारने वाले बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

ब्रिक्स सम्मेलन में उज्जैन के मल्लखंब खिलाडियों ने किया शानदार प्रदर्शन



उज्जैन। शहर के मल्लखंब खिलाडियों ने अहमदाबाद में आयोजित ब्रिक्स पारंपरिक एवं स्वदेशी खेल प्रदर्शन कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए देश का मान बढ़ाया है। मध्यप्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से गई टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय खेल परंपरा, अनुशासन और शारीरिक कौशल की विशिष्टता को प्रस्तुत किया। ब्रिक्स जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच पर मल्लखंब का प्रदर्शन इस प्राचीन भारतीय खेल को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उज्जैन के खिलाड़ियों ने अपनी एकाग्रता, साहस और शक्ति के अद्भुत संगम से विश्व समुदाय को आकर्षित किया। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन के लिए उज्जैन के लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास में 1 से 5 अक्टूबर तक विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाया गया था। इसमें द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित प्रशिक्षक योगेश मालवीय के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अभ्यास कर अपने कौशल को निखारा। लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास मल्लखंब के प्रशिक्षण और संवर्धन के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उज्जैन की टीम की इस उपलब्धि से प्रदेश सहित देशभर के खेलप्रेमियों में उत्साह का माहौल है। न्यास सदस्यों और खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को इस सफलता पर बधाई दी है।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री कमल चौहान पिता श्री रामेश्वर चौहान एवं श्रीमती किरण चौहान पति श्री कमल चौहान नानाखेड़ा, उज्जैतन के संयुक्त स्वामित्व एवं अधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 65 दर्शन एनक्लेव - निवासीगण - 6/16, संत कबीर नगर, ,हामुखेड़ी, देवास रोड, उज्जैन, म.प्र. में है, जिसका कुल क्षेत्रफल 84.50 वर्गमीटर है। मेरे पक्षकार ने उक्त भूखण्ड को क्रय करने का लिखित सौदा कर लिया है, अब उक्त संपत्ति के अनुबंध एवं विक्रय पत्र का निष्पादन कराना शेष रहा है। उक्त संपत्ति पी. एन. बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड, शाखा फ्रीगंज, उज्जैन में ऋण पेटे बंधक है, जिसकी जानकारी विक्रेतागण द्वारा मेरे पक्षकार को दे दी गई है। अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड के अतिरिक्त किसी भी अन्य बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो अथवा उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के अनुबंध एवं विक्रय पत्र का निष्पादन व पंजीयन करवा लेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 12-10-2026 स्थान, उज्जैन

अमित राठौर, सेवा प्रदाता, उज्जैन
कार्यालय- सी-2/12 महाकाल वाणिज्य केंद्र, नानाखेड़ा उज्जैन -7974195596, 9827331732

पश्चिम रेलवे द्वारा अनारक्षित विशेष ट्रेनें बांद्रा टर्मिनस ⇌ गोरखपुर एवं उधना ⇌ जयनगर के बीच

गाड़ी संख्या	प्रस्थान एवं गंतव्य स्टेशन	परिचालन की तिथियां	प्रस्थान	आगमन
09083	बांद्रा टर्मिनस – गोरखपुर	18.10.2026 एवं 25.10.2026	04:30 बजे (रविवार)	19:30 बजे (अगले दिन)
09084	गोरखपुर – बांद्रा टर्मिनस	20.10.2026 एवं 27.10.2026	22:45 बजे (सोमवार)	11:15 बजे (बुधवार)

ठहरावः दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, ईदगाह आगरा, टूंडला, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बाराबंकी, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

09071	उधना – जयनगर	18.10.2026 एवं 25.10.2026	15:45 बजे (रविवार)	11:30 बजे (मंगलवार)
09072	जयनगर – उधना	20.10.2026 एवं 27.10.2026	13:30 बजे (मंगलवार)	08:30 बजे (गुरुवार)

ठहरावः दोनों दिशाओं में वडोदरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा एवं मधुबनी स्टेशन।

09073	उधना – जयनगर	18.10.2026 एवं 25.10.2026	09:50 बजे (रविवार)	05:30 बजे (मंगलवार)
09074	जयनगर – उधना	20.10.2026 एवं 27.10.2026	09:00 बजे (मंगलवार)	07:30 बजे (गुरुवार)

ठहरावः दोनों दिशाओं में वडोदरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा एवं मधुबनी स्टेशन।


उपरोक्त सभी ट्रेनों की संरचनाः शयनयान (स्लीपर) श्रेणी एवं सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच।

उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराये पर विशेष ट्रेनों के रूप में चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial
लाइक एवं फॉलो करें हमें:

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

नवरात्र का महत्व



कहा जाता है कि शरद नवरात्र में जो भी भक्त पूरे नौ दिन पूरे विधि-विधान के साथ मां दुर्गा के नव स्वरूपों की अराधना करता है, उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। नवरात्र वर्ष में दो बार आते हैं- एक चैत्र मास में, उसे चैत्र नवरात्र या वासंती नवरात्र भी कहते हैं। दूसरा दीपावली से ठीक पहले, जिसे शरद नवरात्र कहते हैं। दोनों ही नवरात्रों का अपना अलग-अलग महत्व है और पूजा विधि भी अलग-अलग है। शास्त्रों में कहा गया है कि सभी जीव-जंतुओं में चेतना के रूप में मां देवी तुम स्थित हो। ऐसे में नवरात्र के नौ दिनों के अलग-अलग स्वरूपों को निहारते हुए उनकी अराधना की जाती है। नवरात्र के नौ दिनों में पहले तीन दिन तमोगुणी प्रकृति की अराधना करते हैं, दूसरे तीन दिन रजोगुणी प्रकृति की और आखिरी तीन सतोगुणी प्रकृति की अराधना का महत्व है।

माता दुर्गा के सभी नौ रूपों का भी अलग-अलग महत्व है। माता का पहला रूप शैलपुत्री, दूसरा रूप ब्रह्मचारिणी, तीसरा रूप चंद्रघंटा, चौथा रूप कूष्मांडा, पांचवां रूप स्कंदमाता, छठा रूप कात्यायनी, सातवां रूप कालरात्रि, आठवां रूप महागौरी तथा नौवां रूप सिद्धिदात्री का है। इन नौ स्वरूपों की पूजा में हृदय को शुद्ध और चित्त को विशुद्ध बनाने के लिए अनुष्ठान करना चाहिए। शारदीय नवरात्र शक्ति उपासना का पर्व है, तो शक्ति-भक्ति बढ़ाने का स्रोत भी। इस शक्ति के तीन रूप हैं- ज्ञानशक्ति, द्रव्यशक्ति और क्रियाशक्ति। तीनों रूपों को हमने क्रमशः नाम दिया है- महासरस्वती, महालक्ष्मी और महाकाली। इन शक्तियों से जीवन चक्र चलता है। व्यक्ति के जीवन में, परिवार के जीवन में, समाज के जीवन में, वैश्विक जीवन में जितनी समस्याएं हैं, चाहे वे व्यक्तिगत हों, पारिवारिक हों, सामाजिक हों, वैश्विक हों- सब के मूल में कारण है मोह। मोह रूपी महिषासुर समग्र सृष्टि में उपद्रव मचा रहा है। पराम्बा मां भगवती के इन्हीं तीन रूपों के द्वारा उसे नियंत्रित किया जा सकता है। नवरात्र के पीछे वैज्ञानिक आधार भी है। पृथ्वी द्वारा सूर्य की परिक्रमा में चार संधियां होती हैं। इनमें से मार्च व सितंबर माह में पड़ने वाली गोल संधियों में साल के दो मुख्य नवरात्र पड़ते हैं। इस समय रोगाणुओं के आक्रमण की संभावना अधिक होती है। अतः उस समय स्वस्थ रहने के लिए की जाने वाली प्रक्रिया का नाम नवरात्र है।

सम्पादकीय

आंदोलन की दिशा

जंतर मंतर 2.0 आंदोलन से ऐन पहले जिस तरह कॉकरोच जनता पार्टी के कर्ता-धर्ताओं को जहां-तहां से हिरासत में लिया गया, उसी से यह साफ हो गया था कि दिल्ली पुलिस इस बार कोई ढिलाई बरतने के मूड में नहीं है। उसने न सिर्फ तमाम एहतियाती उपाय किए, बल्कि हजारों प्रदर्शनकारियों को आंदोलन-स्थल पर पहुंचने से पहले ही हिरासत में ले लिया। इसलिए रविवार का दिन अपेक्षाकृत शांत रहा, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस की इस सख्ती पर जिस तरह की टिप्पणी की, उसके गहरे निहितार्थ हैं। गौरतलब है, शनिवार के आंदोलन को देखते हुए कई मेट्रो स्टेशन शुक्रवार रात से ही बंद कर दिए गए थे और नई दिल्ली व हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों पर आने-जाने वाली दर्जनों रेलगाड़ियों को रद्द कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने साफ किया कि कानून के मुताबिक शहर में लोगों की आवाजाही सुचारू रूप से होनी चाहिए और केवल कानून के अनुसार ही गिरफ्तारी की जा सकती है। उसने यह भी स्पष्ट कहा कि जहां भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू नहीं है, वहां ऐसी हिरासत से बचा जाए।

इसका अर्थ है कि प्रशासन को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए कि नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन न हो, साथ ही कानून का राज भी बना रहे। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि आंदोलन की आड़ में अराजक तत्व सक्रिय हो जाते हैं। सोशल मीडिया पर प्रदर्शनकारी महिलाओं के साथ मारपीट के वीडियो इसकी तस्दीक करते हैं। यह अच्छा है कि दिल्ली पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर मारपीट करने वाले लोगों की पहचान की और कुछ को गिरफ्तार किया। सुखद यह भी है कि शीर्ष अदालत ने अगली सुनवाई, यानी मंगलवार तक राजधानी में मेट्रो और इंटरनेट सेवाओं की निर्बाध बहाली सुनिश्चित करने और अनावश्यक बैरिकेड्स हटाने की बात कही है। यह संकेत है कि हमारी संस्थाएं अपने नागरिकों के हितों की रक्षा करना बखूबी जानती हैं। इसलिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रवक्ता को ह्रासमूहिक हिरासत संबंधी खबरों से चिंतित होने का मतलब ही नहीं था, और हमारी सरकार ने भारतीय संविधान की उदारता का हवाला देते हुए उनके इस कृत्य को स्वाभाविक ही आंतरिक मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप बताया है। मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ जिस तरह का माहौल बन रहा है, उसका जल्द अंत होना आवश्यक है। भारतीय चुनाव आयोग की दुनिया भर में साख है और यह भरोसा डिगना नहीं चाहिए।

रेपो रेट की बढ़ोतरी: महँगाई पर लगाम, लेकिन विकास की कीमत पर नहीं

महँगाई की आग और रेपो रेट का ब्रेक

महँगाई किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए केवल बढ़ती कीमतों का सवाल नहीं है, बल्कि यह आम नागरिक की क्रयशक्ति, बचत, निवेश और जीवन-स्तर को सीधे प्रभावित करती है। जब वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें लगातार बढ़ती हैं, तो समान आय में परिवार पहले की तुलना में कम वस्तुएँ खरीद पाते हैं। ऐसी स्थिति में भारतीय रिजर्व बैंक के सामने सबसे महत्वपूर्ण चुनौती मूल्य स्थिरता और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाए रखने की होती है। इसी उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक समय-समय पर रेपो रेट में बदलाव करता है।



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

रेपो रेट वह दर है जिस पर भारतीय रिजर्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को अल्पकालिक धन उपलब्ध कराता है। जब आरबीआई रेपो रेट बढ़ाता है, तो बैंकों के लिए केंद्रीय बैंक से धन लेना महँगा हो जाता है। इसका असर धीरे-धीरे बैंक ऋण की ब्याज दरों पर पड़ता है और घरों तथा व्यवसायों के लिए कर्ज लेना महँगा हो सकता है। यही प्रक्रिया अर्थव्यवस्था में मांग को नियंत्रित करने और मांग-जनित महँगाई को कम करने में मदद करती है। रेपो रेट बढ़ने का सबसे सीधा प्रभाव ऋण की लागत पर पड़ता है। यदि गृह ऋण, वाहन ऋण या व्यक्तिगत ऋण महँगे होते हैं, तो उपभोक्ता नए कर्ज लेने या बड़ी खरीदारी करने से बच सकते हैं। मौजूदा ऋण लेने वालों की ईएमआई भी बढ़ सकती है, जिससे उनकी मासिक आय का बड़ा हिस्सा ऋण चुकाने में चला जाता है। परिणामस्वरूप उनके पास गैर-जरूरी वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च करने के लिए कम धन बचता है। उपभोग में यह कमी कुल मांग को नियंत्रित करती है और मांग के अत्यधिक दबाव से पैदा होने वाली महँगाई को कम करने में मदद करती है।

इसका प्रभाव केवल परिवारों तक सीमित नहीं रहता। कंपनियाँ भी बैंक ऋण के माध्यम से नए कारखाने, मशीनरी, भवन और कारोबारी परियोजनाएँ शुरू करती हैं। ब्याज दर बढ़ने पर परियोजनाओं की वित्तीय लागत बढ़ जाती है। कई कंपनियाँ ऐसे निवेश को कुछ समय के लिए टाल सकती हैं, जिनसे अपेक्षित लाभ ब्याज लागत की तुलना में कम हो। इससे अत्यधिक आर्थिक गतिविधि पर कुछ नियंत्रण आता है और अर्थव्यवस्था में मांग का दबाव कम हो सकता है।

रेपो रेट का एक महत्वपूर्ण प्रभाव बैंकिंग प्रणाली में ऋण वृद्धि पर भी पड़ता है। महँगे ऋण के कारण बैंक ऋण की मांग घट सकती है। यदि अर्थव्यवस्था में कर्ज बहुत तेजी से बढ़ रहा हो और उसके कारण उपभोग तथा निवेश असामान्य रूप से बढ़ रहे हों, तो मौद्रिक सख्ती उस गति को संतुलित करने का काम करती है। महँगाई केवल वर्तमान कीमतों का विषय नहीं है; भविष्य में कीमतें कितनी बढ़ेंगी, इसकी लोगों की धारणा भी महत्वपूर्ण होती है। जब आरबीआई महँगाई के दबाव के बीच रेपो रेट बढ़ाता है, तो वह बाजार को यह संकेत देता है कि केंद्रीय बैंक मूल्य स्थिरता को प्राथमिकता दे रहा है। इससे महँगाई की अपेक्षाओं को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। यदि व्यवसायों और उपभोक्ताओं को विश्वास हो कि केंद्रीय बैंक कीमतों को अनियंत्रित नहीं होने देगा, तो वे भविष्य की कीमतों और मजदूरी को लेकर अत्यधिक मुद्रास्फीतिकारी निर्णय लेने से बच सकते हैं।

रेपो रेट में बढ़ोतरी का एक अन्य संभावित प्रभाव रुपये की विनिमय दर पर पड़ सकता है। अपेक्षाकृत ऊँची घरेलू ब्याज दरें वित्तीय परिसंपत्तियों को अधिक आकर्षक बना सकती हैं और पूँजी प्रवाह को समर्थन मिल सकता है। इससे रुपये पर अत्यधिक अवमूल्यन का दबाव कम हो सकता है। भारत कच्चे तेल सहित कई महत्वपूर्ण वस्तुओं का आयात करता है। रुपये की कमजोरी से आयात महँगा होता है और इससे आयातित महँगाई बढ़ सकती है। इसलिए विनिमय दर में स्थिरता भी महँगाई नियंत्रण में अप्रत्यक्ष भूमिका निभा सकती है।

हालाँकि, रेपो रेट बढ़ाना कोई ऐसा उपाय नहीं है जिसका अर्थव्यवस्था पर केवल सकारात्मक प्रभाव पड़े। इसका सबसे बड़ा जोखिम आर्थिक विकास की गति पर पड़ सकता है। ऊँची ब्याज दरों से परिवारों का खर्च घट सकता है और कंपनियों का निवेश धीमा हो सकता है। इसका प्रभाव आवास, ऑटोमोबाइल, निर्माण और अन्य ब्याज-संवेदनशील क्षेत्रों पर अपेक्षाकृत अधिक पड़ सकता है। छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए यह चुनौती और गंभीर हो सकती है, क्योंकि वे अक्सर बैंक ऋण पर अधिक निर्भर होते हैं। दूसरी ओर, बचतकर्ताओं को बढ़ी हुई ब्याज दरों से कुछ लाभ मिल सकता है। बैंकों द्वारा जमा पर अधिक ब्याज दिए जाने की स्थिति में सावधि जमा और अन्य बचत साधनों का आकर्षण बढ़ सकता है। इससे उपभोग की बजाय बचत को प्रोत्साहन मिलता है, जो अत्यधिक मांग को नियंत्रित करने में सहायक हो सकता है। लेकिन भारत में महँगाई का बड़ा हिस्सा हमेशा मांग से पैदा नहीं होता। खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि, खराब मानसून, आपूर्ति बाधाएँ, वैश्विक जिंस कीमतों में उछाल, कच्चे तेल की कीमत और भू-राजनीतिक संकट जैसी परिस्थितियाँ आपूर्ति-पक्ष की महँगाई पैदा कर सकती हैं। ऐसी स्थिति में केवल रेपो रेट बढ़ाने से समस्या का मूल समाधान नहीं होता। उदाहरण के लिए, यदि प्याज या टमाटर की कीमत आपूर्ति कम होने के कारण बढ़ रही है, तो ब्याज दर बढ़ाने से इनकी आपूर्ति तत्काल नहीं बढ़ेगी।

इसलिए भारत में महँगाई नियंत्रण की रणनीति बहुआयामी होनी चाहिए। आरबीआई को महँगाई और आर्थिक विकास के बदलते संकेतकों के आधार पर रेपो रेट में सावधानीपूर्वक बदलाव करना चाहिए। सरकार को खाद्य भंडारण, कृषि आपूर्ति श्रृंखला, परिवहन, आयात-निर्यात प्रबंधन और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुधारने पर समान रूप से ध्यान देना होगा। ऊर्जा सुरक्षा के लिए कच्चे तेल के स्रोतों में विविधता लाना भी महत्वपूर्ण है। महँगाई और विकास के बीच संतुलन ही मौद्रिक नीति की असली परीक्षा है। बहुत कम ब्याज दरें लंबे समय तक बनी रहें तो अत्यधिक मांग और संपत्ति मूल्यों में असंतुलन पैदा हो सकता है, जबकि अत्यधिक ऊँची दरें आर्थिक गतिविधियों और रोजगार पर दबाव डाल सकती हैं। इसलिए रेपो रेट को महँगाई के खिलाफ एकमात्र हथियार के बजाय व्यापक आर्थिक नीति के एक महत्वपूर्ण औजार के रूप में देखना चाहिए। अंततः रेपो रेट में बढ़ोतरी मांग-जनित महँगाई को नियंत्रित करने, ऋण वृद्धि की गति कम करने और महँगाई की अपेक्षाओं को स्थिर करने में प्रभावी हो सकती है। लेकिन भारत जैसी विशाल और विविध अर्थव्यवस्था में मूल्य स्थिरता केवल ब्याज दरों से हासिल नहीं की जा सकती।

तीन रुपये की मौत

कमरे में चौंसठ साल के जगदीश बाबू फेफड़ों के गंभीर संक्रमण के कारण पिछले तीन हफ्तों से होम ऑक्सीजन कंसंट्रेटर के सहारे सांसें खींच रहे थे। अचानक बिजली कटते ही मशीन की मोटर थम गई और ऑक्सीजन का फ्लो शून्य पर आ गिरा। उनके पच्चीस साल के बेटे अनुराग ने अंधेरे में फोन की रोशनी में देखा कि कंसंट्रेटर की इमरजेंसी बैटरी में सिर्फ बारह मिनट का बैकअप बचा था। अनुराग की कांपती उंगलियों ने बिजली विभाग का सुपर स्मार्ट ऊर्जा ऐप खोला तो स्क्रीन पर लाल रंग का पॉप अप दिखा कि पीक ऑवर डायनामिक टैरिफ के कारण आपका बैलेंस माइनस तीन रुपये चालीस पैसे हो गया है, तत्काल रिचार्ज करें। अनुराग ने तुरंत सौ रुपये का रिचार्ज डालकर यूपीआई पिन दर्ज किया, लेकिन स्क्रीन पर बैंक सर्वर से संपर्क का पहिया घूमने लगा। पिता के सीने से घुरघुराहट की आवाज आने लगी और वे हवा में हाथ उठाकर भागती जिंदगी को थामने की कोशिश कर रहे थे।

घबराकर अनुराग ने चौबीस घंटे वाली एआई पावर्ड हेल्पलाइन पर कॉल लगाया, जहाँ से एक मीठी कम्प्यूटरीकृत आवाज आई कि सभी ऑपरेटर व्यस्त हैं। अनुराग के रोने और चिल्लाने पर भी कंप्यूटर ने शालीनता से कह दिया कि अमान्य इनपुट है और सफल भुगतान के तीन घंटे के भीतर आपूर्ति बहाल होगी। व्यवस्था जब ऑटोमैटिक होती है तो सबसे पहले अपनी आत्मा को फॉर्मेट कर देती है। अनुराग नंगे पैर रात के दो बजे सब स्टेशन की तरफ दौड़ा, लेकिन लोहे के चैनल गेट पर ताला लटक रहा था और डिजिटल भारत का नोटिस बोर्ड लगा था कि अब दफ्तर आने की जरूरत नहीं है।

बदहवास होकर जब वह कमरे में लौटा तो कंसंट्रेटर की लाल बत्ती बुझ चुकी थी और हर तरफ सन्नाटा था। जगदीश बाबू का हाथ चारपाई से नीचे लटक चुका था और उनका शरीर बर्फ जैसा ठंडा हो गया था।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 13अक्टूबर 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:23सूर्यास्त 18:09
आश्विन मास शुक्ला पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि- त्रतिया22:04 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र-विशाखा01:36 उपरांत अनुराधा
योग- प्रीती21:25 उपरांत आयुष्मान
करण -
चन्द्रमा - तुला मे है 21:24 पर वृश्चिक मे प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 30तारिख

मेष- कार्यस्थल पर नई शुरूआत के योग हैं। व्यापार में पुराने निवेश से लाभ मिलेगा।

वृषभ- प्रेम जीवन में आपसी समझ बढ़ेगी। वित्तीय मामलों में दिन शुभ रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, ताजगी रहेगी।

मिथुन- कार्यक्षेत्र में आपके विचार सराहे जाएंगे। व्यापार में मुनाफे के नए रास्ते मिलेंगे।

कर्क- दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा।

सिंह- करियर में मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। व्यापार में नई डील्स फाइनल हो सकती हैं।

कन्या- प्रेम संबंधों में निकटता आएगी। धन लाभ होने के संकेत हैं। ऊर्जा और उत्साह बना रहेगा।

तुला- नौकरी में तरक्की के नए मौके मिलेंगे। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है।

वृश्चिक- परिवार में खुशहाली रहेगी। वित्तीय पक्ष काफी मजबूत होगा। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा।

धनु- नई परियोजना शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। व्यापार में रुके काम गति पकड़ेंगे। स्फूर्ति और ताजगी बनी रहेगी।

मकर- संतान की सफलता से खुशी मिलेगी। आय में वृद्धि होने की संभावना है। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, फुर्ती रहेगी।

कुंभ- आपकी कूटनीति से कार्य हल होंगे। व्यापार में नए समझौते लाभदायक रहेंगे।

मीन- मित्रों के साथ मनोरंजक समय बीतेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। स्फूर्ति और ताजगी बनी रहेगी।

(व्यंग-बाण)

यूपीआई तुम जियो हजारों साल



डिजिटल इंडिया की बुलेट ट्रेन द्रुतगति से दौड़ रही थी। डिजिटल इंडिया का चारों ओर डंका बज रहा था और उस पर यूपीआई अपनी समाज सेवा में लगा था। लेकिन एमडीआर ने आकर ऐसी जंजीर खींची कि द्रुत गति से भागती ट्रेन लड़खड़ाकर पटरी से नीचे उतरने लगी एमडीआर अर्थात मर्चेन्ट डिस्काउंट रेट यह सुनने में कोई डिस्काउंट या छूट लगता हैं लेकिन यह तो व्यापारी या आम आदमी की जेब से कटने वाला कोई टेक्स प्रतीत होता हैं। और इस प्रकार का टेक्स व्यापारी या आम आदमी क्यों भरेगा ? अंततः इसका बोझ तो आम आदमी पर ही आएगा। क्योंकि यूपीआई अपनी समाज सेवा छोड़कर, टेक्स कमाने वाला कमाऊ पूत जो हो गया हैं। एमडीआर नाम का वायरस अब तेजी से फैलने लगा हैं और ऐसा प्रतीत हो रहा हैं, जैसे ये यूपीआई को लील रहा हैं, वो गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती होकर अंतिम साँसे गिन रहा हैं , यूपीआई पर हार टाँगने की शुरूवात होने वाली हैं। या यह कहे-शायद बहुत जल्द केशलेस इंडिया की हवा निकलने वाली हैं। हमें केशलेस इंडिया पर बहुत गर्व हो रहा था। कितना आसान भुगतान सिस्टम, पैसा केरी करने का झंझट ही नहीं। हमने खूब आदत डाली केशलेश होने की। हम अभ्यस्त हो भी गए। मेरा भारत प्रगति कर रहा हैं। विश्व गुरु बनने की तैयारी चल रही हैं। विश्व की बड़ी आर्थिक शक्ति बनने का प्रयास चल रहा हैं हमें गुब्बारा बनाकर खूब हवा भरी, और फिर एमडीआर की पीन ऐसी चुभाई कि- यूपीआई के गुब्बारे की हवा निकलने लगी।

अब तक ये सिस्टम कैसे चल रहा था ? यह भी एक विचारणीय प्रश्न हैं। बिना कोई चार्ज काटे, क्या ये सब कंपनियाँ समाजसेवा कर रही थी। यूपीआई का भूत इस कदर सवार हो गया था कि उन्हें अपनी लाभ-हानि दिखाई नहीं दे रही थी। और अब एमडीआर नाम के ताबीज से वह भूत उतर जाएगा। नहीं भाई, ये कंपनियाँ बहुत ही स्मार्ट हैं और स्वाभाविक भी हैं, घर बेचकर तीर्थ यात्रा करने की हिम्मत किसी में नहीं हैं। ये कंपनियाँ इस प्लेटफार्म से बहुत सारे छुपे हुए व्यापार संचालित करती हैं जैसे झ ई-कामर्स के द्वारा उपभोक्ता वस्तुओं का व्यापार, मोबाईल रिचार्ज, यूटिलिटी बिल पेमेंट, समस्त प्रकार के लोन आदि कार्यों द्वारा कमाई कर रही हैं, इनका दायरा सीमित नहीं विशाल हैं, समंदर सा फैला व्यापार हैं। एमडीआर तो इनके लिए समंदर में से सूई टटोलने जैसा हैं। फिर भी एमडीआर की आवश्यकता क्यों हैं ? एक प्रश्न और भी हैं कि- ये टेक्स, चाहे आप कुछ भी कहो मैं तो इसे टेक्स ही कहूँगा, किसकी जेब में आएगा ? और किसकी जेब से जाएगा ? क्या व्यापारी की जेब से निकलकर सरकार की जेब में या कंपनियों की जेब में या फिर आम आदमी की जेब से निकलकर सरकार की जेब में या कंपनियों की जेब में आएगा। या फिर केशलेस सिस्टम को आम जनता या व्यापारी ठेंगा दिखाने वाले हैं। इन सारे प्रश्नों के जबाव भविष्य के गर्त में छिपे हैं अब शायद यूपीआई तो लोगों की यादों में रहे, या उसको हर बरस बरसी पे याद किया जाए या दिया जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित होंगे, या हार चढ़ेगा, यह किसी को पता नहीं ? हम तो यह चाहते हैं कि- यूपीआई तुम जियो हजारों साल, और यह कामना करते हैं कि- एमडीआर के वायरस से बचाव हो, स्वस्थ्य रहो, मस्त रहो।



नीतिश नागर
(दैनिक अवन्तिका)

देवताओं ने की नौ दिनों तक मां जगदंबा की आराधना



भगवती प्रसाद गेहलोत
(दैनिक अवन्तिका)

सर्वत्र मां जगदंबा की नौ दिनों की आराधना प्रारंभ हो गई है। श्री महादेवजी नारदजी को देवी पुराण में बताते हैं कि' या मूल प्रकृतिः शुद्धा जगदम्बा सनातनी।' अर्थात जो मूल प्रकृति स्वरूपा जगत जननी जगदम्बा है, शुद्ध शाश्वत और सनातन है, वे ही साक्षात , पर ब्रह्म है।

शारदीय नवरात्र में माँ नव दुर्गा के नव रूपों की पूजा-आराधना, पाठ, जाप, यज्ञ, अनुष्ठान, व्रत, दुर्गासप्तशती का पाठ इत्यादि मां भगवती आदि शक्ति को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। भगवान श्रीरामजी ने भी लंका पर चढ़ाई से पूर्व मां भगवती दुर्गा की आश्विन माह में आने वाले शारदीय नवरात्र में आराधना कर विजय का वर प्राप्त किल्या था। तभी से अश्विन मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम नो दिनों में माँ भगवती जगदम्बा का आराधना पर्व शारदीय नवरात्र प्रारंभ हुआ। इन दिनों माँ भगवतीजी के नौ रूपों की नव दुर्गा के रूप में आराधना की जाती है । वे नौ रूप ये हैं जिनका कि सभी स्मरण कर आराधना करते हैं-

प्रथमं शैलपुत्री च द्वितीयं ब्रह्मचारिणी। तृतीयं चन्द्रघंटेति, कुष्माण्डेति चतुर्थकम् ।

पञ्चमं स्कंदमातेति, षष्ठंकात्यायनी च। सप्तमं कालरात्रीति, महागौरीति चाष्टमम ।।

नवमं सिद्धिदात्री च नव दुर्गाः प्रकीर्तिताः। उक्तान्येतानि नामानि ब्राह्मणैव महात्मना।

दुर्गा माता के इन नौ दिनों के बारे में एक पौराणिक कथा आती है। कथानुसार -

प्राचीन काल में दुर्गम नामक राक्षस, ने कठोर तपस्या कर ब्रह्माजी को प्रसन्न कर लिया। उसने वेदों को अपने अधिकार में लेकर देवताओं को स्वर्ग से निष्कासित कर दिया। जिस कारण पूरे संसार में वैदिक कर्म बंद हो गया। इस वजह से चारों ओर घोर अकाल पड़ गया। पेड़-पौधे, नदी-नाले सूखने लगे चारों ओर हाहाकार मच गया। जीव जंतु मरने लगे सृष्टि का विनाश होने लगा। सृष्टि को बचाने के लिए देवताओं ने नौ दिन तक माँ जगदम्बा की आराधना की और माता से सृष्टिको बचाने के लिए विनती की तब माँ भगवती व असुर दुर्गम के बीच के बीच समासान युद्ध हुआ। माँ भगवती ने दुर्गम का वध कर देवताओं को निर्भय कर दिया। तब देवताओं ने माँ भगवती की आराधना की। दुर्गा सप्तशती के बारहवे अध्याय में माँ जगदम्बा दुर्गा सप्तशती में वर्णित अध्यायों के पाठ के संबंध में कहती है - जो पुरुष इन स्त्रोतों द्वारा एकाग्रचित्त होकर मेरी स्तुति करेगा उसके संपूर्ण कष्टों को निः सन्देश में हर लूंगी। मधुकैटभ के नाश, महिसासुर के वध और शुंभ तथा निशुंभ के वध की जो मनुष्य कथा करेंगे अथवा एकाग्रचित्त होकर भक्ति पूर्वक सुनेंगे उनको कभी कोई पाप न रहेगा, पाप से उत्पन्न विपति भी उनको न सताएगी। उनके घर में दरिद्रता न होगी उनको किसी प्रकार का भय न होगा। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को भक्तिपूर्वक मेरे इस कल्याणकार महात्म्य को सदा पढ़ना सुनना चाहिए।

जो श्रद्धाभाव से माँ भगवती की स्तुति करता है, माँ आदि शक्ति उन्हें धर्म में शुभ बुद्धि प्रदान करती है। वहीं मनुष्य के अभ्युदय के समय घर में लक्ष्मी का रूप बनकर स्थित हो जाती है। वास्तव में नवरात्र पर्व अध्यात्मिक उन्नति और स्व साधना से स्व अनुभूति का है। जिसमें मनुष्य को अपने विकारों पर नियंत्रण करने तथा अपने कल्याण के लिए शुद्ध सात्विक आहार-विहार, आचार विचार, जप तप आदि धार्मिक कार्यों को करने का इन नौ दिनों में अवसर प्राप्त होता है। इन नौ दिनों में हम दूसरों को पीड़ा पहुंचाकर, संस्कृति परंपरा को नीचा दिखाकर, लज्जा रहित आयोजन करते हैं। उसमें भाग लेते हैं तो वह माँ भगवती की आराधना नहीं कहीं जा सकती इसलिए आयोजक भी ध्यान रखें सात्विक शक्ति प्राप्त करने की आराधना का पथ जो बतलाया गया है उसी पर चलना होगा, तभी आराधना कहलाएगी।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

धर्म-आस्था

नवरात्रि: शक्ति की आराधना से नारी के सम्मान और स्वाभिमान तक



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

सनातन संस्कृति में नवरात्रि केवल कर्मकांड या अनुष्ठान नहीं, बल्कि शक्ति, साहस, स्वाभिमान और सृजनशीलता का महापर्व है। नौ दिनों तक माँ दुर्गा के नौ रूपों की आराधना होती है। देवालयों में घटस्थापना होती है, अखंड दीप प्रज्वलित होते हैं, वैदिक मंत्रों और हवन की आहुतियों से वातावरण गुंजायमान होता है तथा भव्य पंडालों में आस्था का सागर हिलोरें लेता है।

किंतु इस उत्सवमयी वातावरण के बीच एक यक्ष प्रश्न हमारे अंतर्मन को मथता है—क्या देवी के सम्मुख नतमस्तक होने वाला हमारा समाज अपने आसपास की जीवित नारी(स्त्री) की शक्ति, स्वतंत्रता और अस्मिता को भी उतनी ही सहजता से स्वीकार करता है? मेरा ऐसा मानना है कि शक्ति की सच्ची उपासना केवल देवी की प्रतिमा के सामने शीश झुकाना नहीं, बल्कि नारी के आत्मसम्मान, स्वतंत्रता और समान अधिकारों को जीवन में प्रतिष्ठित करना है।

माँ दुर्गा का तेज हमें अन्याय के विरुद्ध निर्भीक संघर्ष और अधर्म के उन्मूलन का संदेश देता है। वे केवल पूजनीय प्रतिमा नहीं, बल्कि उस अदम्य सामर्थ्य की प्रतीक हैं, जो भीषण संकटों में भी पराजय स्वीकार नहीं करता।

विडंबना यह है कि भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का स्थान दिया गया, फिर भी उसी देश के विभिन्न समाज में आज भी उसकी सुरक्षा, शिक्षा, समान अवसर, स्वायत्तता और गरिमा से जुड़े प्रश्न गंभीर चुनौती बने हुए हैं। एक ओर हम नवरात्रि में कन्याओं के चरण पूजते हैं, तो दूसरी ओर आज भी अनेक बेटियाँ तरह तरह के अपराधों का शिकार हो रही है तथा भेदभाव, सामाजिक कुरीतियों और असुरक्षा के साये में जीने को विवश हैं। यह विरोधाभास हमारी सामाजिक चेतना के सामने एक बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। क्या हमारी भक्ति तीज-त्योहारों और धार्मिक आयोजनों तक सीमित रह गई है? क्या हमने धर्म के बाहरी प्रतीकों को तो अपना लिया, लेकिन उसके मूल संदेश को आचरण में उतारना भूल गए?

नारी-सम्मान का वास्तविक अर्थ केवल औपचारिक प्रशंसा करना या विशेष अवसरों पर देवी के चरणों में पुष्प अर्पित करना नहीं है। सच्चा सम्मान तब प्रकट होता है, जब परिवार में बेटी को बेटे के समान शिक्षा और संसाधनों के अवसर मिलें,बहू को बेटी का दर्जा प्राप्त हो।बेटी हो या बहू उसके निर्णयों का आदर हो तथा उसके सपनों और आकांक्षाओं को पंख मिलें। कार्यस्थल पर हर नारी की प्रतिभा को निष्पक्ष पहचान मिले, और सार्वजनिक स्थलों पर वह भयमुक्त होकर आ-जा सके। जब ये स्थितियाँ जीवन का सहज हिस्सा बनेंगी, तभी शक्ति-पूजा अपने वास्तविक अर्थ को प्राप्त करेगी।

आज की नारी घर की सीमाओं से आगे बढ़कर विज्ञान, तकनीक, अंतरिक्ष, प्रशासन, सैन्य बल, खेल, राजनीति और उद्यमिता के क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही है। वह केवल परिवार की धुरी नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण की महत्त्वपूर्ण भागीदार भी है। अब उसे अबला मानकर संरक्षण देने की मानसिकता से आगे बढ़ने और उसकी क्षमताओं पर विश्वास करते हुए समान अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। नारी-सशक्तीकरण कोई उपकार नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज की अनिवार्य शर्त है।

इस परिवर्तन की यात्रा में परिवार, पुरुषों और सामाजिक संस्थाओं की भूमिका निर्णायक है। बेटों को बचपन से ही महिलाओं के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और समानता का भाव सिखाना होगा। घरेलू कार्यों को केवल स्त्रियों का दायित्व मानने वाली पारंपरिक सोच बदलनी होगी। महिलाओं के प्रति अनुचित टिप्पणियों, सूक्ष्म भेदभाव, उत्पीड़न और हिंसा के प्रति शून्य सहनशीलता का दृष्टिकोण अपनाना होगा। कानून का पालन अपनी जगह आवश्यक है, किंतु स्थायी परिवर्तन केवल कानून से नहीं आता। उसके लिए संवेदनशील चेतना, जिम्मेदार व्यवहार और समानता पर आधारित संस्कार भी जरूरी हैं। जब सम्मान परिवार की सीख और समाज की सहज प्रवृत्ति बन जाएगा, तभी परिवर्तन की नींव मजबूत होगी। नवरात्रि हमें स्मरण कराती है कि अन्याय कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, साहस, सत्य और संकल्प के सामने उसका पराभव संभव है।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,50,200 रवा- 1,50,000 चांदी-टंच- 2,26,000 पाट- 2,25,500।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com



मिट्टी की प्रतिमाएं बनाने वाले कलाकार चौहान का सम्मान

शुजालपुर। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए डॉ. सुशील कुमार गहलोत पिछले 10 वर्षों से अभियान चला रहे हैं। वे बच्चों और युवाओं को मिट्टी एवं गोबर से प्रतिमाएं बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ पर्यावरण हितैषी पहल करने वालों का सम्मान भी करते हैं। इसी क्रम में नवरात्रि के लिए मिट्टी से मां दुर्गा की प्रतिमा तैयार करने वाले कलाकार मोहित चौहान का उनके निवास पर पहुंचकर सम्मान किया। डॉ. गहलोत ने पुष्पमाला पहनाकर, श्रीफ ल भेंट कर और मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान परिवारजन, मित्र और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

शॉर्ट सर्किट से इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम में लगी आग

खातेगांव। सतवास के पुनासा रोड पर भाटी इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम में रविवार शाम अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया। धुआं और लपटें देखकर आसपास हड़कंप मच गया। खबर मिलते ही नगर परिषद की फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने मिलकर आग बुझाने में मदद की। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। असली वजह जांच के बाद ही पता चलेगी। आग से शोरूम में खड़ी एक वैगनआर कार, कुछ इलेक्ट्रिक बाइक और स्कूटी जल गईं।

बाइक टक्कर में महिला घायल, इलाज के दौरान मौत

देवास। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल एक महिला की इलाज के दौरान शनिवार शाम को मौत हो गई। महिला को एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी, जिससे उनके पैर में गंभीर चोट आई थी। सियापुरा निवासी सीमाबाई (50) अपने पति अंतर सिंह के साथ 3 अक्टूबर को मजदूरी कर घर लौट रही थीं। इसी दौरान एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद उन्हें देवास जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार शाम को सीमाबाई को ऑपरेशन के लिए ओटी में ले जाया गया, जहां कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई की है।

सांदीपनि विद्यालय गुलाना की छात्राओं ने इंदौर में सीखे ब्राइडल मेकअप के गुर

शाजापुर। व्यावसायिक शिक्षा विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी उद्देश्य से डॉ. भीमराव अंबेडकर सांदीपनि विद्यालय गुलाना की कक्षा 9वीं से 12वीं तक की ब्यूटी एंड वेलनेस वोकेशनल ट्रेड में अध्ययनरत लगभग 118 छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण के अंतर्गत इंदौर स्थित फीनिक्स मॉल में आयोजित इंडियन ब्राइडल फैशन शो में शामिल होने का अवसर मिला।

शक्ति की भक्ति में सजा शुजालपुर, गूंजे जयकारे

40 फीट ऊंचे दरबार में विराजी माता, सजे पांडाल, विधि-विधान से हुई घट स्थापना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

शक्ति आराधना का पर्व शारदीय नवरात्रि रविवार को नगर सहित अंचल में श्रद्धा और उत्साह के साथ शुरू हुआ। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समितियों ने 42 से अधिक स्थानों पर झांकियां सजाईं। देवी मंदिरों में आकर्षक विद्युत एवं पुष्प सज्जा की गई। सुबह से ही ढोल-नगाड़ों के साथ चल समारोह के रूप में देवी प्रतिमाएं पांडालों तक पहुंचीं। घरों में भी घट स्थापना कर श्रद्धालुओं ने उपासना शुरू की।

नगर में करीब 46 वर्षों से कई समितियां झांकियां सजाने की परंपरा निभा रही हैं। शाम होते ही पांडालों में सजी झांकियां देखने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। दुर्गा दरबार, केलादेवी मंदिर, गायत्री मंदिर, काली मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर और कामेश्वरी मंदिर सहित प्रमुख देवालयों में धार्मिक आयोजन शुरू हुए। जटाशंकर परिसर स्थित बाला त्रिपुर सुंदरी राजराजेश्वरी नवदुर्गा माता का आकर्षक श्रृंगार किया गया। आचार्य जितेंद्र चौबे ने बताया कि नवरात्रि में दिव्य श्रृंगार, नाम अर्चन, पूजा आवरण और सप्तशती पाठ होंगे। नवमी



पर हवन-पूर्णाहुति और कन्या भोज आयोजित किया जाएगा। दुर्गा दरबार में भी गरबा आयोजन को लेकर तैयारियां की गई हैं।

नगर में लगभग 44 स्थानों पर देवी माँ की प्रतिमा पांडाल में विराजित की गई। माता के भक्त अपनी श्रद्धा व स्थिति अनुसार पांडालों में व्यय कर रहे है। कुछ स्थानों पर बच्चों ने अपने हाथों से प्रतिमा और पांडाल निर्मित कर श्रद्धा भाव के साथ देवी माँ को विराजित किया तो कुछ स्थानों पर देवी भक्तों के सहयोग से भव्य पांडाल भी बनाए गए है। मंडी में श्रीनाथ मंदिर के समीप माता ज्वाला देवी और माता वैष्णो देवी का 40 फीट ऊंचा दरबार सजाया गया है। यहां पर हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा स्थित ज्वाला देवी मंदिर की ज्योत से अग्नि प्रज्वलित की जाएगी।

तीन दिवसीय गरबा महोत्सव

वर्ष 2009 से लगातार आयोजित हो रहा सखी सहेली डांडिया रास गरबा महोत्सव एक बार फि र नगर में उत्साह और उमंग का रंग बिखेरने जा रहा है। नगर ही नहीं जिले के इस अनूठे आयोजन का मातृशक्ति पूरे वर्ष इंतजार करती है। इस वर्ष भी सभी के सहयोग से तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन 13 से 15 अक्टूबर तक श्री रामचंद्र चौबे स्मृति शिक्षा निकेतन परिसर में किया जाएगा।



एमजी कॉन्वेंट स्कूल से दस हजार उड़ा ले गए चोर

शाजापुर। थाना कोतवाली से चंद कदम दूर स्थित स्कूल पर धावा बोलते हुए चोरों ने नकदी पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाने के ठीक सामने स्थित एमजी कॉन्वेंट स्कूल में चोरों ने शनिवार देर रात दफ्तर का ताला तोड़ा और बदमाश करीब 10 हजार रुपए चुराकर ले गए। रात करीब 1 बजे के आसपास हुई घटना का स्कूल के फादर जॉर्ज को रविवार सुबह पता चला, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी खबर दी। चोरी की यह पूरी वारदात स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें दो चोर साफ नजर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और फिंगरप्रिंट्स जुटाने के साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

अग्रसेन जयंती पर निकला चल समारोह, जगह-जगह हुआ स्वागत



शुजालपुर। अग्रवाल समाज ने रविवार को महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती उत्साह के साथ मनाई। इस अवसर पर श्रीराम मंदिर शुजालपुर मंडी से महाराजा अग्रसेन की झांकी के साथ चल समारोह निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। नगर के विभिन्न स्थानों पर चल समारोह का स्वागत किया गया। चल समारोह एटीएम चौराहा, दिगंबर जैन मंदिर रोड, एमजी रोड, रोकडि?ा हनुमान मंदिर और लोहिया मार्ग से होते हुए भीलखेड़ी रोड स्थित गार्डन पहुंचा। यहां महाराजा अग्रसेन का पूजन-अर्चन और आरती की गई। इसके बाद प्रसाद वितरण और सामूहिक सहभोज हुआ। जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज ने दो दिवसीय विभिन्न आयोजन किए।

शाजापुर के अतुल का एशियाई डॉज बॉल चैंपियनशिप में चयन



शाजापुर। हाई सेकेंडरी ग्राउंड के खिलाड़ी अतुल शर्मा का चयन एशियाई डॉज वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए किया गया है। दक्षिण कोरिया में चैंपियनशिप 9 से 11 अक्टूबर को है। चंडीगढ़ में चल रही राष्ट्रीय कैंप में भारतीय टीम के लिए अतुल का चयन हुआ है। इस अवसर पर ग्राउंड के वरिष्ठ खिलाड़ी अभय भोसले, अरुण गवली, डॉ.अजय हनोतिया, गिरीश सोनी, देवेन्द्र घार्वे, दीक्षांत भिलाला, शाजापुर स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 प्रगतिशील किसानों को मंच से सम्मानित किया गया।

त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अलर्ट नगर में ड्रोन से की सघन निगरानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर में शांति, कानून-व्यवस्था और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद हो गया है। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चाक-चौबंद करने तथा असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के उद्देश्य से शाजापुर शहर में ड्रोन कैमरों के माध्यम से सघन निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।

इसके तहत रविवार को पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा शहर के प्रमुख और भीड़भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन से चप्पे-चप्पे की सर्चिंग की गई। इस दौरान विशेष रूप से शहर के हृदय स्थल माने जाने वाले छोटा



चौक, बड़ा चौक, नई सड़क और इससे लगे अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में आसमान से स्थिति का जायजा लिया गया।

ड्रोन कैमरों की मदद से पुलिस ने संकरी गलियों, ऊंची इमारतों और मकानों की छतों पर विशेष नजर रखी, ताकि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति या गड़बड़ी को समय रहते रोका जा सके।

पुलिस अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि त्योहारों के दौरान शहरवासियों की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। ड्रोन से की जा रही इस निगरानी का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आमजन भयमुक्त होकर त्योहार मना सकें और असामाजिक तत्वों में कानून का खौफ बना रहे। आने वाले दिनों में भी सुरक्षा की दृष्टि से इसी तरह की सघन चेकिंग और निगरानी अभियान जारी रहेगा।

मां की आराधना का पर्व नवरात्रि में देवी मंदिरों में आस्था की भीड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

त्रिपुरसुंदरी मां भवानी की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्रि घट स्थापना के साथ शुरू हो गया और अब भक्त माताराणी को मनाने के लिए पूरे नौ दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना करेंगे। रविवार को मां भवानी की आराधना और दर्शन के लिए अलसुबह से भक्तों का तांता शहर के देवी मंदिरों में लगा रहा। शहर के प्रसिद्ध मां राजराजेश्वरी मंदिर में सुबह विधायक अरूण भीमावद, कलेक्टर ऋतु बाफना, पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने घटस्थापना कर महाआरती की। इसीके साथ ही पंडालों में शक्ति की प्रतिमा विराजित की गईं। नवरात्रि के पहले दिन भक्तों ने मां शैलपुत्री स्वरूप की पूजा कर मंगलकामनाएं की। वहीं शहर के प्रसिद्ध मां राजराजेश्वरी मंदिर में मां की महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि शक्ति के सभी स्थलों पर मां की आराधना के पर्व की धूम शुरू हो गई है और इसीके चलते शहर के कसेरा बाजार स्थित रूपा माता मंदिर, प्राचीन लालबाई-फूलबाई मंदिर अनेक मंदिरों में घट स्थापना और महाआरती की गई।

पंडालों में शुरू भक्ति

नवरात्रि के प्रारंभ होते ही रविवार रात से शहर के पंडालों में विराजमान मां आदिशक्ति की आराधना भी शुरू हो गई। इसीके साथ देवी मंदिरों में विभिन्न आयोजनों की गंगा बहने का सिलसिला भी शुरू हो गया। इसी तरह मंदिरों में जहां नौ दिवसीय अखंड रामायण पाठ का आयोजन शुरू हुआ तो वहीं पंडालों में शक्ति की भक्ति को लेकर गरबे भी शुरू हुए जिसमें महिलाओं, युवतियों ने शामिल होकर प्रस्तुति दी।



बलाई समाज की चौपाल पर हुई सामाजिक एकता व भागीदारी पर चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

सर्व बलाई समाज की सामाजिक चिंतन एवं संवाद बैठक मालवीय बलाई समाज धर्मशाला जामनेर में हुई। इसमें इंदौर के वरिष्ठ समाज नेता एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अनुसूचित जाति अध्यक्ष राजेंद्र राधाकिशन मालवीय सहित शुजालपुर, कालापीपल, कुरावर और आसपास के क्षेत्रों से समाजजन शामिल हुए।

बैठक में न मंच बनाया गया, न माला-साफ ा पहनाकर सम्मान की औपचारिकता हुई और न ही मुख्य अतिथि की व्यवस्था रही। सभी समाजजन चौपाल की तरह एक साथ बैठकर संवाद में शामिल हुए।

राजेंद्र मालवीय ने कहा कि समाज की प्रगति शिक्षा, एकता और आपसी सहयोग से संभव है। उन्होंने कहा हम किसी की लाइन काटने नहीं आए हैं, हम अपनी लाइन बड़ी करने की बात करने आए हैं। वक्ताओं ने युवाओं को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक गतिविधियों में आगे आने तथा समाज की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। बाल विवाह, दहेज, नुक्ता प्रथा और अनावश्यक खर्च जैसी सामाजिक कुरीतियों पर भी चर्चा हुई। पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष रामसिंह मालवीय, पूर्व मंडी अध्यक्ष नर्बदा प्रसाद सिसोदिया, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अशोक मालवीय, सुरेश मालवीय, एडवोकेट मांगीलाल मालवीय, एडवोकेट नरेंद्र मालवीय और कबीरपंथी धर्मदास मालवीय सहित अन्य वक्ताओं ने विचार रखे। सभी ने राजनीतिक विचारधाराओं से ऊपर उठकर समाजहित के मुद्दों पर एकजुटता की आवश्यकता बताई।

स्कूली बच्चों ने डाकघर का कामकाज समझ

राष्ट्रीय डाक सप्ताह के तहत दौरा, जरूरी दस्तावेज भेजने में विभाग की अहम भूमिका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर में सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों ने नई सड़क स्थित मुख्य डाकघर का दौरा किया। इस दौरान छात्रों ने डाकघर का कामकाज समझा और कार्यालय का दौरा किया। शाजापुर में 9 से 15 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका मकसद नागरिकों को डाक सेवाओं के प्रति जागरूक करना है।

विद्यार्थियों ने डाक विभाग की शाखाएं देखीं। उन्होंने पत्रों के संकलन से वितरण तक की प्रक्रिया समझी। साथ ही, डाकघर की योजनाओं और सेवाओं की जानकारी भी ली। राष्ट्रीय डाक सप्ताह के तहत शहर के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में प्रदर्शनियों और जागरूकता शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है। आने वाले दिनों में अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों को भी मुख्य डाकघर का भ्रमण कराकर डाक सेवाओं और योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा।



पोस्टमास्टर ने डिजिटल सेवाओं की जानकारी दी

मुख्य पोस्टमास्टर हरि शंकर वट ने उन्हें डाकघर के कामकाज, बचत, बीमा और डिजिटल सेवाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा की डिजिटल संचार के दौर में भी, सरकारी और जरूरी दस्तावेजों को भेजने में डाक विभाग की भूमिका अहम है। डाक विभाग अपनी सेवाओं के माध्यम से लोगों तक पहुंच बनाए हुए है।

झाड़ियों में मिली लावारिस बाइक

सारंगपुर। नगर के रानी रूपमती तालाब किनारे शुक्रवार को झाड़ियों में एक लावारिस मोटर साइकिल मिलने से क्षेत्र में चर्चाएं शुरू हो गईं। संदिग्ध हालत में खडी बाइक देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची सारंगपुर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं संबंधित को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने 1. शंकर सारवान पिता श्री तोलाराम सारवान, 2. तोलाराम जी सारवान पिता श्री छन्नुलाल जी सारवान 3. राम सारवान पिता श्री शंकर सारवान, निवासीगण 10, चैबीस खंबा मार्ग, पुराने महाकाल थाने के पास उज्जैन म.प्र के स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति भवन क्रं. 11/4, चैबीस खंबा मार्ग, गली नं. 02, पुराने महाकाल थाने के पास उज्जैन म.प्र. में स्थित हैं, को सर्वभार मुक्त अवस्था में क्रय करने का अनुबंध किया होकर, प्रतिफल की आशिंक धनराशि का भुगतान कर दिया हैं सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से पन्द्रह दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने, अन्यथा मिले अन्यथा बाद मियाद विक्रय पत्र पंजीयन करवा लिया जावेगे इसके पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति हमारे हमारे पक्षकार एवं संपत्ति पर बधंक कारक नहीं होगी ।

रविन्द्र उपाध्याय (सर्विस प्रोवाईडर)
भवन क्रं. 16/1, वराह मिहिर मार्ग, भार्गव काम्प्लेक्स, तीनबत्ती चौराहा, उज्जैन, म.प्र. मोबाइल न. 9425093137

In The Court Of IV Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain Presiding Officer:
श्री अनुराग शर्मा
आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MIC SUP0000050/2026)
श्रीमती मंजुबाई---------- आवेदक
Vs
सर्वसाधारण----------अनावेदक
Process Id-/2026
पेशी दिनांकः 12/11/2026

प्रेषिती
सर्वसाधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मंजुबाई पति स्वर्गीय श्री आशुतोष शास्त्री, आयु लगभग 60 वर्ष, व्यवसाय गृहिणी, निवासी-मकान नंबर 16/1, कालिदास मार्ग फ्रीगंज उज्जैन म प्र की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन उसके पति स्व. श्री आशुतोष शास्त्री का एक बचत खाता क्रमांक 687011030498 मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) शाखा I, कमला नेहरु मार्ग फ्रीगंज उज्जैन म प्र में संचालित है, आवेदिका के पति का स्वर्गवास दिनांक 05/09/2024 को उज्जैन शहर में हो चुका है, आवेदिका के पति ने उक्त बैंक खाते में परिवार के किसी सदस्य को नॉमिनी नामित नहीं किया था। आवेदिका के अतिरिक्त स्व. आशुतोष शास्त्री के दो पुत्र मोहित शास्त्री एवं मोहक शास्त्री पिता स्व. श्री आशुतोष शास्त्री है। उक्त के अलावा अन्य कोई भी उत्तराधिकारी नहीं है, स्व. आशुतोष शास्त्री ने अपने जीवनकाल में परिवार के किसी भी व्यक्ति के हित में कोई वसीयत भी नहीं की है। उक्त बैंक में जमा राशि प्राप्त करने के अधिकारी है। आवेदिका पता ने मृतक स्व. आशुतोष शास्त्री निवासी मकान नंबर 16/1. कालिदास मार्ग फ्रीगंज उज्जैन म प्र की उक्त बैंक के उक्त खाते में जमा राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 12 नवम्बर 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 12 नवम्बर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत. यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 07 अक्टूबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(अनुराग शर्मा)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, उज्जैन (म.प्र.)

कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

In The Court Of IV Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain Presiding Officer:
श्री अनुराग शर्मा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(EX A/0000020/2026)
जमनालाल शर्मा ----- वादी
Vs
राजेन्द्र सिंह-------- प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांकः 03/11/2026

प्रेषिती

(1) राजेन्द्र सिंह पिता भारतसिंह भदौरिया पता 11 विद्यापति नगर उज्जैन वादग्रस्त स्थल मकान नं 2 व 3 चंपाकुंडी बहादुरगंज उज्जैन

यह कि प्रार्थी जमनालाल शर्मा आत्मज रामचंद्र शर्मा, निवासी-86 निजातपुरा उज्जैन द्वारा मुख्त्याआम मोहनलाल चौबे आत्मज गुलाबशंकर चौबे, आयु-57 वर्ष, निवासीगण भवन क्रं. 2 व 3 खिरवडकर मार्ग गली नं 2 चम्पाकुंडी उज्जैन मप्र द्वारा एक जयपत्र प्रवर्तन के लिये आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 21 नियम 11 सीपीसी का न्यायालय द्वारा वाद क्रमांक आरसीएस ए/113/2018 आदेश दिनांक 02/12/2025 के अनुसार आपके विरुद्ध प्रवर्तन संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 07 अक्टूबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(अनुराग शर्मा)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, उज्जैन (म.प्र.)

कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01-श्रीमती देवकुंवरबाई पति श्री प्रतापसिंह, 02-श्री प्रतापसिंह पिता स्व. मदनसिंह, 03-श्री हाकमसिंह पिता स्व. मदनसिंह, 04-श्री धर्मेन्द्रसिंह पिता स्व. मदनसिंह, 05-श्री अर्जुनसिंह पिता स्व. मदनसिंह, 06-श्री यादवसिंह पिता स्व. मदनसिंह, 07-श्रीमती राजुबाई पुत्री स्व. मदनसिंह, 08-श्रीमती गुडडीबाई पुत्री स्व. मदनसिंह, 09-श्रीमती निर्मलाबाई पुत्री स्व. मदनसिंह, एवं 10-श्रीमती कमलाबाई पति स्व. मदनसिंह, समस्त जाति-राजपुत समस्त कृषक ग्राम शक्करखेड़ी तहसील झारड़ा जिला उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त एवं प्रथक-प्रथक मालिकी स्वामित्व में सर्वे नं.-91/1 (S) रकबा 1.2700 हेक्टर, 92 (S) रकबा 1.1300 हेक्टर एवं 93/1 (S) रकबा 0.2700 हेक्टर कुल किता 03 कुल रकबा 2.6700 हेक्टर जो कि ग्राम शक्करखेड़ी तहसील झारड़ा जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामीयो से कर आंशिक राशि अदा कर दी है। शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी रहा है। उक्त कृषि भूमि पर भूमि स्वामीयो के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया गया हो अथवा स्वत्व, हित व आधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक-12.10.2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)
मोबा. 94259-46659

न्यायालय अपर कलेक्टर जिला उज्जैन (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक-0033/निगरानी/2026-27

निगरानी सूचना समस आदेश 05 नियम 1 सी.पी.सी

मोहनलाल पिता बालाराम, निवासी ग्राम पिठोरा, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन ----------आवेदक

विरूद्ध

1. संजय पिता गोवर्धनलाल,
2. चन्द्रभानसिंह पिता शम्भुसिंह राठोड, निवासी ग्राम लोहाना, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन
3. जगदीश पिता छिता,
4. भेरूलाल पिता घीसा,
5. राकेश पिता बालाराम,
6. दिनेश पिता कैलाश,

निवासी ग्राम पिठोरा, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन ....अनावेदकगण

आप अनावेदकगण के विरूद्ध आवेदक के द्वारा न्यायालय तहसीलदार, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन म.प्र. के प्रकरण कमांक-0004/अ-13/2025-26 में पारित आदेश दिनांक-22.06.2026 से व्यथित होकर इस न्यायालय के समक्ष यह निगरानी प्रस्तुत की है।

उक्त निगरानी प्रकरण की सुनवाई हेतु दिनांक-15.10.2026 नियत की गई है। इसलिए आप अनावेदकगण उक्त निगरानी के संबंध में सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिए जिस पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो मय दस्तावेजों के उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में उपस्थित होकर अपने पक्ष प्रस्तुत करें। अनावेदकगण की अनुपस्थिति में निगरानी की सुनवाई का निपटारा नियमानुसार किया जावेगा।

(अपर कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)

अपर कलेक्टर
जिला उज्जैन (उ.प्र.)

आयुर्वेद के छात्रों ने अस्पताल गेट पर जड़ा ताला

उज्जैन। आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं ने सोमवार को कॉलेज और अस्पताल के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया। करीब 200 विद्यार्थियों के प्रदर्शन के कारण अस्पताल में पांच घंटे तक कामकाज प्रभावित रहा। सुबह 9 बजे खुलने वाला अस्पताल दोपहर 2 बजे तक बंद रहा। इस दौरान इलाज के लिए पहुंचे मरीजों के साथ डॉक्टरों और अस्पताल के कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।विद्यार्थी पिछले सात दिनों से स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। सोमवार को उन्होंने आंदोलन तेज करते हुए तालाबंदी कर दी। कॉलेज के प्राचार्य ओपी व्यास और अस्पताल अधीक्षक मुकेश गुप्ता ने विद्यार्थियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे मांग पूरी करने संबंधी लिखित आश्वासन पर अड़े रहे। तहसीलदार शेफाली जैन और पुलिस बल ने भी करीब एक घंटे तक विद्यार्थियों को समझाया, लेकिन सहमति नहीं बन पाई। प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों का आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन और अधिकारियों ने उन पर एफआईआर दर्ज करने की धमकी दी और ताला खुलवाने के लिए दबाव बनाया। विद्यार्थियों के अनुसार, वे अपनी मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे और चाहते थे कि सरकार की ओर से स्टाइपेंड बढ़ाने के संबंध में लिखित आदेश दिया जाए। इसके बाद दोपहर करीब 2 बजे विद्यार्थियों ने अस्पताल का गेट खोल दिया। विद्यार्थियों की प्रमुख मांग बीएएमएस इंटर्न का स्टाइपेंड बढ़ाकर 21,500 रुपये प्रतिमाह करना है। उनका कहना है कि वर्तमान में मध्यप्रदेश में बीएएमएस इंटर्न को 9,383 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है, जो उनकी जिम्मेदारियों और ड्यूटी के हिसाब से कम है। विद्यार्थियों ने दूसरे राज्यों में मिलने वाले स्टाइपेंड का हवाला देते हुए मध्यप्रदेश में भी मानदेय बढ़ाने की मांग की है। प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों का कहना है कि बीएएमएस और एमबीबीएस इंटर्न अस्पतालों में ड्यूटी के दौरान महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाते हैं। इसके बावजूद दोनों के स्टाइपेंड में अंतर है। विद्यार्थियों का तर्क है कि समान प्रकृति का कार्य करने वाले इंटर्न को समान मानदेय मिलना चाहिए। उन्होंने सरकार से स्टाइपेंड बढ़ाने का निर्णय तत्काल लागू करने की मांग की है।

पुंछ में 4 आतंकियों की मौत घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (स्पष्ट) के पास घुसपैठ की कोशिश के दौरान बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष कमांडर समेत चार आतंकियों के मारे जाने की खबर है।चारों आतंकियों की पहचान मोहम्मद इश्तियाक, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद वकास और मोहम्मद असीम के रूप में हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आतंकियों का यह समूह सोमवार दोपहर बाद कृष्णा घाटी सेक्टर के नंगी टकरी इलाके में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान वे बारूदी सुरंगों वाले क्षेत्र में पहुंच गए, जिससे जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट में चारों आतंकियों की मौके पर ही मौत हो गई।भारतीय सुरक्षा बलों ने पूरे सेक्टर में अलर्ट जारी कर दिया है। नियंत्रण रेखा पर निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी संभावित सुरक्षा चूक को रोका जा सके।

कैंसर रोधी दवाओं पर 30 प्रतिशत ट्रेड मार्जिन की सीमा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कैंसर की दवाओं पर ट्रेड मार्जिन 30त्न तक सीमित करने के केंद्र के फैसले पर सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि सरकार के जवाब में खुश होने जैसा कुछ नहीं है। कोर्ट ने पूछा कि जब कैंसर की दवाओं पर मार्जिन तय किया जा सकता है, तो दूसरी दवाओं पर ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता? केंद्र ने बताया कि इस फैसले से मरीजों को सालाना करीब 2,500 करोड़ रुपए की बचत होने की उम्मीद है। कोर्ट ने दवाओं की कीमत तय करने के तरीके पर जानकारी देने के लिए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को 27 अक्टूबर तक का समय दिया।

कांग्रेस के 3 जिला अध्यक्ष हिरासत में

भोपाल/दिल्ली। कांग्रेस समेत ब्लॉक की विपक्षी पार्टियां आज 'दिल्ली मार्च फॉर डेमोक्रेसी' के तहत सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करेंगी। इसके लिए मध्य प्रदेश से भी पार्टी नेता दिल्ली पहुंचे हैं। वहीं, दिल्ली जाने की कोशिश कर रहे मुरैना ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र जाटव और भिंड शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र भदौरिया को स्थानीय पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उन्हें करीब 12 घंटे बाद छोड़ा गया। श्योपुर विधायक बाबू जंडेल के घर भी पुलिस पहुंची। उनको हिरासत में लिया गया है या नहीं, ये फिलहाल क्लियर नहीं हो सका है। कांग्रेस का आरोप है कि पुलिस कार्रवाई के जरिए पार्टी नेताओं को दिल्ली पहुंचने से रोका जा रहा है।

धीरेंद्र शास्त्री बोले -देश में कास्टवाद नहीं

पन्ना। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता रथयात्रा सोमवार को पन्ना के अमानगंज पहुंची। श्रद्धालुओं ने जेसीबी से फूल बरसाकर स्वागत किया। शास्त्री ने कहा- भारत में कास्टवाद नहीं, राष्ट्रवाद जरूरी है। अगर सभी हिंदू एकजुट नहीं हुए, तो आने वाला समय बहुत खराब हो जाएगा।अमानगंज में यात्रा के दौरान जाम लगने से लाला कलापत सिंघानिया स्कूल की दो बसें करीब 20 मिनट तक फंसी रहीं। शास्त्री ने बस में बैठे बच्चों को हाथ हिलाकर जय श्रीराम कहा और उनका हालचाल जाना।वहीं, करीब 6 लोगों की सोने-चांदी की ज्वेलरी चोरी होने की जानकारी सामने आई है। स्थानीय लोगों ने चोरी के शक में दो महिलाओं को पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

रिटायर्ड अधिकारी के हत्यारे का अब तक सुराग नहीं

भोपाल। भोपाल में 30 सितंबर को रिटायर्ड अधिकारी राकेश अग्रवाल की हत्या कर भागे वरुण कुमार का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है। हालांकि, भोपाल रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरों में उसकी गतिविधियां कैद हुई हैं। ये फुटेज 30 सितंबर के तड़के 3:51 बजे का है।मेडिसिनल केयरटेकर वरुण की तलाश में भोपाल पुलिस मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में उसके संभावित ठिकानों और संपर्कों की पड़ताल कर रही है। उसके 100 से ज्यादा रिश्तेदारों और दोस्तों से पूछताछ की जा चुकी है।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा मकान नं **14, दशहरा मेदान** अनुपूरक योजना उज्जैन जो की बैंक ऑफ इंडिया के पिछे उज्जैन पर स्थित है उपरोक्त मकान के संबंध में एक प्रकरण प्रथम व्यवहार न्यायधीश के द्वितिय अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड उज्जैन, जिला उज्जैन म.प्र. के न्यालय मे प्रस्तुत हुआ था जो की प्रकरण क्रमांक RCSA / 578/2022 साम्पातिकवाद **असीम जुनेजा विरूद्ध उषा जुनेजा** के शीर्षक पर सुश्री दिपिका यादव श्रीमान के न्यायालय में प्रस्तुत हुआ था जिसमें वादी **असीम जुनेजा के पक्ष मे दिनांक 25/09/2026 को अस्थाई निषेधाज्ञा (STAY) प्रदान की गई है।** उपरोक्त संपति के संबंध में कोई भी पक्ष किसी प्रकार का ऋण, भार, भोझा, अंतरण जमानत, पट्टा, किराया नामा, अथवा किसी भी प्रकार का अंतरण इत्यादि नही करे अन्यथा माननीय न्यायालय के आदेश दिनांक 25/09/2026 का विपरित होकर उल्लंघन होगा सर्व साधारण को सूचित हो। इति दिनांक 13/10/2026

इति ((द्वारा अभिभाषक)

प्रदीप शर्मा एडवोकेट
21 घटकर्रपर मार्ग फ्रिगंज उज्जैन मो. नं 9424014170

जाहिर सूचना

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भुमि स्वामी राकेश प्रतापसिंह चौहान पिता सुरेन्द्र सिंह चौहान से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भुमि सर्वे नंबर 194/2 रकबा 0.400. हेक्टर मे से विकित रकबा 0.200 हेक्टर भुमि जो कि ग्राम बोरखैडी तहसील घटिया जिला उज्जैन में स्थित है को क्रय कर अनुबंध पत्र का निष्पादन किया है और आंशिक राशि का भुगतान कर दिया है केवल रजिस्ट्री करवाना शेष है। उक्त भुमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई हित, हक, कर्जा, दावा, बख्शीश या लेना-देना या आपत्ति हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित प्रमाण मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारक नहीं होगा और मेरे पक्षकार अपने पक्ष में उक्त भुमि की रजिस्ट्री करवा लेवेंगे। दिनांक 12.10.2026,

प्रेमलता शर्मा एडवोकेट
कार्यालय - भरतपुरी काम्पलेक्स देवास रोड जिला उज्जैन
मो. 9826354843

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है जो कि मैरे पक्षकार ने भूमि स्वामी सईदाबी पति मुंशी जाति नायता निवासी कृषक ग्राम लखाहेडा तहसील घटिटया जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा अपने हक एवं हिस्से की भूमि सर्वे नम्बर 59/1/1 रकबा 0.82 हैक्टर एव सर्वे क्रमांक 60/1 रकबा 0.60 कुल किता 02 कुल रकबा 1.42 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम लखाहेडा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मैं उक्त भूमि का विक्रय/अनुबंध पत्र/सौदा चिटठी संपादित करवा कर टोकन बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उपरोक्त भूमि विक्रय मे यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने मे किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत संस्था बैंक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानिय शासन का कोई ऋण भार या बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार मे कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयिन समय मे लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी।

सूचित हो। दिनांक 12/10/2026

दिनेश वर्मा सर्विस प्रोवाईडर
उप पंजीयक कार्यालय घटिटया जिला उज्जैन
मो. 9424067457, 9907021668

In The Court Of II Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain

Presiding Officer: **श्री किशन देव सिंह पटेल**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण कमांग (MJC SUC/0000016/2026)
माधुरी नायर.........आवेदक
विरूद्ध
सर्वसाधारण........अनावेदक

Process Id-/2026
पेशी दिनांक 04/11/2026

प्रेषिती- (1) सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक क्रं.1 माधुरी नायर पति विनय नायर, पुत्री एस. तुलसीराव, उम्र-49 वर्ष, व्यवसाय-नौकरी, निवासी-सी-5/10 महानदा नगर उज्जैन म प्र आदि-2 की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन आवेदक क्र. 1, आवेदक क्र.2 गीता सपारे पति हरनाथ मालेकर, पुत्री एस तुलसी राव, उम्र लगभग 50 वर्ष, व्यवसाय-गृहणी, क्र.3 महेश राव सापरे पिता स्व.एस. तुलसीराव, उम्र-लगभग 42 वर्ष, व्यवसाय-नौकरी, निवासीगण क्र.2 व 3-11-9-168/1/जी-2 लक्ष्मीनगर कॉलोनी लक्ष्मी विला अपार्टमेंट कोठा पेट सरुर नगर के. पी. रगारेड्डी आंध्रप्रदेश, हाल मुकाम-ए-4/12 एल आइ जी महानंदा नगर उज्जैन म प्र स्व. एस. तुलसी राव की पुत्र-पुत्रिया है स्व. एस. तुलसी राव का निधन दिनांक 19/07/2020 को हो चुका है। आवेदकगण के पिता ने अपने जीवनकाल में अनावेदक क्रं.3 नेशनल सिक्युरिटी डिपोजिट लिमिटेड (एन.एस.डी.एल.) डीपी, स्टॉक होल्डिंग कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड (एस.एच.सी.आई.एल.। (IN300888) प्लाट नं. P-51.T.T.C इण्डस्ट्रीयल ऐरिया MIDC महापे, नवी मुम्बई-400710 से शेयर बॉण्ड कीमत वर्तमान में 2463654.28 पैसे है के माध्यम से जो कि अनावेदक क्र.3 श्री विकास शर्मा स्टॉक होल्डींग कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड, पता-103-104 आफीस 4 प्रथम तल सिद्धी विनायक ट्रेड सेंटर अपोजिट शहीद पार्क फ्रीगंज उज्जैन का रजिस्टर्ड एजेन्ट है के माध्यम से उक्त शेयर क्रय किये गये थे तथा उन्हें एक ग्राहक आईडी 13913457 आई एन 300888 जारी की गई थी । आवेदकगण के पिता ने उक्त शेयर बाण्डों में किसी को भी नामिनी नहीं बनाया था। आवेदकगण के पिता की मृत्यु के पश्चात उक्त उक्त शेयर/बोण्डों संपत्ति के उत्तराधिकारी होकर स्वामी हो गये हैं। आवेदकगण के पिता स्व.एस. तुलसीराव ने उक्त शेयर/बोण्डों के संबंध में कोई वसीयत संणदिल नहीं की है। इस प्रकार उक्त शेयर बोण्डों की निर्वसियत रखते हुए स्व.एस.तुलसी राव की मृत्यु हो गई। आवेदकगण की माता की मृत्यु दिनांक 04/05/2021 को हो चुकी है। आवेदकगण पता ने मृतक स्व. एस. तुलसीराव के उक्त शेयर/बोण्डों राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 04 नवम्बर 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 04 नवम्बर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 0 7अक्टूबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

किशन देव सिंह पटेल
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड जिला-उज्जैन म.प्र.

जाहिर सूचना

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 238/1/28(5) रकबा 1.00 हेक्टेयर जो कि ग्राम मीन तह. घटिया जिला उज्जैन पर स्थित है। सिंचित कृषि भूमि जो राजस्व अभिलेखों में नारायण पिता राधेश्याम जाति-सुतार निवासी-ग्राम मीन तह. घटिया जिला उज्जैन का नाम दर्ज है। उपरोक्त कृषि भूमि नारायण जी को उत्तराधिकार के रूप में अपने पिता से प्राप्त हुई है में से 2 बीघा कृषि भुमि अर्थात 0.40 हेक्टेयर कृषि भुमि जिसके पूर्व में शेष भूमि स्वामी पश्चिम में जाकिर हुसेन की भुमि उत्तर में रास्ता, दक्षिण में शेष भूमि स्वामी की कृषि भूमि लगी है। उपरोक्त कृषि भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का सौदा किया गया है जिसकी सोदा चिट्ठी संपादित हो चुकी है। जिसका विक्रय पत्र संपादन होना शेष है। यदि किसी आम या खास को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उपरोक्त कृषि किसी बैंक, सहकारी, साहूकारी साख, भार से भारित हो तो या किसी आम या खास का कोई हित निहित हो तो वह इस प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि के अंदर मय दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय पर प्रस्तुत करे। अन्यथा वाद मियाद विक्रय पत्र का संपादन करवा लिया जावेगा और किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी। एतद सूचित हो।

दिनांक 12.10.2026 स्थान = उज्जैन

श्रीमती समता पटेल एडवोकेट
कार्यालयः 6 मीणा काम्पलेक्स काजीपुरा, अंकपात मार्ग, उज्जैन म.प्र.
मो. 9301322699, 9301322797

जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने अशोक सेवाल पिता नागुलाल सेवाल, निवासी-302, कमल कालोनी, अंकपात मार्ग, उज्जैन के क्रयानुबंधित का भूखंड क्रमांक 75 जो भूमि सर्वे क्रमांक 1094/1/1 का एक भाग होकर स्थित शिवशक्ति नगर, उज्जैन में है। जिसके भूखंड का कुल एरिया 85.52 वर्गमीटर अर्थात 920.00 वर्गफीट है, को क्रय करने का सौदा किया है तथा लिखित अनुबंध पत्र का संपादन कर बयाना राशि अदा कर दी है। अतः उक्त वर्णित भूखंड पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूखंड में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 2 (दो) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूखंड का विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक 12-10-2026

श्याम गुप्ता, एडवोकेट
आफिस नंबर - सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मो. 99264 66157

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01-श्रीमती संगीताबाई पुत्री स्व. लक्ष्मीनारायण, 02-श्री दिनेश पिता स्व. लक्ष्मीनारायण, 03-श्रीमती अनिताबाई पुत्री स्व लक्ष्मीनारायण, 04-श्रीमती रूखमाबाई पति स्व. लक्ष्मीनारायण, एवं 05-श्री महेश पिता स्व. लक्ष्मीनारायण, समस्त कृषक ग्राम लेकोडा, तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे नंबर-722 (एस) रकबा 0.7300 हेक्टर ग्राम लेकोडा, प. ह. नं.-17 तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामीयो से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेड़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो. तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। दिनांक-12.10.2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय- ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन मो. 94259-46659

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवनस्वामी 1. योगेश पिता स्व. श्री गणपतीशंकर जी, 2. श्रीमती सविता शर्मा पति श्री पवन शर्मा, 3. श्रीमती नेहा शर्मा पति श्री राज कुमार शर्मा, 4. श्रीमती राजकुमारी पति श्री पवित्र शर्मा निवासीगण हॉलमुकाम-107, खुर्रम शहजहों मार्ग, वार्ड नं.-29, उज्जैन के स्वामित्व स्वृत्व एवं आधिपत्य की भवन क्रमांक-107, खुर्रम शहजहाँ मार्ग, वार्ड नं0-29, उज्जैन स्थित है। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल-660.50 वर्गफीट है। उक्त भवन दो मंजिला आ.र.सी.सी एवं टीन पोश का निर्मित है। उक्त भवन में एक दुकान निर्मित है। भवन के विक्रय से मय तल व हवाई हक, विक्रय में शामिल है। उक्त भवन फ्रीहोल्ड होकर आवसीय सह व्यवसायिक उपयोग की है। उक्त भवन की चर्तु:सीमा निम्नानुसार है:- पूर्व में रास्ता, पश्चिम में - रास्ता, उत्तर में- मकान माली जी का, दक्षिण में कविता जी का मकान है। मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय अनुबंध कर विक्रय मुल्य की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी भवन स्वामी को कर दिया है, अब विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है। उक्त संपत्ति पर भवनस्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 3 (तीन) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मं उक्त संपत्ति के विकय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो।

इति दिनांक -13 / 10 / 2026

भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट
कार्या- सी-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स उज्जैन, मोबा= 89891-45770

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री रामप्रसाद पिता श्री बापूलाल जाति कुल्मी निवासी ग्राम कालुखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके निजी स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 4/1/1 रकबा 0.25 हैक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.25 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम झीतरखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी।

सूचित हो। दिनांक 12-10-2026

अश्विन पलोड़ (सर्विस प्रोवाईडर)
तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन मोबाईल 99265-32350

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा संपत्ति स्वामी राजेन्द्र सिंह पिता रूप सिंह नि. उज्जैन से उनके स्वत्वाधिपत्य की सर्वे नं. 67/1/2 रकबा 0.4200 हेक्टर में से रकबा 0.3000 हेक्टर (रोड से लगकर 1 बीघा 10 बीसवा) कुल किता 01 कुल रकबा 0.3000 हेक्टर स्थित ग्राम मनियावदा, तहसील बडनगर जिला उज्जैन, म.प्र. प.ह.नं. 159/68 में स्थित हैं को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध संपत्ति स्वामी एवं मेरे पक्षकार के मध्य किया गया हैं। यह कि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति के विक्रय मुल्य की धनराशि बाबत बयाना राशि अदा कर दी हैं और उपरोक्त अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि संपत्तिः स्वामी को अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री का संपादन संपत्ति स्वामी से उनके हित में करवाई जाना हैं। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्ति के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 3 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित संपत्ति के दस्तावेज विक्रय पत्र/ई-रजिस्ट्री का संपादन अपने हित में करवा ली जावेगीं व बाद किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक 12-10-2026 उज्जैन

अभिषेक सिकरवार एडवोकेट
कार्यालय डी-3, भरतपुरी कॉम्लेक्स, उज्जैन
सिटी ऑफीस 15, कलालसेरी चौक, उज्जैन
मो. 98273-80500, 70001-92470

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी अंशुल गुप्ता के आधिपत्य व स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 8/3 रकबा 0.25 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं. 31/4 रकबा 0.24 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं. 36/2 रकबा 0. 96 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं. 38/3 रकबा 0.81 हेक्टर किता 4 कुल रकबा 2. 26 हेक्टर व अन्य कृषक से क्रय अनुबंधिकत कृषि भूमि स्वामी गोविन्द लाल नीमा के आधिपत्य व स्वत्त्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 9 (स) रकबा 1.05 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं. 33/1 रकबा 0.20 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं. 32/2 रकबा 0.30 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं. 33/2 रकबा 0.20 हेक्टर व कृषि भूमि सर्वे नं. 10/2 रकबा 0.33 हेक्टर कित्ता 4 कुल रकबा 2.08 हेक्टर, भूमि स्वामी अर्पित नीमा के आधिपत्य व स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 7/1 रकबा 1.40 हेक्टर, भूमि स्वामी दिनेशचंद्र के आधिपत्य व स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 28/1 रकबा 1.68 हेक्टर व कृषि भूमि सर्वे नं. 29/6 रकबा 0.20 हेक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 1.88 हेक्टर, भूमि स्वामी नीलम नीमा व सारदा नीमा के आधिपत्य व स्वत्ववाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 8/1 रकबा 0.41 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं. 8/2 रकबा 0. 16 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं. 28/2 रकबा 0.20 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं. 29/1 रकबा 0.04 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं. 29/2 रकबा 0.41 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं. 29/3 रकबा 0.41 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं. 29/4 रकबा 0.40 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं. 29/5 रकबा 0.08 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं. 37/1 रकबा 0.16 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं. 37/2 रकबा 0.32 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं. 37/3 रकबा 0.33 हेक्टर कृषि भूमि सर्वे नं. 38/1/2 रकबा 0.0055 हेक्टर किता 12 कुल रकबा 2.9255 हेक्टर, भूमि स्वामी निलेश नीमा के आधिपत्य व स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 31/5 रकबा 1.20 हेक्टर, भूमि स्वागी समीर खान के आधिपत्य व स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 34/1/2 रकबा 0.107 हेक्टर, भूमि स्वामी रिजवान के आधिपत्य व स्वत्याधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 36/1/2 रकबा 0.43 हेक्टर, भूमि स्वामी हुसैन बी के आधिपत्य व स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 552/4 रकबा 1.60 हेक्टर, भूमि स्वामी नटवरलाल गुप्ता के आधिपत्य व स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 7 रकबा 0.20 हेक्टर व भूमि स्वामी बरकट बी के आधिपत्य व स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 552/3 रकबा 0.80 हेक्टर स्थित ग्राम कजलाना व झलारिया, तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित होकर उक्त कृषि भूमि को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि भूमि स्वामी को अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्य हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। दिनांक 12-10-2026, उज्जैन

अभिषेक सिंह सिकरवार एड्व्होकेट
सिटी कार्यालय 15. कलालसेरी चौक, उज्जैन
कार्यालय डी-3, भरतपूरी प्रशासनिक क्षेत्र, उज्जैन
मो. 98273-80500, 70001-92470

न्यूज-कॉलम

दुर्गा माता मंदिर पर नौ दिवसीय नवचंडी अनुष्ठान प्रारंभ

नीमच। विकास नगर 14/2 स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर पर नवरात्रि में रविवार से नौ दिवसीय नव चण्डीय अनुष्ठान विधि-विधान से प्रारंभ हुआ। श्री दुर्गा माता मंदिर समिति के श्री प्रदीप वर्मा ने बताया कि आचार्य ज्यों .पंडित लक्ष्मण शास्त्री और ज्यों.पंडित जयप्रकाश शास्त्री के तत्वाधान में तथा पंडित गौरव पंडित दुर्गाप्रसाद जी के पावन सानिध्य आज मंत्रोच्चार के साथ अभिजीत मुहूर्त में मातारानी की घटस्थापना की गई। इसके साथ ही नौ दिवसीय नवचंडी अनुष्ठान भी विधि-विधान से प्रारंभ हुआ। इसमें विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा मंडल पूजन माताजी की मूर्ति का अनार के रस से अभिषेक दुर्गा पाठ तथा ग्रहों के जाप किए गए प्रथम दिवस के यजमान एडवोकेट स्नेह प्रकाश- इंदु सोनी और आर्किटेक्ट संदेश- मोनिका शर्मा ने मां शैलपुत्री के पूजन-अर्चन का लाभ लिया। इस अवसर पर श्री दुर्गा माता मंदिर के प्रदीप वर्मा, जीएस माली, घनश्याम सेठिया और मंदिर के नियमित श्रद्धालुजन भी उपस्थित रहे। आरती और प्रसाद वितरण के साथ प्रथम दिन का अनुष्ठान संपन्न हुआ।

पुष्पेंद्र भावसार बने सांसद प्रतिनिधि

मंदसौर। सांसद सुधीर गुप्ता ने उद्योग विभाग में होने वाली बैठकों और कार्यक्रमों के लिए पुष्पेंद्र भावसार को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भाजपा उत्तर मंडल के अध्यक्ष सुनील योगी की अनुशंसा पर की गई है। पुष्पेंद्र भावसार वर्तमान में जिला भाजपा पिछड़ा मोर्चा के उपाध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। उनकी इस नियुक्ति पर सुभाष गंगवाल, पीयूष जैन, विनोद धनगर, अंकुश पालीवाल, मनोहर सोनी और दीपक गाजवा ने बधाई दी है।

कार की टक्कर से एक की मौत

मन्दसौर। मंदसौर-नीमच हाईवे रोड़ स्थित नाकोड़ा होटल के सामने बरखेड़ा पंथ पर हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने जांच पर कार के अज्ञात चालक के विरूद्ध मल्हारगढ़ थाने पर प्रकरण दर्ज किया।मिली जानकारी अनुसार इस घटना की रिपोर्ट गोपाल पिता मोहनलाल राठौर निवासी बरखेड़ापंथ ने मल्हारगढ़ थाने पर की है कि घटना स्थल पर नाकोड़ा होटल के सामने कार क्र. एमपी 13 जेडएल 0256 के अज्ञात चालक ने लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए मुकेश पिता बाले मांझी कोटक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

हरवार में विधायक द्वारा चबूतरे पर टाइल्स व निर्माण स्वीकृत

नीमच। ग्राम हरवार में देवनारायण मंदिर के समीप स्थित चबूतरे पर टाइल्स निर्माण कार्य के लिए नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार द्वारा डेढ़ लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से चबूतरे पर टाइल्स लगाने का कार्य किया जाएगा। इस निर्माण कार्य से मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों को बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही, चबूतरे का सौंदर्यीकरण होने से सार्वजनिक स्थल अधिक व्यवस्थित होगा और ग्रामीणों को सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर पुखराज जाट, महेंद्र जाट, जवाहर सिंह जाट एवं भेरूलाल जाट उपस्थित रहे।

जावरा बस स्टैंड पर हिंदू संगठनों ने पकड़ा 'लव जिहाद' का मामला

रतलाम। जिले के जावरा शहर में बस स्टैंड स्थित एक होटल पर रविवार शाम हिंदू संगठनों ने कथित 'लव जिहाद' का मामला पकड़ा है। संगठनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक और युवती को अपनी हिरासत में ले लिया है और थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जावरा बस स्टैंड स्थित 'साईराज होटल' में हिंदू संगठनों को यह सूचना मिली थी कि एक मुस्लिम युवक एक हिंदू युवती को बहला - फुसलाकर वहां लेकर आया है। सूचना मिलते ही हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता तुरंत मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़ लिया। कार्यकर्ताओं द्वारा घटना की सूचना तुरंत जावरा शहर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस दल ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचा।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों और विकास कार्यों पर दिए सख्त निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने अधिकारियों को प्रशासनिक व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाने और जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के सख्त निर्देश दिए हैं।

बैठक में विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन में 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु प्रत्येक दिवस कम से कम एक घंटा समय देने की ताकीद की गई। राजस्व विभाग सहित मंदसौर नगर पालिका में करीब 700 शिकायतें लंबित मिलने पर संबंधित सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा शिकायतों वाले तहसीलदारों की अगली बैठक में व्यक्तिगत उपस्थिति के निर्देश दिए गए।

प्रशासनिक समीक्षा के दौरान जिले में कई महत्वपूर्ण कार्ययोजनाओं और कार्रवाइयों को रेखांकित किया गया। अवैध शराब के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए सीतामऊ एसडीएम की सराहना की गई, वहीं आगामी त्योहारों को देखते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने हेतु व्यापक सैंपलिंग का खाका तैयार करने के निर्देश दिए गए। जनसामान्य की सुविधाओं और सुरक्षा के मद्देनजर आगामी 16 अक्टूबर को नारायणगढ़ में जनसंवाद कैंप आयोजित होगा, वहीं बच्चों व मरीजों की सुरक्षा को देखते हुए सभी स्कूल बसों तथा 108 एंबुलेंस वाहनों का फिटनेस जांच अभियान चलाने के आदेश जिला परिवहन अधिकारी को दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि अवैध कॉलोनियों के दो मामलों को प्रशासन द्वारा लोकायुक्त प्रेषित किया जा चुका है। इसके साथ ही अतिक्रमण हटाने में तेजी लाने, शहर में बाल भिक्षावृत्ति पर प्रभावी रोक लगाने और जिले के जल निकायों को वेटलैंड घोषित करने संबंधी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करने के भी कड़े निर्देश जारी किए गए हैं।

अफीम काश्तकारों के अधिकारों और बिजली संकट को लेकर पूर्व मंत्री श्री चावला ने उठाई आवाज, सांसद और सीएमडी को पत्र लिखकर जताई नाराजगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



मध्यप्रदेश शासन के पूर्व गृह एवं उद्योग मंत्री कैलाश चावला ने क्षेत्र के अफीम काश्तकारों की समस्याओं तथा गहराते बिजली संकट को लेकर नारकोटिक्स विभाग और विद्युत वितरण कंपनी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता और विद्युत कंपनी के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर को पत्र भेजकर अफीम किसानों के साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त करने तथा कृषि कार्य के महत्वपूर्ण सीजन में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

सांसद सुधीर गुप्ता को भेजे दो पृथक पत्रों में कैलाश चावला ने मनासा तहसील के ग्राम बरथून के अफीम काश्तकारों की समस्याएं प्रमुखता से सामने रखीं। उन्होंने समानता के अधिकार का मुद्दा उठाते हुए बताया कि समान औसत और कारणों के बावजूद जहाँ अन्य काश्तकारों को पट्टे जारी कर दिए गए, वहीं किसान शालिगराम का पट्टा अकारण रोक दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने मंदिर की भूमि पर नियमानुसार कृषि का अधिकार रखने वाले पुजारियों को पट्टे देने में अधिकारियों की हठधर्मिता और वर्ष 1997 तक के पट्टों की बहाली नीति के तहत पात्र किसानों के पट्टे तुरंत बहाल करने का आग्रह किया है।

दूसरी ओर, रबी सीजन की शुरूआत के साथ ही मंदसौर और नीमच जिले में हो रही अनियंत्रित बिजली कटौती पर चिंता व्यक्त करते हुए चावला ने विद्युत कंपनी के सीएमडी सहित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को पत्र लिखा। उन्होंने कृषि कार्य के लिए अनियंत्रित विद्युत कटौती से पनप रहे जन-आक्रोश से अवगत कराते हुए पूर्व वर्षों की तरह वितरण केंद्रों को दो ग्रुपों में बांटकर बारी-बारी से निर्बाध बिजली आपूर्ति करने का व्यावहारिक समाधान सुझाया है।

चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर हुई मुलाकात -निडर

पिपलिया मंडी। कवि पोरवाल मुकेश निडर, पिपलियामंडी ने बताया कि



12 अक्टूबर को नई दिल्ली में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर निकले प्रोटेस्ट के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान सांसद श्री मुकुल वासनिक जी, मप्र कॉंग्रेस के प्रभारी श्री हरीश चौधरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अरुण यादव, नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंगार, पूर्व प्रदेश प्रभारी संजय कपूर, पूर्व मंत्रीगण सर्व श्री अजयसिंह श्री जयवर्धनसिंह श्री सज्जन वर्मा , श्री सचिन यादव श्री कमलेश्वर पटेल सहित कॉंग्रेस के सभी अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात हुई। विधायकगण श्री ओमकार जी मरकाम श्री महेश परमार, श्री आरके दोगने, श्री दिनेश जैन बोस, श्री पंकज उपाध्याय,श्री रजनीशसिंह सहित इस दौरान बहुत पुराने हस्ट्ठ के समय वाले सीनियर साथी आदरणीय श्री प्रकाश जोशी उत्तरांचल, श्री वीरेन्द्र शर्मा दिल्ली, श्री मृणाल पंत मह्, आदि से भी मिलना हुआ। प्रातः 10 बजे मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री श्रीयुत कमलनाथ जी से उनके दिल्ली निवास पर पहुंचकर भेंट की।



विद्युत कटौती व मनमाने बिलों के खिलाफ कांग्रेस ने किया घेराव

मंदसौर। ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित विद्युत कटौती, मनमाने बिजली बिलों और स्मार्ट मीटर के विरोध में जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस नेता दीपकसिंह गुर्जर के आह्वान पर कांग्रेसजनों और आम नागरिकों ने एमपीईबी के जिला कार्यालय का घेराव किया। मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन जैन की विशेष उपस्थिति में गांधी चौराहा से एक रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया। आंदोलन के दौरान महामहीम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीण अंचल में रात्रिकालीन लोड शेडिंग बंद करने, संभावित बिजली दरों की बढ़ोतरी रोकने, स्मार्ट मीटर के विरोध में दर्ज पुलिस प्रकरणों को समाप्त करने तथा किसानों और उपभोक्ताओं पर बनाए गए झूठे मामलों को वापस लेने की माँग की गई। घेराव के दौरान विधायक विपिन जैन और जिला पंचायत सदस्य दीपकसिंह गुर्जर ने विभाग के अधिकारियों के सामने अवैध वसूली और उपभोक्ताओं से जुड़ी अनियमितताओं के मामलों को कड़ाई से उठाया। इस आंदोलन का संचालन ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशोरा ने किया तथा आभार बेरोजगार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुरेश टेलर ने माना। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शराब के पैसे मांगने पर विवाद: बदमाश ने चाकू से हमला कर कई लोगों को किया घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

शहर के दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजना बस स्टैंड पर बीती रात शराब के पैसे मांगने की बात को लेकर एक युवक ने हंगामा खड़ा कर दिया। मना करने पर आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया, जिसमें मध्यस्थता करने आए लोगों सहित कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी अनिल पिता रामचंद रोतेला (निवासी गवली मोहल्ला, बाजना बस स्टैंड) ने शनिवार देर रात पुलिस को शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि बीते दिन शनिवार की रात करीब 7 बजे नवरात्र पर्व के आयोजन को लेकर समिति के सदस्य रवि साल्वी, सुनील रोतेला, अजय रोतेला, उज्ज्वल रोतेला और आयुष रोतेला गवली मंदिर के सामने नारायण मार्केट के पास तैयारियों में जुटे थे। देर रात करीब एक बजे धीरजशाह नगर निवासी आरोपी विकास यादव वहां पहुंचा और फरियादी से शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। जब फरियादी ने पैसे देने से इनकार किया, तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा।

समिति के सदस्यों ने जब आरोपी को समझाने का प्रयास किया, तो आरोपी ने अचानक चाकू निकाल लिया। इसी दौरान पास में खड़ा तोसिफ अली बीच-बचाव करने आया। इस पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए तोसिफ अली के पेट में चाकू घोंप दिया।

अंधाधुंध चाकूबाजी में फरियादी अनिल के बाएं हाथ, अजय रोतेला के सिर, सुनील रोतेला के पेट, आयुष रोतेला की नाक तथा उज्ज्वल रोतेला के दोनों हाथों पर गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद गोलू गवली और रवि साल्वी ने किसी तरह बीच-बचाव कर घायलों की जान बचाई। जाते-जाते आरोपी आइंदा दिखने पर जान से खत्म करने की धमकी देकर भाग निकला।

घटना के तुरंत बाद गंभीर रूप से घायल तोसिफ अली, सुनील रोतेला और उज्ज्वल रोतेला को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रतलाम ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चोटों की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।फरियादी अनिल की शिकायत पर दीनदयाल नगर पुलिस थाना द्वारा आरोपी विकास यादव के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

रावण दहन हेतु दशहरा उत्सव समिति की बैठक संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

देश के साथ जिले भर में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जावेगा नीमच शहर में दो उपनगर बघाना,नीमच सिटी सहित छावनी तीन जगह दशहरा उत्सव रावण दहन की परंम्परा है। गत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के अवसर स्थानीय रावण रुंडी , शिवनगर, नीमच सिटी मे धूमधाम से मनेगा। दशहरा उत्सव रावण दहन के आयोजन को लेकर समिती की एक बैठक रविवार को पीपली चौक, नीमच सिटी में संपन्न हुई। जिसमे दशहरा तीन दिवसीय मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व कार्यकारिणी द्वारा गत वर्ष सफलतापुर्वक दशहरा उत्सव संपन्न कराए जाने उपस्थित गणमान्य नागरिकों की सहमति से हमें भी उसी कार्यकारिणी के माध्यम से दशहरा पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। दशहरा पर्व शक्ति, शौर्य, शस्त्र पूजन एवं कुबरु का प्रतीक है। सनातन परंपरा में इस मत का विशेष महत्व है और हिंदू समाज इसे प्रतिवर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाता आया है। समिति के अध्यक्ष राकेश किलोरिया एवं कार्यकारी अध्यक्ष रामचंद्र धनगर ने बताया कि आगामी बैठक में आयोजन से संबंधित विभिन विषयों पर चर्चा कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

संत शिरोमणि रविदास जी की 650 वी जन्म जयंती वर्ष पर होंगे विविध आयोजन

नीमच। 'भारत भवन में सामाजिक कार्यकर्त्ताओ व संस्थाओ की बैठक में संत शिरोमणि रविदास के 650 वीं जन्मजयंती वर्ष के उपलक्ष्य में सर्व हिंदू समाज में समरसता, सद्भाव तथा सनातन संस्कृति संरक्षण के उद्देश्य से संत शिरोमणि की जन्मजयंती तक विविध आयोजनों का लक्ष्य रखा गया। इन आयोजनों की श्रृंखला में सर्व हिंदू समाज के मध्य संत शिरोमणि रविदास के जीवन दर्शन पर वैचारिक कार्य अंतर्गत व्याख्यान आयोजित करने, शोभा यात्रा निकालने, विविध प्रतियोगिताओं के आयोजन और प्रचार प्रसार द्वारा गांव गांव तक संत शिरोमणि के विचारों को पहुंचाकर सर्व हिंदू समाज की एकता एवं अखंडता,समरसता को बनाए रखने हेतु विचार मंथन हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक धर्मेंद्र सिंह मौर्य के निर्देशन में हुई इस बैठक में संघ के जिला संघचालक अनिल जैन, जिला कार्यवाह पवन सज्जन सहित जीतू झालरिया, अजय भटनागर आदि उपस्थित थे।

औद्योगिक विकास और निवेश को प्रोत्साहित करने पर विधायक ने दिया जोर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय यूथ एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव का आयोजन ग्राम कनावटी स्थित होटल सनराइज ग्रैंड में किया गया। कॉन्क्लेव में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, स्टार्टअप संचालकों, नवाचार के क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं तथा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में युवाओं को उद्यमिता, कौशल विकास, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से परिचित कराने के साथ जिले में निवेश की संभावनाओं और औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने पर विचार-विमर्श किया गया।

जावद विधायक श्री ओमप्रकाश सकलेचा ने नीमच जिले में हो रहे औद्योगिक विकास की सराहना करते हुए इसे प्रदेश में अग्रणी बताया। उन्होंने कहा कि नीमच प्रदेश का ऐसा पहला जिला है, जहां दो औद्योगिक क्लस्टरों का विकास कार्य पूर्ण हो चुका है तथा दो अन्य क्लस्टरों में विकास कार्य प्रचलित हैं। उन्होंने उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने पर जोर देते हुए कहा कि इससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे और उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध होगा।नीमच विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार ने जिले में सड़क, बिजली की निरंतर आपूर्ति, जल की उपलब्धता तथा नवीन औद्योगिक क्षेत्र के विकास का उल्लेख किया। उन्होंने उद्योग पतियों से जिले में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाकर निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र की आर्थिक प्रगति को गति मिलेगी।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिले में निवेश के अनुकूल वातावरण, औद्योगिक प्रगति तथा निवेश की संभावनाओं की जानकारी देते हुए उद्योगपतियों को जिले में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने युवाओं से रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठाने, नए विचारों को व्यावहारिक रूप देने तथा उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कॉन्क्लेव में नेक्स्ट अप इंडस्ट्री के श्री हितेश रोहिड़ा तथा मालवा पेट्रो प्रोडक्ट इंडस्ट्री के श्री पीयूष बांगड़ ने अपने व्यावसायिक अनुभव साझा किए। फिनसिट स्टार्टअप के श्री पीयूष कड़ावत ने स्टार्टअप योजनाओं की जानकारी दी, जबकि श्री सूरज कुशवाह ने अपने द्वारा विकसित ऐप एवं स्टार्टअप के बारे में बताया।

उद्योगपतियों ने जिले में निवेश के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों से मिल रहे सहयोग की सराहना की। उन्होंने युवाओं को अपने अनुभवों से अवगत कराते हुए स्वयं का उद्योग या व्यवसाय स्थापित करने तथा नवाचार को उद्यमिता से जोड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। विभागीय सत्रों में निर्यात, कौशल विकास और ऋण सुविधाओं की जानकारी कॉन्क्लेव में विभिन्न विभागों के विषयगत सत्र आयोजित कर युवाओं को जानकारी दी।

न्यूज कालम



वोट चोरी के विरोध में तिरंगा थामकर सड़कों पर उतरी कांग्रेस

मंदसौर। नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आह्वान पर लोकतंत्र की रक्षा और वोट चोरी के विरोध में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता तिरंगा हाथों में लेकर सड़कों पर उतरे। विधायक विपिन जैन के कार्यालय से शुरू हुआ यह विरोध मार्च शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा, जिसके दौरान कार्यकताओं ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का वोट सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है और वोट की पारदर्शिता तथा चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर उठ रहे सवालों का समाधान होना चाहिए। इस विरोध मार्च में पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, इष्टा भाचावत, मो.हनीफ शेख, विनोद शर्मा, विकास दशोरा, रफत पयामी, राखी सत्रावाला, तरुण खींची, राजनारायण लाड़, खलील शेख, सुरेंद्र कुमावत, राजेश सोलंकी, युनुस मेव, आदित्य पाटील, दिलीप देवड़ा, कमलेश सोनी, शैलेंद्र गोस्वामी, सुनील बसेर, एन.डी. वैष्णव,पंकज जोशी, अंबालाल हिंगोरिया, विश्वास दुबे,राजेश फरक्या, कमलेश जैन सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

मंदसौर जिला दूरसंचार सलाहकार समिति में श्री राठौड़ मनोनीत हुए सदस्य

पिपलिया मंडी। मंदसौर जिला दूरसंचार सलाहकार समिति का सदस्य बनने पर संदीप सिंह राठौड़ को क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों एवं समर्थकों की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। संदीप सिंह राठौड़ को मिली इस नई जिम्मेदारी से क्षेत्र में दूरसंचार सेवाओं से जुड़ी समस्याओं और आमजन की आवश्यकताओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा। उम्मीद जताई जा रही है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करते हुए क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करेंगे।समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे अपनी नई जिम्मेदारी के माध्यम से जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देंगे और क्षेत्र के विकास में सकारात्मक योगदान देंगे। इस अवसर पर संदीप सिंह राठौड़ को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की गई।

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में एआई पर हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता



मंदसौर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर के अंग्रेजी विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का प्रयोग विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें प्रतिभागियों ने शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग, उसके लाभ, चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे के निर्देशन और अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वीणा सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें विभाग के सदस्य डॉ. सचिन शर्मा, सुश्री अर्पिता गोराना एवं डॉ. द्युति मिश्रा ने भी सहभागिता की। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विषय के विभिन्न पहलुओं को प्रभावशाली ढंग से रखा। प्रतियोगिता में तस्नीम ने प्रथम स्थान तथा लखन देवड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

124 ग्रामीणों की हुई नेत्र जांच, 14 मोतियाबिंद ऑपरेशन होंगे

नीमच। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित 60 दिवसीय मेगा ड्राइव के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच द्वारा ग्राम पंचायत भवन, बर्डिया (मनासा) में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री वीरेंद्र सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में गोमाबाई नेत्रालय, नीमच का सहयोग रहा। शिविर में गोमाबाई नेत्रालय के चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा ग्राम बर्डिया के कुल 124 व्यक्तियों की नेत्र जांच की गई। जांच के दौरान 14 व्यक्तियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया, जबकि 27 व्यक्तियों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को सुलभ एवं निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। इस पहल के माध्यम से जरूरतमंद ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने के साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की जनकल्याणकारी गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

नेत्र शिविर में 50 मरीजों की हुई लेंस प्रत्यारोपण सर्जरी

मंदसौर। लायंस क्लब मंदसौर,द्वारा लाभमुनि नेत्र चिकित्सालय में एक विशाल नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ लायन डॉ. अशोक सोलंकी और उनकी टीम ने मरीजों की आँखों की जाँच की। इस दौरान कुल 188 मरीजों के नेत्रों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 50 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। चयनित मरीजों की लेंस प्रत्यारोपण सर्जरी की गई ताकि उन्हें बेहतर नेत्र स्वास्थ्य और दृष्टि का लाभ मिल सके। क्लब के अध्यक्ष लायन डॉ. के. सी. श्रीमाल ने बताया कि क्लब द्वारा जरूरतमंद मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर इस तरह के सेवा कार्य आयोजित किए जाते हैं। जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए आयोजित इस शिविर में क्लब के अध्यक्ष लायन डॉ. के. सी. श्रीमाल, एमजेएफ, लायन सुभाष बग्गा, लायन डॉ. सौरभ मंडवारिया और लायन एडवोकेट गौरव रत्नावत सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



2 छात्रों का नेटबॉल स्पर्धा में राज्य स्तर पर चयन

बडौद। श्री महावीर जैन विद्या मंदिर बड़ौद के 02 भैया/बहिन का नेटबॉल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन संभाग स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता गरोठ में आयोजित नेटबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय के 02 छात्र/छात्रा का राज्य स्तर पर चयन छात्रा सृष्टि लबाना पिता जगदीश लबाना छात्र मोहित गेहलोत पिता सत्यनारायण गेहलोत ने संभाग में स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर पर चयनित होने पर छात्र/छात्रा और उनके कोच दिलखुश जैन को उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

नारी सशक्तिकरण का संदेश देगी माँ शिप्रा चुनरी यात्रा

महिदपुर। नारी शक्ति के सम्मान, स्वाभिमान एवं महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से सर्व हिंदू समाज एवं सर्व हिंदू संगठन, महिदपुर द्वारा 15 अक्टूबर को भव्य माँ शिप्रा चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा दोपहर 3 बजे विजय स्तंभ से प्रारंभ होकर पूर्व वाहिनी शिप्रा तट स्थित नाव घाट पहुँचेगी। यात्रा में माँ शिप्रा को 600 फीट लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी। इसके पश्चात भव्य आरती एवं अभिषेक होगा। आयोजन के माध्यम से महिलाओं के सम्मान, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सहभागिता के साथ माँ शिप्रा की स्वच्छता एवं संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। सर्व हिंदू समाज एवं सर्व हिंदू संगठन, महिदपुर ने नगर की माता-बहनों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में चुनरी यात्रा में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। जानकारी पंडित आशीष तिवारी महिदपुर ने दी।

सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग - अशोक नवलखा

महिदपुर। उज्जैन जिले के साथ ही समीपवर्ती जिलो में अल्पवर्षा के कारण आगामी फसलें काफी प्रभावित हो रही है, जिस कारण किसान, मजदूर, व्यापारी काफी प्रभावित हो रहा है। वर्षा पर आधारित जनजीवन की गतिविधियां प्रायः ठप्प हो रही है। कुंए, बावड़ियां, नदी व ट्यूबवेलों में पानी अभी से काफी कम हो गया है जिस कारण पानी पर आधारित दिनचर्या में ठहराव व विराम लग रहा है। शासन, प्रशासन व मुख्यमंत्री को इस ओर शीघ्र ध्यान देकर उज्जैन जिले के व आसपास के समीपवर्ती जिलों को भी तत्काल सूखाग्रस्त घोषित कर रोजगारमूलक राहत कार्य प्रारम्भ करना चाहिये। उक्त मांग सामाजिक कार्यकर्ता, म.प्र. कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता व राष्ट्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति रेल मंत्रालय नईदिल्ली के पूर्व सदस्य एवं न.पा. परिषद महिदपुर के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक नवलखा ने की है।

खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता में लहराया परचम



ब्यावरा। 70वी राज्य स्तरीय मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिताओ में विवेकानंद एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावरा के 7 खिलाड़ियों ने लहराया परचम। थांगता मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता रीवा में 5 से 10 अक्टूबर को एवं गतका मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता 5 से 8 अक्टूबर को जबलपुर में आयोजित हुई। जिसमें थांगता मार्शल में समर्थ माने पिता संजय ने रजत पदक, अभिषेक पुष्पद पिता सतीश ने रजत पदक, सचिन दांगी पिता लक्ष्मीनारायण सहभागिता, निकिता गौर पिता राधेश्याम सहभागिता कर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। एवं गतका मार्शल आर्ट्स में सुमित दांगी पिता नैनसिंह, अर्शिता दांगी पिता मोहन, आरती दांगी पिता ओमप्रकाश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला एवं विद्यालय का नाम गौरान्वित किया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय संचालक शिवम चन्द्रवंशी, प्राचार्या श्रीमती अंकिता गुप्ता, कोच धर्मराज दांगी ने खिलाड़ियों का स्वागत किया एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

17 अक्टूबर को निकलने वाली भव्य चुनरी यात्रा की तैयारियां तेज

नवरात्रि पर आस्था का महासंगम, हिंदू उत्सव समिति निकालेगी 121 मीटर चुनरी यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



ब्यावरा नगर में नवरात्रि पर्व को लेकर आस्था और भक्ति का माहौल बनने लगा है। हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर रविवार शाम को मां मंशापूर्ण वैष्णो माता मंदिर परिसर में समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 121 मीटर की भव्य चुनरी यात्रा आगामी 17 अक्टूबर, शनिवार, सप्तमी के दिन निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर सभी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में इस वर्ष की चुनरी यात्रा के लिए संयोजक एवं सह-संयोजकों की नियुक्ति की गई। हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक एवं अध्यक्ष पवन शर्मा द्वारा सर्वसम्मति से - संयोजक श्रीमती पुष्पा पंवार, सह-संयोजक श्रीमती तृप्ति शर्मा, श्रीमती वर्षा मंगल एवं श्रीमती मंजू आर्य को नियुक्त किया गया। समिति ने मातृशक्ति को यह जिम्मेदारी सौंपकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया है। बैठक में हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक, अध्यक्ष पवन शर्मा सहित नगर के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समिति ने नगर के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में चुनरी यात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाएं।

इस बार 121 मीटर लंबी चुनरी यात्रा का मुख्य आकर्षण रहेगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मातारानी को अर्पित की जाएगी।

यह रहेगा यात्रा का मार्ग

अध्यक्ष पवन शर्मा ने बताया कि चुनरी यात्रा नगर के खेड़ापति शीतला माता मंदिर मातमंड से प्रारंभ होगी। वहां से पुराना सुठालिया रोड, साहू धर्मशाला, मेन मार्केट, जगात चौक, एसडीएम निवास, इंदौर नाका, अहिंसा द्वार, पीपल चौराहा होते हुए मां मंशापूर्ण वैष्णो देवी मंदिर पहुंचेगी, जहां मातारानी की भव्य आरती एवं पूजन के साथ यात्रा का समापन होगा।

सर्वपितृ अमावस्या पर सालरिया गो अभयारण्य में गोकथा और सत्संग

- युवा पीढ़ी से गो-संस्कृति से जुड़ने का किया आह्वान

दैनिक अवन्तिका ▸▸



शनिवार को समीपस्थ ग्राम सालरिया स्थित विश्व प्रसिद्ध गो अभयारण्य में सर्व पितृ अमावस्या के पावन अवसर पर गोकथा एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री रामकुटी आश्रम, सीहोर के महंत उद्धव दास महाराज ने उपस्थित गोभक्तों को गोमहिमा का श्रवण कराया तथा गोसेवा के धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।

महाराज ने कहा कि पितृ अमावस्या पर दान, श्राद्ध एवं गोसेवा का विशेष महत्व है। गोमाता की सेवा को उन्होंने धर्म, करुणा और मानवता की सेवा का प्रतीक बताया। उन्होंने युवा पीढ़ी से गो-संस्कृति से जुड़ने और गोसेवा के कार्यों में सहभागिता करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अमावस्या के यजमान के रूप में सुसनेर निवासी श्रीमती कृष्णाबाई, धर्मपत्नी राजेन्द्र सिंह परमार, सपरिवार उपस्थित रहीं। इस अवसर पर गो अभयारण्य के प्रबंध न्यासी डॉ. विक्रम सिंह जमुनिया, श्री गोधाम पथमेड़ा के आजीवन न्यासी ठाकुर दीप सिंह पिपलोन, लाल सिंह सालरिया, नारायण सिंह सालरिया, मांगीलाल बड़िया सहित सैकड़ों गोभक्त, ग्वाल-बालक एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आगामी अमावस्या के यजमान के रूप में राजेन्द्र सिंह कजलास ने सेवा का संकल्प लिया।

शुभ मुहूर्त में हुई घट स्थापना कालिका माता मेले का शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



शारदीय नवरात्रि पर्व की शुरूआत 11 अक्टूबर को शुभ मुहूर्त में घटस्थापना के साथ हो गई। प्रथम दिन नगर में भक्तिमय माहौल रहा और माता के जयकारों से मंदिर गूंज उठे। बाजार में माता की आकर्षक प्रतिमाओं और पूजन सामग्री की दुकानें सजी रहीं और कई प्रमुख चौराहों पर भव्य पांडाल बनाकर घट स्थापना की गई।

किला परिसर स्थित माँ कालिका माता मंदिर पर नगर पालिका द्वारा नौ दिवसीय मेले का शुभारंभ रात्रि 8.30 बजे विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पंड्या, नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, उपाध्यक्ष अनीता सतीश वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजनों ने माता को चुनर चढ़ाकर एवं आरती कर किया। इस दौरान मंदिर में माँ कालिका का विशेष श्रृंगार किया गया और पूरा दरबार रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। प्रथम दिवस हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए। पहले दिन मेले मे हनुमान अंश फिल्म का प्रसारण एवं महिला कबड्डी का शुभारंभ हुआ। नौ दिन तक मेले में धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन होंगे, जिसमें कवि सम्मेलन, भजन संध्या और ऑर्केस्ट्रा, दंगल, कबड्डी, शामिल हैं।

अखिल भारतीय जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फेडरेशन की

राष्ट्रीय कांफ्रेंस श्री धरमपुर तीर्थ गुजरात में संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

देश के श्रेष्ठतम श्री धरमपुर तीर्थ गुजरात की पावन भूमि पर अ. भा. जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फेडरेशन की 3 दिवसीय 16वीं राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश कोठारी के नेतृत्व में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई ,विभिन्न राज्यों से आए 1500 से अधिक सदस्यों की विशाल उपस्थिति और सदस्यों के अपार उत्साह ने इसे यादगार बनाया।

राष्ट्रीय महासचिव अशोक कुमार मोदी ने बताया की इस कॉन्फ्रेंस ने फैडरेशन के 32 वर्षों के सफर में पहली बार कई नई उपलब्धिया हासिल की है। फेडरेशन के संरक्षक श्री राजेंद्र सुराणा, दिलीप सिसोदिया, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पीयूष जैन,राजेंद्र जैन, संजय नाहर ,नरेंद्र संचेती, कॉन्फ्रेंस मार्गदर्शक गौतम सिंह मुनोत, चेयरमैन प्रभात चोपड़ा, राष्ट्रीय महासचिव अशोक कुमार मोदी, कांफ्रेंस में गिरीश भाई शाह, हुकुमचंद सावला की उपस्थिति में संपन्न हुई।

50 सदस्यों ने भाग लिया

मालवा रीजन से संरक्षक हेमंत कोठारी,श्रीमती कांता बांठिया, राजेंद्र जैन बडौद,पारस मोदी, संजय जैन शाजापुर,रीजन अध्यक्ष उमंग जैन, चंद्रशेखर सोनी रतलाम, संजय खिंडावत ,संदीप भंडारी व बडौद ग्रुप से अजीत जैन मुकेश चंद्रगोत्रीय,प्रकाश नाहर, कमलेश नौलखा विजय कुं बोहरा, पंकज पिछोलिया सहित 50 सदस्यों ने भाग लिया।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर बच्चों को दी तनाव प्रबंधन की जानकारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड तथा यूनिसेफ द्वारा संचालित प्रोजेक्ट यूथ फॉर चेंज के अंतर्गत शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया में विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई।

आयोजित यूथ फॉर चेंज लीडर भेरूलाल ओसारा ने 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को तनाव के लक्षणों की पहचान करने और उनसे निपटने के प्रभावी तरीके बताए। भेरूलाल ओसारा ने बच्चों को बताया कि पढ़ाई, परीक्षा और अन्य परिस्थितियों के कारण तनाव महसूस हो सकता है, लेकिन सही तरीके अपनाकर इसे कम किया जा सकता है। उन्होंने तनाव प्रबंधन के पांच महत्वपूर्ण उपाय साझा किए। इनमें अपने भरोसेमंद व्यक्ति से मन की बात साझा करना, घबराहट होने पर नियंत्रित तरीके से सांस लेना और छोड़ना, संगीत, पेंटिंग एवं नृत्य जैसी रुचि की गतिविधियों में भाग लेना, प्रतिदिन कम से कम आठ घंटे की नींद लेना तथा अपनी भावनाओं को किसी से कहने में कठिनाई होने पर उन्हें लिखकर व्यक्त करना शामिल है।

बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

विद्यार्थियों को इन उपायों को अपनी दिनचर्या में अपनाने और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक भूपेंद्र सिंह झाला, राकेश पाटीदार, रमेशचंद्र दांगी एवं शिक्षिका चंचल जैन उपस्थित रहीं। गतिविधि में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और तनाव को पहचानने तथा उससे निपटने के विभिन्न तरीके सीखे।

15 अक्टूबर को शक्ति व शस्त्र पूजा

नागदा। नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में सनातन संस्कृति, परंपराओं एवं गौरवशाली इतिहास को सहेजने के उद्देश्य से सकल हिन्दू सामाजिक समिति, नागदा के तत्वावधान में सर्व हिन्दू समाज का एक विशाल एवं भव्य शक्ति पूजा शस्त्र एवं शास्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक बजरंग चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह गरिमामय आयोजन आगामी 15 अक्टूबर 2026, गुरुवार को दोपहर 02 बजे से 04 बजे तक जवाहर मार्ग स्थित माहेश्वरी धर्मशाला, नागदा में संपन्न होगा। राष्ट्र व संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुटता का संदेश कार्यक्रम संयोजक बजरंग चौहान एवं सकल हिन्दू सामाजिक समिति ने नगर के हिन्दू समाज, युवाओं, सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं एवं मातृशक्ति से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस सामूहिक पूजनोत्सव में सम्मिलित हों।

22.23 लाख की लागत से बना माँ कालिका द्वार का लोकार्पण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



किला परिसर स्थित माँ कालिका माता मंदिर के मुख्य प्रवेश मार्ग पर नगर पालिका द्वारा 22.23 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित भव्य माँ कालिका द्वार का लोकार्पण नवरात्रि के प्रथम दिन रविवार को किया गया। द्वार का लोकार्पण विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या द्वारा किया गया।

लोकार्पण कार्यक्रम के अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोग्या, उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुकमाल जैन, भाजपा नगर अध्यक्ष नवीन राठौड़, निर्माण सभापति लक्ष्मीबाई बहादुर बादशाह, मेला समिति अध्यक्ष नर्मदा राजेश परमार, पार्षद रितेश जैन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

माँ कालिका द्वार को लाल पत्थर की डिजाइन में बनाया गया है। द्वार के ऊपर मध्य में माँ कालिका की प्रतिमा एवं द्वार के दोनों स्तंभों के नीचे शेर की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। द्वार को फूल-मालाओं और आकर्षक रोशनी से सजाया गया है।

सर्वपितृ अमावस्या गौ भक्तों के द्वारा गौ सेवा, स्वान सेवा, पक्षी सेवा के रूप में मनाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



महिदपुर नगर में 17 वर्षों से सतत जीवदया गौ सेवा कार्यों के रूप में अपने अलग पहचान बनाने वाले श्री आदिनाथ गौ सेवा मंडल के द्वारा सर्व पितृ अमावस्या के अवसर पर झारडा कटन स्थित श्री गोपाल गौशाला पर गौ माता को सर्वप्रथम तीन महामंत्र नवकार सुनाकर गौ माता को खीर पुरी गेहूं की बाटी लापसी तंदूरी रोटी हरा चारा खली पशु आहार गुड आदि विविध आहार सामग्री से गौ सेवा की गई।

ऐसे सभी पुण्यशाली लाभार्थी परिवारों की मंडल खूब खूब अनुमोदना करता है। मंडल के निलेश बच्छावत ने कहा कि मंडल गौ सेवा के अलावा मानव सेवा वृक्षारोपण वानर सेवा अनुकंपा एवं अनेक धार्मिक सामाजिक कार्यों की गतिविधी समय समय पर करता रहता है।

आज की गौ सेवा के पुण्यशाली लाभार्थी परिवारों में आदिनाथ गौसेवा मंडल श्रीमती कुसुमलता सोगानी के पुण्य स्मरण में निलेश प्रणयजी सोगानी पारस राजेंद्र बम इन्दोर, गिरधारीलाल उथरा, प्रकाश जैन मोटर्स खरगोन गंगवाल परिवार मुंबई जीवदया की पेटी से प्राप्त नगद राशि राजेन्द्र सूरी महिला मंडल बाकलीवाल परिवार नारायणजी गेरा, डॉ. पवन गंगवाल मुंबई, गोवर्धनलाल सोनगरा, मुनीद्र मंडलेचा सोनी आदि पुण्यशाली परिवारों ने पुण्य लाभ लिया ।

पक्षी सेवा का कार्य अनुकरणीय

स्वानों को दूध बिस्किट रोटी से एवं पक्षियों को ज्वार दाने से आहार कराया गया। आदिनाथ गौ सेवा मंडल के चमन सोनी ने बताया कि मंडल के माध्यम से प्रत्येक माह की पूर्णिमा एवं अमावस्या पर प्रत्येक माह के फाउंडर मेंबर्स के द्वारा गौ सेवा स्वान सेवा पक्षी सेवा के अनुकरणीय कार्य का पुण्य लाभ लिया जाता है।



किसानों की बिजली कटौती से जुड़ी समस्याओं से डी.ई. को अवगत कराया

महिदपुर। क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस के नेतृत्व में किसानों एवं ग्रामीणों के साथ कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा महिदपुर के घोंसला, महिदपुर, महिदपुर रोड सहित 40-50 गाँवों में बार-बार हो रही अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। महिदपुर विद्युत मंडल कार्यालय पर किसानों व कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर विरोध स्वरुप नारेबाजी कर डी ई को किसानों, ग्रामीणों व आमजन की समस्याओं से अवगत करा कर शीघ्र आमजन और किसानों की परेशानी को दूर करने की मांग की। जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र मंडोरा ने वर्तमान में ग्रामीणजन व किसानों को आ रही परेशानी से अवगत कराया।

अघोषित बिजली कटौती से आक्रोशित चौहान ने विद्युत मंडल को सौंपा ज्ञापन



महिदपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। बिजली संकट से त्रस्त ग्रामीणों की आवाज उठाते हुए जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह चैहान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने तहसील परिसर से विद्युत मंडल कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान चैहान ने विद्युत विभाग को स्पष्ट चेतावनी देते हुए 3 से 4 दिनों के भीतर बिजली आपूर्ति सुचारू करने का अल्टीमेटम दिया है।

32 वर्षों से निरंतर पैदल जोत लाकर मां कंकाली मंदिर में प्रज्वलित करते हैं अखंड ज्योत



बडौद। नगर में आज से नवरात्रि पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जायेगा ' इसी कड़ी में कंकाली चौक स्थित मां कंकाली माता मंदिर में श्री बाल नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा पिछले 32 वर्षों से निरंतर अखंड ज्योत प्रज्वलित करने की परंपरा निभाई जा रही है। जिसमें समिति के सदस्य नवरात्रि के अवसर पर ग्राम बीजानगरी स्थित मां हरसिद्धि माता मंदिर से लगभग 18 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर ज्योत लेकर मां कंकाली माता के दरबार बड़ौद पहुंचते हैं। इसके बाद मां कंकाली माता मंदिर में विधि-विधान से ज्योत प्रज्वलित की जाती है, जो पूरे नौ दिनों तक अखंड रूप से जलती रहती है। जो पिछले 32 वर्षों से चली आ रही यह परंपरा मां के प्रति भक्तों की अटूट आस्था, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। नवरात्रि के दौरान मंदिर में माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्री बाल नव दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिवर्ष इस धार्मिक परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। पैदल ज्योत यात्रा में रंग लाल सोनी, हरीश वर्मा आनंदस्वरूप श्रीवास्तव ,चन्द्रेश शर्मा , जितु मकवाना, जगदीश शर्मा, महेश सोनी, शिवनारायण,विनोद परमार, सहित मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

मुस्लिम समाज के मुल्तानी परिवार ने गौशाला की लिये उपलब्ध कराया पशु आहार



महिदपुर रोड। नगर की समाजसेवी संस्था श्री सांवरिया सेठ पैदल यात्रा संघ द्वारा नगर में घर-घर से गोगापुर गांव किनारे स्थित गौशाला की गायों के लिए रोटी, पशु आहार तथा अन्य गौ माता के आहार में उपयोग में आने वाली वस्तुओं के संग्रहण के लिये चलाये जा रहे गौ सेवा रथ में नगर की युवा उत्सव पूर्वक सहयोग कर रहे हैं ब्राह्मण समाज के समाज सेवी आनंद त्रिवेदी ने बताया नगर मुस्लिम समाज के मुल्तानी परिवार के युवा समाज फिरोज मुल्तानी ने गौशाला की गायों के लिये अपनी और से 25 किलो बाजरा पशु आहार के रूप में उपलब्ध करा या नगर मुस्लिम समाज के अन्य परिजन भी यथा संभव रोजाना नगर में गौ माता के लिये रोटियां एकत्रित करने वाले वाहन में पशु आहार के रूप में काम आने वाली सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं

नप उपचुनाव में भाजपा की जीत के बाद सीएम से राणा सहित विजय प्रत्याशी ने की भेंट

सुसनेर। नगर परिषद सुसनेर में अध्यक्ष पद के उपचुनाव में भाजपा की जीत के बाद सीएम डॉक्टर मोहन यादव से सुसनेर उप चुनाव के पर्यवेक्षक उज्जैन उत्तर विधानसभा के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा एवं उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय एवं इस जीत को दिलाने में सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाले पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर सौरभ जैन सहित नगर परिषद सुसनेर के अध्यक्ष पद के उप चुनाव में 960 मतों से निर्वाचित हुए भाजपा के विजयी प्रत्याशी नगर परिषद अध्यक्ष के नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने शनिवार देर रात मुख्यमंत्री निवास पर सौजन्य भेंट की।

नवरात्रि व्रत में वर्कआउट करें या नहीं?

नवरात्रि व्रत के दौरान वर्कआउट करने में कोई बुराई नहीं है। हालांकि, इस संबंध में आपको अपनी सेहत पर अधिक गौर करना चाहिए। अगर कमजोरी महसूस न हो और ब्लड शुगर का स्तर संतुलित है, तो वर्कआउट कर सकते हैं। जानें, इस संबंध में अन्य जरूरी जानकारियां।


नवरात्रि में कई लोग पूरे 9 दिनों का व्रत रखते हैं और मां दुर्गा के प्रति अपनी आस्था का प्रदर्शन करते हैं। ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है, जो व्रत रखते हुए नियमित रूप से वर्कआउट करते हैं। इसलिए, यह सवाल जरूर उठता है कि क्या 9 दिनों का व्रत रखते हुए एक्सरसाइज करना सुरक्षित होता है? इस बारे में डॉ. यश अग्रवाल का कहना है, व्रत में भी आप वर्कआउट कर सकते हैं। इसमें कोई दिक्कत की बात नहीं है। हालांकि, व्रत करते हुए कुछ जरूरी बातों पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है। जैसे एक्सरसाइज करने की तय समय सीमा क्या होनी चाहिए और क्या इन दिनों हाई इंटेंसिटी वाले वर्कआउट करना सेफ होता है? असल में, हर व्यक्ति का शरीर अलग होता है, स्वास्थ्य समस्याएं अलग-अलग होती हैं। इसी के आधार पर व्यक्ति विशेष को वर्कआउट को मोडिफाई करना चाहिए।



नवरात्रि व्रत में एक्सरसाइज के लिए सही समय क्या है?

अगर आप उन लोगों में से हैं, जिन्हें वर्कआउट करना काफी पसंद है और व्रत के बावजूद इसकी निरंतरता को तोड़ना नहीं चाहते हैं। ऐसे में व्रत के दौरान वर्कआउट का सही समय जान लेना जरूरी है, जैसे-

सुबह 9.00 से 11.00 के बीचः व्रत के समय बिल्कुल सुबह-सुबह वर्कआउट नहीं करना चाहिए। इसके बजाय 9.00 से 11.00 के बीच यानी स्नैक्स खाने के बाद वर्कआउट करना सही होता है। स्नैक्स में आप केला, ठंडा दूध आदि का सेवन कर सकते हैं।



व्रत के दौरान शरीर पर वर्कआउट का प्रभाव

व्रत के दिनों में वर्कआउट करने से शरीर पर कई तरह से असर पड़ता है, जैसे-

एनर्जी में कमीः नवरात्री के शुरूआती दिनों में भले ही व्रत करने से आपको थकान या कमजोरी महसूस न हो, लेकिन जैसे-जैसे दिन बीतते जाएंगे, वर्कआउट करने की वजह से थकान और कमजोरी होने लगेगी।

चक्कर आनाः खाली पेट या देर रात वर्कआउट करना, दोनों ही सेहत के लिए सही नहीं है। लंबे समय तक खाली पेट रहने के कारण ब्लड शुगर का स्तर तेजी से गिर जाता है। ऐसे में चक्कर आना, सिर घूमना जैसी समस्या होने लगती है।

मसल्स का टूटनाः चूंकि, नवरात्रि में व्रत करते हुए डाइट में प्रोटीन की कमी हो जाती है। ऐसे में अगर आप हाई इंटेंसिटी वाले वर्कआउट करते हैं, तो मसल्स ब्रेकडाउन का जोखिम भी उठाना पड़ सकता है।

नवरात्रि व्रत के दौरान वर्कआउट करें या नहीं?

नवरात्रिव्रत के दौरान वर्कआउट करना है या नहीं, इससे पहले यह जान लें कि इतने दिनों तक व्रत करने का शरीर पर क्या असर पड़ता है? एक शोध पत्र से पता चलता है, वयस्क पुरुष 10 दिनों तक के लिए सहजता से व्रत कर सकते हैं। इससे उनके शरीर के अंगों पर कोई गहरा असर नहीं पड़ता है। हालांकि साल 2025 में एक शोध के अनुसार, 7 दिनों के लंबे उपवास के बावजूद लोगों की शारीरिक क्षमता और मांसपेशियों की ताकत में कोई बड़ी गिरावट नहीं आती। फास्टिंग के दौरान एक्सरसाइज करते समय शरीर फैट को एनर्जी के रूप में यूज करता है, ताकि मांसपेशियों की जरूरतें पूरी हो सकें।

यश अग्रवाल के अनुसार, नवरात्रि में व्रत करते हुए आप वर्कआउट कर सकते हैं, बस इस बात का ध्यान रखें कि हाई इंटेंसिटी वाले वर्कआउट न करें, ताकि आपके शरीर की एनर्जी को लंबे समय तक स्टोर किया जा सके। आमतौर पर नवरात्रि में व्रत करते हुए लोग प्रोटीन कम और कार्ब्स ज्यादा लेने लगते हैं। ऐसे में आपका शरीरी एनर्जी के लिए पहले से स्टोर हुए ग्लाइकोजेन पर आश्रित हो जाता है। इसलिए, इन दिनों वही वर्कआउट करें, जिससे मसल लॉस न हो, थकान कम लगे और शरीर में पानी की कमी न हो।

गुड़ या शहद वजन कम करने में क्या बेहतर...?

चीनी के बजाय लोग गुड़ या शहद लेना ज्यादा पसंद करते हैं, लेकिन क्या गुड़ या शहद में कैलोरी कम होती है? क्या गुड़ या शहद लेने से वजन कम करने में मदद मिलती है? डायबिटीज के मरीजों के लिए दोनों में से क्या बेहतर है? इन सभी पहलुओं पर न्यूट्रिशनिस्ट ने विस्तार से बात की।



वजन कम करने के लिए लोग गुनगुने पानी में शहद डालकर पीते हैं या फिर चाय में चीनी की जगह गुड़ डालना पसंद करते हैं। ऐसे करते हुए लोगों को लगता है कि शहद या गुड़ नेचुरल होता है, तो वजन कम करने में फायदेमंद होगा, लेकिन जब बात कैलोरी, वजन घटाने और ब्लड शुगर की आती है, तो गुड़ या शहद कितने बेहतर हो सकते हैं? कैलोरी की बात करें, तो बराबर वजन में शहद के मुकाबले गुड़ से ज्यादा एनर्जी मिलती है, लेकिन इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि शहद को ज्यादा मात्रा में नहीं खाना चाहिए। हालांकि, इसके साथ यह ध्यान रखना चाहिए कि आप एक बार में कितनी मात्रा में खा रहे हैं। गुड़ में मौजूद नमी और बनावट के कारण कैलोरी की मात्रा कुछ अलग हो सकती है।

अगर कोई वजन कम करने के लिए सिर्फ चीनी की जगह गुड़ या शहद इस्तेमाल करने से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। वजन कम करने के लिए दिनभर में ली गई कुल कैलोरी और शरीर की जरूरत के बीच संतुलन मायने रखता है। इसे उदाहरण के तौर पर समझाया जा सकता है। जैसे अगर कोई वजन कम करना चाहता है और दिन में कई बार चाय पीते समय गुड़ डालात है, तो दिनभर में कई बार ली गई चाय कैलोरी की मात्रा बढ़ा सकती है। इसलिए वजन कम करने वाले लोगों को मीठे पर कंट्रोल करने की जरूरत है। गुड़ या शहद को हेल्दी समझकर खाने से वजन कम करने में मदद नहीं मिलेगी। व्यक्ति को दिनभर के मीठे पर ही कंट्रोल करना होगा।

क्या शहद को गुड़ से ज्यादा हेल्दी माना जा सकता है?

शहद में मुख्य रूप से शुगर होती है, लेकिन इसे भी कम कैलोरी का नहीं माना जा सकता है। लोग शहद को ज्यादा सेहतमंद मानकर थोड़ा ज्यादा डाल देते हैं, इससे कैलोरी की मात्रा बढ़ जाती है। दूसरी तरफ, चीनी के मुकाबले गुड़ को कम प्रोसेस किया जाता है। इसमें आयरन, कैल्शियम और पोटैशियम जैसे कुछ मिनरल्स थोड़ी मात्रा में मिल सकते हैं। फिर भी गुड़ को इन पोषक तत्वों का प्रमुख स्त्रोत मानना सही नहीं होगा। जैसैकि अगर किसी को आयरन की कमी है, तो सिर्फ गुड़ खाने से उस कमी को नहीं किया जा सकता है। इसलिए गुड़ में कुछ मिनरल्स होना या शहद में कुछ बायोएक्टिव कंपाउंड मिलने से इसे ज्यादा मात्रा में नहीं खाया जा सकता है।

Sport

पाकिस्तान टी-20 में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर जीता

श्रीलंका को 82 रन से हराया, सीरीज में 2-0 की बढ़त

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान ने दूसरे टी-20 इंटरनेशनल में श्रीलंका को 82 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। श्रीलंकाई टीम घर से बाहर लगातार तीसरी टी-20 सीरीज हारी है।

पाकिस्तान ने रविवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 215 रन बनाए। यह टी-20 इंटरनेशनल में पाकिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। टीम का सर्वोच्च स्कोर 232/6 है, जो उसने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था। जवाब में श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 133 रन ही बना सकी। तेज गेंदबाज मोहम्मद इमरान ने 11 रन देकर 3 विकेट लिए। इससे पहले माज सदाकत ने 51 गेंदों पर 96 और कप्तान साहिबजादा फरहान ने 73 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों को कैच छूटने का फायदा मिला। श्रीलंका की खराब फील्डिंग का पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने पूरा फायदा उठाया। कप्तान साहिबजादा फरहान जब 11 रन पर थे, तब सिनेथ जयवर्धने ने उनका आसान कैच छोड़ दिया। इससे पहले बिनुरा फर्नांडो के ओवर में महेश तीक्षणा ने भी उनका मुश्किल कैच टपकाया था।



माज सदाकत 4 रन से शतक चूके

कैरेबियन प्रीमियर लीग में लगातार दो शतक लगाने वाले बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज माज सदाकत ने अपनी फॉर्म जारी रखी। 44 रन के निजी स्कोर पर नुवान तुषारा ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच छोड़ दिया था। सदाकत ने 51 गेंदों पर 7 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 96 रन बनाए। पारी की आखिरी गेंद पर ईशान मलिंगा की गेंद पर डीप कवर में कैच आउट होने से वह अपने पहले टी20 इंटरनेशनल शतक से चूक गए।

सदाकत ने कहा, मैं अपनी फॉर्म का पूरा फायदा उठाना चाहता था। मुझे खुद पर भरोसा था। मैं सकारात्मक इरादे से बल्लेबाजी करना और सही गेंदों पर बाउंड्री लगाना चाहता था। 216 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत खराब रही। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज सलमान मिर्जा ने पहले ही ओवर में लहिरु उदारा को आउट कर दिया। इसके बाद अपना दूसरा टी-20 इंटरनेशनल खेल रहे मोहम्मद इमरान ने स्विंग गेंदबाजी से श्रीलंका के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। इमरान ने 4 ओवर में 11 रन देकर सिनेथ जयवर्धने (22), कप्तान कुसल मेंडिस (9) और सहन अराचिगे (0) के विकेट लिए। श्रीलंका ने 8वें ओवर तक 49 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे और इसके बाद टीम संभल नहीं सकी। श्रीलंका की ओर से महेश तीक्षणा ने 26 गेंदों पर नाबाद 32 रन बनाए, जबकि चमिंडु विक्रमासिंघे ने 24 गेंदों पर 29 रन की पारी खेली। श्रीलंका के कप्तान कुसल मेंडिस ने हार के बाद कहा कि बल्लेबाजों को, उनमें खुद भी शामिल हैं, जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने कहा, ह्यिह बैटिंग के लिए अच्छी पिच थी। हमें कम से कम 200 रन बनाने चाहिए थे। मेंडिस ने कहा- पिछले कुछ टूनार्मेंट में हमारी फील्डिंग अच्छी रही थी, लेकिन इस सीरीज के दोनों मैचों में हम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके।

चंडीगढ़ को 78 रन पर समेटा

नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी 2026-27 के दूसरे दिन मुंबई के तुषार देशपांडे ने चंडीगढ़ के खिलाफ हैट्रिक लेकर पांच विकेट पूरे किए। उनकी गेंदबाजी के सामने चंडीगढ़ की पहली पारी महज 78 रन पर सिमट गई। मुंबई ने 429 रन बनाने के बाद फॉलोऑन दिया और दूसरी पारी में भी चंडीगढ़ का एक विकेट गिरा दिया। दूसरी ओर, विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर दोहरे शतक से सिर्फ 2 रन दूर रह गए। सौराष्ट्र के प्रेरक मांकड़ और रवींद्र जडेजा ने शतक लगाए। बंगाल के सुदीप कुमार घरामी और अभिषेक पोरेल ने दिल्ली के खिलाफ नाबाद शतकीय पारियां खेलकर टीम को बढ़त दिलाई। पंजाब की ओर से खेल रहे उमेश यादव ने भी असम के खिलाफ दो साल बाद फर्स्ट क्लास क्रिकेट में वापसी करते हुए पांच विकेट हासिल किए।

राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय की 24 बॉल में फिफ्टी

नई दिल्ली। राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय ने वीनू मांकड़ ट्रॉफी में दिल्ली के खिलाफ 24 बॉल में फिफ्टी लगा दी। 17 साल के कप्तान अन्वय ने 41 गेंदों में 85 रन बनाए। उनकी इस पारी में 7 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। अन्वय ने 207.32 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। विशाखापट्टनम में खेले गए इस मुकाबले अंडर-19 वनडे मैच में कर्नाटक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49 ओवर में 4 विकेट पर 418 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की टीम 220 रन पर ऑलआउट हो गई। कर्नाटक ने यह मैच 198 रन से जीत लिया। कर्नाटक की ओर से ध्रुव कृष्णन ने केवल 51 गेंदों में 103 रन बनाए।

दिल्ली में ही होगा भारत-श्रीलंका पहला वनडे

वेन्यू बदलने की खबरों को बीसीसीआई ने नकारा; 13 दिसंबर को मैच

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बीसीसीआई ने भारत और श्रीलंका के बीच 13 दिसंबर को दिल्ली में होने वाले पहले वनडे का वेन्यू बदलने की खबरों को खारिज कर दिया है। बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने साफ किया कि मैच को दिल्ली से अहमदाबाद शिफ्ट करने का कोई फैसला नहीं हुआ है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर वेन्यू की तैयारी पर सवाल उठे थे। इसी के बाद मैच अहमदाबाद में कराए जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं।

सैकिया ने सोमवार को कहा कि अरुण जेटली स्टेडियम में ही मुकाबला खेला जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बीसीसीआई द्विपक्षीय सीरीज के मैचों के वेन्यू तय करने के लिए अपनी मानक नीति का पालन करता है। अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर आशंका जताई जा रही थी कि स्टेडियम 13 दिसंबर को होने वाले इंटरनेशनल मैच की मेजबानी के लिए समय पर तैयार होगा या नहीं। इसी आधार पर रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि पहला वनडे अहमदाबाद में कराया जा सकता है।





भारत और श्रीलंका के बीच यह व्हाइट-बॉल सीरीज 13 से 27 दिसंबर तक खेली जानी है। इसमें 3 वनडे और 3 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले शामिल हैं। वनडे सीरीज का पहला मैच दिल्ली, दूसरा बेंगलुरु और तीसरा अहमदाबाद में खेला जाना तय है।

नैनो न्यूज

- **जडेजा का रणजी में शानदार शतक-** रवींद्र जडेजा ने सौराष्ट्र की ओर से खेलते हुए छत्तीसगढ़ के खिलाफ 102 रन बनाए। उनके शतक से टीम ने पहली पारी में 392 रन बनाए।
- **अन्वय द्रविड़ की तूफानी बल्लेबाजी-** राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ ने अंडर-19 क्रिकेट में दिल्ली के खिलाफ 41 गेंदों पर 85 रन बनाए। कर्नाटक ने चार विकेट पर 418 रन बनाए।
- **भारतीय पैरा साइकिलिस्टों का प्रदर्शन-** एशियन पैरा गेम्स 2026 के चयन से बाहर किए जाने पर भारतीय पैरा साइकिलिस्टों ने दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग उठाई।
- **भारत-श्रीलंका मैच दिल्ली में होगा-** बीसीसीआई ने स्पष्ट किया कि भारत और श्रीलंका के बीच पहला वनडे 13 दिसंबर को दिल्ली में ही खेला जाएगा। आयोजन स्थल बदलने की अटकलों को बोर्ड ने खारिज कर दिया।
- **इंग्लैंड की वनडे सीरीज घोषित-** इंग्लैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच वनडे त्रिकोणीय सीरीज 18 से 31 अक्टूबर तक खेली जाएगी। फाइनल मुकाबला 31 अक्टूबर को लाहौर में निर्धारित है।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

गौकशी की घटनाओं के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

झाबुआ। झाबुआ जिले में गोकशी की घटनाओं के विरोध में सोमवार को राष्ट्रीय आदिवासी क्रांति सेना, जयस और सर्व समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। सभी लोग अंबेडकर पार्क में जुटे और रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम महेश मंडलोई को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संजेली, रूपगढ़, मोहनपुरा और बेडावली में हुई गोकशी की घटनाओं की निंदा की गई। संगठनों ने मामलों की निष्पक्ष जांच कराने, एफआईआर की प्रगति सार्वजनिक करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

गुस्साए लोगों ने मीटर उखाड़ कर बिजली दफ्तर में जमा किए

धार। धार जिले के लेबड़ में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में रहवासियों ने आक्रोश जताया। रहवासी अपने घरों से स्मार्ट मीटर निकालकर विद्युत वितरण केंद्र घाटा बिल्लौद पहुंचे। आवेदन के साथ मीटर अधिकारियों को सौंप दिए। उन्होंने पुराने बिजली मीटर दोबारा लगाने और समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की। रहवासियों का कहना है कि उनकी सहमति के बिना घरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए। कई बार शिकायत करने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हुई।

आजाद समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

धार। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की जिला स्तरीय बैठक सोमवार सुबह जिला अध्यक्ष आशीष चौहान के नेतृत्व में हुई। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी विनोद यादव अंबेडकर और भीम आर्मी के प्रदेश सचिव गोविंद खारीवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, आगामी रणनीति और जन आंदोलनों को लेकर चर्चा की गई। प्रदेश प्रभारी विनोद यादव अंबेडकर और गोविंद खारीवाल ने कहा कि पार्टी किसान, मजदूर, शोषित और वंचित वर्ग के हक-अधिकारों की लड़ाई को मजबूती से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

बिजली-पानी की समस्या पर कांग्रेस का प्रदर्शन



राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा; क्षेत्र को सूखा घोषित कर किसानों को मुआवजे की मांग

झाबुआ। झाबुआ जिले के पेटलावद में बिजली और पानी की समस्याओं को लेकर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक वालसिंह मेडा के नेतृत्व में कार्यकर्ता पुराने तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार यशपाल मुजाल्दे को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें किसानों की समस्याओं के समाधान और प्रशासन से तुरंत कदम उठाने की मांग की गई। ज्ञापन में कांग्रेस ने माही डैम में नर्मदा का पानी लाने, पेटलावद को सूखा घोषित कर किसानों को मुआवजा देने और बिजली कटौती पर रोक लगाने की मांग की। इसके अलावा फसल बीमा, फोरलेन के मुआवजे और स्वामित्व योजना के सर्वे में सुधार की मांग भी उठाई गई। कांग्रेस ने ज्ञापन में कहा कि पेटलावद के किसान मौसम की मार और सुविधाओं के अभाव से परेशान हैं। पार्टी ने किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक वालसिंह मेडा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सलीम शेख, ब्लॉक उपाध्यक्ष भारत मुलेवा, जिला उपाध्यक्ष हनुमंतसिंह डाबड़ी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नैनो न्यूज

- **डिजिटल भुगतान शुल्क पर व्यापारी चिंतित-** इंदौर के व्यापारियों में डिजिटल भुगतान पर संभावित शुल्क को लेकर चिंता है। व्यापारियों का कहना है कि अतिरिक्त लागत से छोटे दुकानदारों का मुनाफा प्रभावित हो सकता है।
- **त्योहारों से बाजारों में बढ़ी हलचल-** त्योहारी सीजन को देखते हुए इंदौर के कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ज्वेलरी और घरेलू सामान बाजारों में कारोबार बढ़ने की उम्मीद है। व्यापारी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए नई रेंज तैयार कर रहे हैं।
- **व्यावसायिक भवनों में सुरक्षा जरूरी-** इंदौर में व्यावसायिक भवनों के संचालकों के लिए अग्नि सुरक्षा व्यवस्था महत्वपूर्ण बनी हुई है। दुकानों, शोरूम और कार्यालयों में सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता तथा आपातकालीन निकास पर ध्यान दिया जा रहा है।
- **प्रॉपर्टी कारोबार में दस्तावेजों की जांच-** इंदौर में जमीन और व्यावसायिक संपत्तियों में निवेश करने वाले खरीदार रजिस्ट्री, स्वामित्व और अनुमतियों की जांच पर जोर दे रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार सावधानी से निवेश जोखिम कम किया जा सकता है।
- **खुदरा बाजार में ऑनलाइन प्रतिस्पर्धा-** इंदौर के खुदरा कारोबारियों के सामने ऑनलाइन खरीदारी से प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। ग्राहक बनाए रखने के लिए दुकानदार बेहतर सेवा, आकर्षक ऑफर और सामान की विविधता पर ध्यान दे रहे हैं।

इंदौर में दशहरा पर्व को लेकर दशहरा मैदान पर तैयारियां तेज, दशहरा महोत्सव समिति रावण दहन की तैयारी में जुटी

अब बनेगी 250 फीट ऊंची लंका, 111 फीट के रावण का होगा दहन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

दशहरा पर्व को लेकर दशहरा मैदान पर तैयारियां तेज हो गई हैं। दशहरा महोत्सव समिति रावण दहन की तैयारी में जुटी है। रावण के दसों मुख बनाने का काम पूरा हो चुका है। अब उसका धड़ और 250 फीट ऊंची लंका तैयार की जाएगी। समिति के अनुसार, 20 अक्टूबर को शाम 7 बजे रावण और लंका का दहन किया जाएगा।

दशहरा मैदान दशहरा महोत्सव समिति के संयोजक सत्यनारायण सलवाडिया और पिंटू जोशी ने बताया कि कलाकार लगातार निर्माण कार्य में जुटे हैं। रावण और लंका बनाने में मनोज तोमर, अतुल हर्निया, राजेश छैबला, गणेश विजयराय, प्रवीण हड़गांवकर, राकेश वर्मा और विनय हड़गांवकर सहित अन्य कलाकार योगदान दे रहे हैं।



समिति के संयोजक सलवाडिया ने बताया कि दशहरा मैदान पर रावण दहन के दौरान पिछले 50 वर्षों से गेरा परिवार की खेमा एजेंसी निशुल्क आतिशबाजी करती आ रही है। इस साल भी रंग-बिरंगी आतिशबाजी की जाएगी, जो रावण और लंका दहन के साथ दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी।

आयोजन की तैयारियों में जुटे पदाधिकारी

दशहरा महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए समिति के पदाधिकारी व्यवस्थाओं में जुटे हैं। इनमें सुरेश मिंडा, नारायण सिंह यादव, प्रहलाद शर्मा, जितेंद्र रावरिया, वीरू झंझोट और शंकर चिंतामणि सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।

शहर में अन्य जगहों पर भी होगा रावण दहन

दशहरा मैदान के अलावा इंदौर में उषागंज-छावनी, चिमनबाग मैदान, जेल रोड, तिलक नगर और विजय नगर में भी रावण दहन किया जाएगा। इसके अलावा शहर की कई कॉलोनियों और मोहल्लों में भी आयोजन होंगे।

मांगों को लेकर राजपूत करणी सेना छात्र संगठन का प्रदर्शन, बोले-जवाब देना होगा वरना प्राण त्याग देंगे

होलकर कॉलेज के बाहर स्टूडेंट भूख हड़ताल पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

होलकर साइंस कॉलेज के बाहर सोमवार दोपहर अपनी मांगों को लेकर दो स्टूडेंट अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए। उनका कहना है कि जब तक वे भूख हड़ताल कर सकते हैं तब तक वे यहां बैठेंगे। ये दोनों स्टूडेंट्स राजपूत करणी सेना छात्र संगठन के पदाधिकारी भी हैं।

उनका कहना है कॉलेज द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर उन्होंने यह कदम उठाया है। पूरा मामला पिछले महीने गणेश चतुर्थी के दौरान हुई मारपीट की घटना का है। भूख हड़ताल पर राजपूत करणी सेना छात्र संगठन के होलकर कॉलेज के उपाध्यक्ष व स्टूडेंट हर्ष तिवारी अपने जिला अध्यक्ष साथी श्याम शुक्ला के साथ बैठे हैं।

25 सितंबर को हुआ विवाद, सस्पेंशन 24 तारीख को- हर्ष का कहना है कि 25 सितंबर को दो गुटों में विवाद हुआ था, जिसमें उन्हें और उनके सात साथियों को टीसी दे दी और एफआईआर भी दर्ज करा दी। टीसी उन्हें 25 सितंबर को हुए विवाद के लिए दी, लेकिन सस्पेंशन लेटर वेबसाइट में 24 सितंबर को ही तैयार कर दिया।



लेटर में 24 तारीख डली हुई है और उसमें ऑफिशियल सील साइन भी है। यहां अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे हैं। इसका जवाब कॉलेज प्रबंधन को देना होगा, वरना हम यहां अपना प्राण त्याग देंगे। हम जितने दिन भूखे रह सकते हैं उतने दिन अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगे।

एक पक्षीय कार्रवाई पर भी नाराजगी

- हर्ष का आरोप है कि घटना की पटकथा एक दिन पहले ही लिख दी गई थी, सस्पेंशन 24 तारीख को ही निर्णय लेकर कर दिया गया। हमें इसका जवाब चाहिए। दो पक्षों के विवाद में छीना-झपटी हुई पर एक पक्ष पर कार्रवाई की।
- इसके बाद मुझे और मेरे साथियों को कई चीजों को फेस करना पड़ा। हर्ष बताते हैं कि वह एक स्कॉलर स्टूडेंट हैं। मेधावी स्कॉलशिप से यहां पढ़ाई कर रहे हैं और हमेशा ए ग्रेड से पास हुए हैं। इस कार्रवाई ने उनके नाम के आगे अपराधी जोड़ दिया। उनकी मांग है कि यह निलंबन खारिज किया जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो। उनके इस अनिश्चितकालीन हड़ताल को कुछ और भी स्टूडेंट्स का समर्थन मिल रहा है।

जियो ने पेट्रोल-डीजल के बढ़ाए दाम

पेट्रोल 5 और डीजल 3 रुपए महंगा, जानकारी सार्वजनिक नहीं होने से पेट्रोल पंप पहुंचने पर मिल रही खबर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

रिलायंस जियो के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए गए हैं। पेट्रोल 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल 3 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है।

नई दरें 11 अक्टूबर की सुबह 6 बजे से लागू की गईं। कीमतों में बढ़ोतरी की अधिकृत जानकारी सार्वजनिक नहीं किए जाने के कारण कई ग्राहकों को अगले दिन पेट्रोल पंप पहुंचने पर नए भाव का पता चला।

इंदौर पेट्रोल-डीजल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्रसिंह वासु ने कीमतों में बढ़ोतरी की पुष्टि की है। हालांकि कंपनी की ओर से अब तक बढ़ोतरी के कारणों को लेकर कोई अधिकृत जानकारी सामने नहीं आई है। नई दरें लागू होने के बाद रिलायंस जियो के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल भरवाने वाले ग्राहकों को प्रति लीटर 5 रुपए और डीजल खरीदने वालों को 3 रुपए अतिरिक्त चुकाने पड़ रहे हैं। इस हिसाब से 10 लीटर पेट्रोल भरवाने पर 50 रुपए और 10 लीटर डीजल भरवाने पर 30 रुपए ज्यादा खर्च होंगे।



पेट्रोल पंप पहुंचने पर पता चल रहा नए भाव का- 11 अक्टूबर की सुबह से नई कीमतें लागू होने के बावजूद बढ़ोतरी की जानकारी सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आने के कारण ग्राहकों को नए भाव का पता पेट्रोल पंप पहुंचने पर चल रहा है। इससे ईंधन भरवाने पहुंचे लोगों के बीच असमंजस की स्थिति बन रही है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी किस आधार पर की गई और इसकी अधिकृत सूचना सार्वजनिक क्यों नहीं की गई, इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है।

लिव इन पार्टनर की पत्नी ने महिला को पीटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

गांधी नगर में मारपीट के दो मामले सामने आए हैं। पहले मामले में एक महिला ने अपने पति की प्रेमिका के साथ परिवार की अन्य महिलाओं के साथ मिलकर मारपीट की। आरोप है कि महिला के सिर पर पत्थर से वार किया गया। वहीं, दूसरे मामले में जमीन पर कब्जे को लेकर एक किसान के साथ दंपती ने मारपीट की। गांधी नगर पुलिस ने दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज की है। गांधी नगर पुलिस ने महिला पूजा की शिकायत पर रीना चौधरी, सविता चौधरी, भूरीबाई और एक अन्य महिला के खिलाफ मारपीट की एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, पूजा ने बताया कि उसका रवि चौधरी से दो साल से अफेयर चल रहा है। दोनों शादी करने वाले हैं और गांधी नगर इलाके में लिव-इन में रह रहे हैं। रविवार को रवि की पत्नी रीना और मां भूरीबाई कमरे पर आईं। उन्होंने रवि के साथ रहने को लेकर आपत्ति जताई।

इंदौर में दिनदहाड़े ताले तोड़कर लाखों की चोरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में पत्थर मुंडला आरटीओ रोड स्थित 6 मंजिला स्टार बेन्स बिल्डिंग में दिनदहाड़े चोरी हो गई। चोरों ने दूसरी मंजिल पर स्थित सूने फ्लैट का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ली। घटना रविवार दोपहर की है। परिवार नवरात्रि पूजन में शामिल होने गया था। सोमवार को पीड़ित परिवार शिकायत करने थाने पहुंचा। फ्लैट में रहने वाले गोलू जायसवाल रविवार दोपहर करीब 3 बजे पत्नी और दोनों बच्चों के साथ अपने बड़े भाई के घर आयोजित नवरात्रि पूजन और आरती में शामिल होने बिहाड़िया गए थे।

अप्रतिम का शुभारंभः 4 हजार से अधिक विद्यार्थी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आईआईएसटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स इंदौर द्वारा आयोजित मध्य भारत की सबसे सबसे बड़ी अंतर्विद्यालयीन प्रतियोगिताओं में से एक अप्रतिम प्रज्ञा 2026 एवं अप्रतिम इंटर-स्कूल स्पोर्ट्स लीग 2026 का भव्य शुभारम्भ आईआईएसटी परिसर में हुआ।



12 से 14 अक्टूबर तक आयोजित इस तीन दिवसीय आयोजन में इंदौर और आसपास के क्षेत्रों के 150 से अधिक प्रतिष्ठित विद्यालयों के 4 हजार से अधिक विद्यार्थी अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता, खेल कौशल और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

समारोह का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अनुशासन, उत्साह और एकजुटता का परिचय देते हुए भव्य मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं आईआईएसटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के ग्रुप एडवाइजर अरुण एस. भटनागर ने अप्रतिम 2026 की मशाल प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। समारोह में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के बैंड ने गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया।

भाजपा कार्यकर्ता से मारपीट मामले में 48 घंटे में बदले पुलिस के बयान

पहले 7 के सस्पेंशन की बात, अंत में 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड, टीआई लाइन अटैच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एरोड्रम थाने में भाजपा कार्यकर्ता पं. जयदीप दुबे और उनके बहनोई पंकज शुक्ला के साथ कथित मारपीट के मामले को तीन दिन होने जा रहे हैं, लेकिन घटनाक्रम अब भी सवालों के घेरे में है। कार्रवाई से ज्यादा चर्चा पुलिस अधिकारियों के बदलते बयानों की हो रही है।

घटना वाली रात पहले टीआई समेत सात पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने की बात कही गई। इसके बाद चार से पांच पुलिसकर्मियों की भूमिका सामने आने का बयान आया और अंत में चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर टीआई वेदेंद्र सिंह को लाइन अटैच किया गया। राजनीतिक दबाव और प्रभाव के बीच फरियादी भाजपा कार्यकर्ता और पुलिस की थ्योरी भी अलग-अलग रही। दूसरी ओर, पुलिस, जयदीप दुबे और पड़ोसी पक्ष के बयानों में भी अंतर है। पुलिस के मुताबिक, दुबे का पड़ोसी से विवाद हुआ था और मारपीट का वीडियो सामने आया। इसके बाद वे थाने पहुंचे, जहां देर रात तक घटनाक्रम चलता रहा। जयदीप का आरोप है कि वे शिकायत दर्ज कराने पहुंचे थे, लेकिन थाने में उनके साथ मारपीट की गई और उन्हें घसीटा गया। पड़ोसी पक्ष ने विवाद की शुरूआत वाहन चलाने को लेकर होने का दावा किया है।

रविवार को सीने में तेज दर्द के बाद जयदीप को निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। परिजनों ने उनकी तबीयत बिगड़ने की वजह मारपीट को बताया, जबकि डॉक्टरों की ओर से हार्ट अटैक की आशंका जताए जाने की जानकारी सामने आई है। इसकी पुष्टि करने वाली मेडिकल रिपोर्ट उपलब्ध होने की जानकारी नहीं है।

शनिवार देर रात टीआई को हटाने की जानकारी दी गई। बाद में स्पष्ट किया गया कि उन्हें लाइन अटैच किया गया है। उनके स्थान पर एसआई संजय विश्नोई को थाने का प्रभार सौंपने का आदेश जारी हुआ। इस तरह शुरूआती घोषणा और अंतिम कार्रवाई के बीच अंतर सामने आया। सवाल यह है कि शुरूआत में सात पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने की बात कहने के बाद कार्रवाई का दायरा कैसे बदला और क्या यह बदलाव जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर हुआ?

घटना की जानकारी रात में ही भोपाल तक पहुंच गई

घटना वाली रात थाने पर हुए हंगामे के बाद मामला तेजी से राजनीतिक और पुलिस-प्रशासनिक स्तर तक पहुंच गया। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, घटना की जानकारी रात में ही भोपाल तक पहुंच गई थी। आधी रात को मौके पर पहुंचे एडिशनल डीसीपी सुमित केरकट्टा ने कैमरे के सामने टीआई वेदेंद्र सिंह समेत सात पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने और एफआईआर दर्ज करने की बात कही थी। इसके बाद सुबह करीब पांच बजे प्रदर्शन समाप्त हुआ। मामला मीडिया की सुर्खियों में आने के बाद पुलिस अधिकारियों के बयानों में बदलाव दिखा। एडिशनल डीसीपी (क्राइम) राजेश दंडोतिया ने कहा कि घटना में चार से पांच पुलिसकर्मियों की भूमिका सामने आई है और उन्हें सस्पेंड किया गया है। इस बयान में टीआई की भूमिका और उन पर कार्रवाई को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संर्पक करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com